शर्मा हार्डওয়্যার
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 134 | गुवाहाटी | रविवार, 10 दिसंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

किताबों की लाइब्रेरी देखी थी मनी लाइब्रेरी नहीं : भवेश कलिता पेज 3
देश के हर कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर उत्साह : प्रधानमंत्री पेज 4
पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा नए भारत का दर्शन : योगी पेज 5
गहलोत का भाजपा से सवाल, छह दिन में क्यों नहीं कर पाए सीएम के नाम की घोषणा पेज 8

পূর্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

Door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*महान कार्य करने का एक ही तरीका है की आप जो भी कर रहे हो उसे प्यार करो। यदि आपको अबतक ऐसा काम नही मिला, तो ढूंढते रहो। न की एक ही जगह बैठे रहो।*

– स्टीव जॉब्स

# भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेंगे : सीएम



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने भ्रष्ट आचरण में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का संकल्प लिया है। उन्होंने भ्रष्ट आचरण में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री ने आज एक्स पर अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस के अवसर पर लिखा कि लंबे समय से देश भ्रष्टाचार की बुराई से त्रस्त है। विकासात्मक कार्य अस्त-व्यस्त हो रहे हैं और इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में पदभार संभालने के बाद इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। उन्होंने लिखा कि अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर, हम भ्रष्टाचार विरोधी और ऐसे कृत्यों में लिप्त किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। असम सरकार भ्रष्ट आचरण और भ्रष्टाचार में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ अपने सख्त प्रयास जारी रखे हुए है। भ्रष्टाचार दुनिया भर के कई देशों में सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए खतरा है, यही कारण है कि इस दिन का उद्देश्य लोगों को इस शोषणकारी प्रथा को समाप्त करते हुए पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करना है।

## 2030 तक विकसित देशों को पीछे छोड़ देगा भारत : धनखड़



**बांसवाड़ा ( हि.स. )।** कुछ देश विरोधी लोग विदेशों में जाकर भारत की छवि बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं जबकि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। भारत 2030 तक विकसित देशों को पीछे छोड़ देगा। मौजूदा केंद्र सरकार ने विश्व पटल पर देश का मान बढ़ाया है। यह बात उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को बांसवाड़ा जिले के गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित छात्र शिक्षक संवाद के दौरान कही। उप राष्ट्रपति धनखड़ ने सरकार की उपलब्धियों की तारीफ करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार ने जनजाति वर्ग की महिला को देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद पर आसीन कराया है। धनखड़ ने परोक्ष रूप से पिछली सरकार के कार्यकाल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले दस सालों -शेष पृष्ठ दो पर

# असमिया मुस्लिमों का होगा सामाजिक आर्थिक मूल्यांकन, कैबिनेट ने दी मंजूरी



**गुवाहाटी।** असम की हिमंत विश्व शर्मा सरकार ने राज्य के स्वदेशी मुस्लिमों के सामाजिक-आर्थिक मूल्यांकन करने का फैसला किया है। असम सरकार ने कहा कि वह राज्य के स्वदेशी असमिया मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक आकलन करेगी। दरअसल, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में यह निर्णय लिया गया है। सीएम हिमंत विश्व ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी है। शर्मा ने लिखा कि स्वदेशी असमिया मुसलमानों का सामाजिक-आर्थिक आकलन अल्पसंख्यक मामलों के निदेशालय और चार क्षेत्रों के माध्यम से किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया है कि चार क्षेत्रों के विकास निदेशालय का नाम बदलकर अल्पसंख्यक मामलों और चार क्षेत्रों -शेष पृष्ठ दो पर

## राजस्थान : नई सरकार के गठन की कवायद तेज, आज आएंगे पर्यवेक्षक



**जयपुर ( हि.स. )।** राजस्थान की नई सरकार के गठन की कवायद तेज हो गई है। विधानसभा चुनाव में बहुमत के साथ जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी ने तीन पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। पर्यवेक्षकों के रविवार दोपहर तक जयपुर पहुंचने की संभावना है। पर्यवेक्षकों की विधायकों से चर्चा करने के बाद मुख्यमंत्री का नाम तय किया जाएगा जिसके बाद आधिकारिक रूप से सीएम के नाम की घोषणा की जाएगी। खास बात यह है कि अंदरखाने शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 16 दिसंबर से मलमास शुरू होना है। ऐसे में 15 दिसंबर से पहले सीएम एवं कई मंत्रियों -शेष पृष्ठ दो पर

## मुख्यमंत्री की दौड़ से बाहर हुए बाबा बालकनाथ



**जयपुर।** राजस्थान की तिजारा विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक बाबा बालकनाथ ने आगामी मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदारों में उनके नाम को लेकर चल रही चर्चाओं पर शनिवार को कहा कि लोग ऐसी चर्चाओं को नजरअंदाज करें। विधायक ने कहा कि उन्हें अभी प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में अनुभव प्राप्त करना है। बालकनाथ ने सोशल मीडिया मंच %एक्स% पर लिखा कि चुनाव परिणाम आने के बाद से मीडिया और सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं को नजरअंदाज करें। मुझे अभी प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में अनुभव प्राप्त करना है। इसके साथ ही उन्होंने लिखा है कि पार्टी ने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनता-जनार्दन ने पहली बार सांसद व विधायक बना कर राष्ट्र सेवा का अवसर दिया। उल्लेखनीय है कि राजस्थान राज्य -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### विपक्ष के नेता ने सिब्बल पर पलटवार किया

**गुवाहाटी।** सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील तथा नेता कपिल सिब्बल ने दावा किया था कि असम कभी म्यांमार का हिस्सा था। इसी पर असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने सिब्बल को पत्र लिखकर अपना बयान वापस लेने और माफी मांगने को कहा। मालूम हो कि इस सप्ताह की शुरुआत में नागरिकता मुद्दे पर सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय में पेश हुए सिब्बल ने दावा किया था कि असम म्यांमार का हिस्सा -शेष पृष्ठ दो पर

### तेलंगाना विस का सत्र शुरू, नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

**हैदराबाद ( हि.स. )।** तीसरी तेलंगाना विधानसभा का पहला सत्र शनिवार को शुरू हुआ। एमआईएम विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने प्रोटेम स्पीकर के रूप में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाई। हालांकि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक नियमित स्पीकर के कार्यभार संभालने के बाद शपथ लेंगे। सबसे पहले मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उसके -शेष पृष्ठ दो पर

## मणिपुर : नागा महिला की हत्या मामले में सीबीआई ने नौ लोगों के खिलाफ दायर की चार्जशीट



**नई दिल्ली।** मणिपुर हिंसा मामले में सीबीआई ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। मणिपुर में जातीय हिंसा के दौरान 15 जुलाई को केइबी गांव में भीड़ द्वारा एक 55 वर्षीय नागा महिला की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में सीबीआई ने नौ लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि गुवाहाटी में एक विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष आरोपपत्र दायर किया गया, जिसमें सीबीआई ने नौ लोगों पर अपराध करने का आरोप लगाया है। बता दें कि इस घटना को लेकर पहले -शेष पृष्ठ दो पर

*7.7 फीसदी की दर से बढ़ी देश की जीडीपी*

# पूरी दुनिया को भारत से उम्मीदें : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत की 7.7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि देश की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का प्रतिबिंब है। मोदी ने यहां आयोजित *इनफिनिटी फोरम 2.0* सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार *गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक- सिटी* (गिफ्ट सिटी) को नए युग की वैश्विक वित्तीय और प्रौद्योगिकी सेवाओं का वैश्विक केंद्र बनाना चाहती है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों में भारत ने 7.7 फीसदी की जीडीपी वृद्धि हासिल की है...आज पूरी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं और यह सिर्फ अपने आप नहीं हुआ। यह भारत की मजबूत होती अर्थव्यवस्था और पिछले 10 वर्षों में किए गए परिवर्तनकारी सुधारों का भी प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से देश की आर्थिक नींव मजबूत हुई है। कोविड-19 महामारी के दौरान जब अधिकांश देश केवल राजकोषीय और मौद्रिक राहत पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे, हमने दीर्घकालिक वृद्धि और आर्थिक क्षमता के विस्तार पर ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि इस साल सितंबर में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अनुमान लगाया था कि भारत की -शेष पृष्ठ दो पर

# उत्तराखंड पॉलिसी मेकर की भूमिका निभाएगा : अमित शाह



**देहरादून ( हि.स. )।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को उत्तराखंड वैश्विक निवेशक सम्मेलन में कहा कि आने वाले दिनों में उत्तराखंड पॉलिसी मेकर की भूमिका निभाएगा। यहां आईटी, पर्यटन और आयुष के क्षेत्र में ढेर सारी संभावनाएं हैं। पूरे देश की जिम्मेदारी है कि छोटे राज्यों का प्रयोग सफल बनाने के लिए आगे आएं। वन अनुसंधान संस्थान (एफआरआई) में आयोजित दो दिवसीय वैश्विक निवेशक सम्मेलन के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उत्तराखंड डेस्टिनेशन का यह समापन नहीं है बल्कि शुरुआत है। जब मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ढाई लाख करोड़ के लक्ष्य को रखा था, उस समय भी आश्चर्य किया रहा था, लेकिन आज साढ़े तीन लाख करोड़ के एमओयू होना मायने रखता है। यह उत्तराखंड ही नहीं देश के लिए खुशी का विषय है। अमित शाह ने सिलक्यारा सुरंग से निकाले गए 41 श्रमिकों के सफल ऑपरेशन के लिए मुख्यमंत्री धामी -शेष पृष्ठ दो पर

## देवगढ़ समुद्र में छह बच्चे डूबे, चार की मौत

**मुंबई ( हि.स. )।** सिंधुदुर्ग जिले के देवगढ़ देवगढ़ समुंद्र तट पर शनिवार दोपहर में पुणे से घुमने आए छह बच्चे डूब गए। इनमें 4 लोगों की मौत हो गई और एक बच्चा खबर लिखे जाने तक लापता था, जबकि एक बच्चे को बचा लिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही देवगढ़ पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक नीलकांत बागले, तहसीलदार रमेश पवार मौके पर पहुंचे और समुंद्र में लापता बच्चे की तलाश जारी है। पुलिस निरीक्षक नीलकांत बागले ने मीडिया को बताया कि शनिवार को पुणे के पिंपरी चिंचवड़ -शेष पृष्ठ दो पर

# कांग्रेस का कैश कांड : भाजपा ने किया कांग्रेस मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** सांसद धीरज साहू से लगभग 300 करोड़ रुपए बरामद होने पर कांग्रेस नेतृत्व की चुप्पी के विरोध में शनिवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा के हजारों कार्यकर्ताओं ने अकबर रोड पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कांग्रेस सांसद के प्रतिष्ठानों पर अभी भी नोटों की काउंटिंग चल रही है और यह संख्या 300 करोड़ रुपए के ऊपर हो जायेगी। जिस भ्रष्टाचार की रीति को जवाहर लाल नेहरू ने शुरू किया था उसी रीति को राहुल गांधी भी आगे बढ़ा रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि बार-बार विपक्ष इस बात को दोहराता रहा है कि मोदी सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है लेकिन आज कांग्रेस को इसका -शेष पृष्ठ दो पर

## गोदाम में लगी भीषण आग, सौ करोड़ का माल जलकर खाक



**चेन्नई।** उत्तरी चेन्नई के मनाली के वायाकाडु इलाके में एक साबुन पाउडर के गोदाम में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। इससे 100 करोड़ रुपए के सामान का नुकसान हो गया। अधिकारियों ने बताया कि आग बुझाने में दमकल की पांच गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंची और पिछले पांच घंटे से आग पर काबू पाने का काम जारी है। खबरों के अनुसार, जिस निजी गोदाम में आग लगी, उसके पास ही इंडियन ऑयल कंपनी की एक गैस सिलेंडर फैक्ट्री भी स्थित है, जिससे आग फैलने का डर है। मनाली पुलिस जांच के लिए मौके पर पहुंची। तमिलनाडु अग्निशमन विभाग की संयुक्त निदेशक प्रिया रविचंद्रन ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने के प्रयासों का निरीक्षण किया। अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं -शेष पृष्ठ दो पर

# यौन शोषण के शिकार बच्चों को है न्याय का इंतजार फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों में 2.43 लाख मामले लंबित



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्र सरकार की तमाम नीतियों, प्रयासों और वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद पॉक्सो के मामलों की सुनवाई के लिए बनाई गई विशेष त्वरित अदालतों में 31 जनवरी, 2023 तक देश में 2 लाख 43 हजार 237 मामले लंबित थे। अगर लंबित मामलों की इस संख्या में एक भी नया मामला नहीं जोड़ा जाए तो भी इन सारे मामलों के निपटारे में कम से कम नौ साल का समय लगेगा। अरुणाचल प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में 25 से ज्यादा साल तक का समय लग सकता है। साथ ही 2022 में पॉक्सो के सिर्फ तीन फीसदी मामलों में सजा सुनाई गई। ये चौंकाने वाले तथ्य इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फंड (आईसीपीएफ) की ओर से जारी शोधपत्र जस्टिस अवेट्स : ऐन एनालिसिस ऑफ द एफिकेसी ऑफ जस्टिस डेलिवरी मैकेनिज्म्स इन केसेज ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज से उजागर हुए हैं। यौन शोषण के शिकार बच्चों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 2019 में एक ऐतिहासिक कदम के जरिए फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन और हर साल इसके लिए करोड़ों की राशि देने के बावजूद इस शोधपत्र के निष्कर्षों से देश के न्यायिक तंत्र की क्षमता और दक्षता पर सवालिया निशान उठ खड़े होते हैं। शोधपत्र के -शेष पृष्ठ दो पर

## नक्सलियों ने दिनदहाड़े धारदार हथियार से दलित नेता की हत्या की



**नारायणपुर ( हि.स. )।** जिले के नक्सल प्रभावित छोटेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार सुबह शीतला माता मंदिर से पूजा कर वापस लौटने के दौरान दलित नेता कोमल मांझी पर धारदार हथियार से नक्सलियों ने हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पिछले एक माह के भीतर नक्सलियों ने इसी तरह दिनदहाड़े तीन लोगों की हत्या की है। इसके पहले भाजपा जिला उपाध्यक्ष सागर साहू और रतन दुबे की भी नक्सलियों की हत्या की थी। भाजपा से जुड़े दलित नेता कोमल मांझी की हत्या के बाद नक्सलियों ने मौके पर पर्चा छोड़ा है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि ग्राम छोटेडोंगर के मुण्डाटिकरा का रहने वाला कोमल -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# देश का कोई गरीब भूखा नहीं रहेगा यह मोदी की गारंटी है : अर्जुन मुंडा

**खूंटी ( हि.स. )।** जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र के रनिया प्रखंड के मनहातू रायटोली टोंगरी पर 41 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय के निर्माण की आधारशिला पूजा-अर्चना के बाद नारियल फोड़कर रखी। मौके पर केंद्रीय मंत्री प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत रनिया प्रखंड में बनने वाली पांच सड़कों और और दो पुल तथा मुरहू प्रखंड में पुल निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। कार्यक्रम स्थल पर केंद्रीय मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित वीडियो कान्फ्रेंसिंग में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाग लिया। मौके पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि इतने मनोरम स्थल पर बैठकर हम विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ सीधा संवाद में शामिल हुए। यहां आज एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का भी शिलान्यास हो रहा है। अभी हम सबने प्रधानमंत्री को सुना कि हम विकसित भारत के एम्बेसडर बनें, विकसित भारत के सहभागी बने। सहभागी इस तरह बनें कि सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुचाएं। उन्होंने



कहा कि कोरोना काल में केंद्र सरकार ने गरीबों के लिए मुफ्त राशन की योजनाएं शुरू की, महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना सहित किसानों और गरीबों के लिए कई योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने परिवार को आत्मनिर्भर बनाएंगे। इस देश में जब हमारे बच्चे अच्छी तरह शिक्षित होंगे, तो 2047 को विकसित भारत बनाने में हमारा भी योगदान होगा। हम सभी नागरिक अपने परिवार को समृद्ध बनाएंगे, तभी पूरा देश विकसित होगा। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। उन्होंने कहा कि इस संकल्प वाहन के माध्यम से हम आगे बढ़ेंगे। अर्जुन मुंडा ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश के जनजातीय बच्चे बेहतर शिक्षा लें। यहां 240 लड़कों और 240 लड़कियों को पढ़ने की सुविधा निःशुल्क मिलेगी। देश का कोई गरीब भूखा नहीं होगा, यही मोदी की गारंटी होगी। घर-घर राशन देने का कार्य किया जा रहा है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से हम चूल्हा भी जला रहे हैं। इससे हमारा जंगल भी बचेगा। रनिया से लौटने के बाद केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने विधायक कोचे मुंडा के पैतृक गांव ममरला में भी विधायक और तोरपा के प्रमुख संतोष कर के साथ सड़क और पुल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। उन्होंने उत्तराखंड के टनल से सकुशल बाहर आए गुमडू गांव के विजय होरो और डुमारी गांव के चमरा उरांव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्रदान संस्था के प्रेम शकर के नेतृत्व में महिला मंडल की दीदियों ने केंद्रीय कृषि मंत्री का प्रभार मिलने पर सब्जी और मशरूम की टोकरी देकर अर्जुन मुंडा का शुभकामनाएं दीं। विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए हमें खूंटी संसदीय सीट से अर्जुन मुंडा को भी प्रचंड मत से जिताने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांसद के पास से तीन सौ करोड़ से अधिक काला धन बरामद हुआ है। यह साबित करता है कि प्रधानमंत्री का यह संकल्प सिद्ध हो रहा है कि पाताल लोक से भी काला धन को निकाला जाएगा।

## इजराइल ने हमास के 450 ठिकाने पर किया हमला, 17 हजार से अधिक की मौत

**गाजा ( हि.स. )।** इजराइल ने शुक्रवार को गाजा पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। इजराइली रक्षा बल (आइडीएफ) ने दावा किया है कि उसने पिछले 24 घंटे में हमास आतंकियों के 450 ठिकानों को तबाह कर दिया है। गाजा पर एक साथ इतने हमले भारी संख्या में फलस्तीनी नागरिकों की मौत के बाद अमेरिका भी चिंतित हो उठा है। हमास ने कहा कि इजराइली सेना के साथ उत्तर में गाजा शहर के शेजाइया जिले में और दक्षिण में खान यूनिस में सबसे तीव्र झड़पें हो रही थीं। इस दौरान इजराइली सैनिक दूसरे सबसे बड़े शहर एन्क्लेव के केंद्र में पहुंच गए। इजराइली सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में गाजा में जमीन, समुद्र और हवा से 450 से अधिक लक्ष्यों पर हमला किया है, जो पिछले सप्ताह संघर्ष विराम के बाद से सबसे बड़ा हमला है। इजराइल-हमास में चल रहे भीषण युद्ध के चलते गाजा के अधिकांश लोग अब विस्थापित हो गए हैं और किसी भी तरह की सहायता वहां नहीं पहुंच रही है। अस्पतालों में भीड़ बढ़ गई है और भोजन खत्म हो गया है। विस्थापितों की मदद कर रही संयुक्त राष्ट्र की मुख्य एजेंसी ने कहा कि समाज पूरी तरह से पतन के कगार पर है। इजराइल ने पहले कहा था कि उसके सैनिकों ने पिछले महीने अपने कार्यों को काफी हद तक पूरा कर लिया है, उन्होंने इस सप्ताह नया हमला शुरू किया है। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस हमले में 350 लोगों के मारे जाने की सूचना दी है। इसके साथ ही गाजा में गत दो महीने के इजराइली अभियान में मरने वालों की संख्या 17,170 से अधिक हो गई, जबकि हजारों लोग लापता हैं और माना जाता है कि वे मलबे में दबे हुए हैं। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को इजरायल के हमले से वेस्ट बैंक के तुबास में छह फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई है। हमला दक्षिणी तुबास के अल-फरा शरणार्थी शिविर पर किया गया। वहीं, पत्रकारों के अंतर्राष्ट्रीय संघ ने दावा किया कि इजराइल युद्ध में अब तक 68 पत्रकार मारे गए है।



## ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**बिश्वनाथ ( हिंस )।** बिश्वनाथ में ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की आज सुबह मौत हो गई। बताया गया कि यह घटना आज उस समय हुई, जब व्यक्ति ऊपरी असम की ओर जा रही बिहार-डिब्रूगढ़ ट्रेन की चपेट में आ गया। मृतक की पहचान बिश्वनाथ के बालीपुखुरी के अजीत सोनोवाल के रूप में हुई है। इस दुर्घटना में अजीत सोनोवाल का सिर उनके शरीर से अलग हो गया है।

## मणिपुर पुलिस ने 275 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में अवैध हथियारों के खिलाफ सुरक्षा बलों का अभियान आज भी जारी है। असम राइफल्स और पुलिस ने पश्चिम इंफाल, थौबल, चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के विभिन्न इलाकों में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए। अभियान के दौरान बिष्णुपुर जिले से एक इंसास राइफल, एक कार्बाइन, पांच हथगोले और एक देशी पोम्पी मोर्टार के साथ मैगजीन बरामद की गई।

## बसपा सांसद दानिश अली को पार्टी ने किया निलंबित



**नई दिल्ली ( हि.स. )।** बहुजन समाजवादी पार्टी (बसपा) ने अमरोहा से सांसद दानिश अली को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में निलंबित कर दिया है। शनिवार को दानिश अली ने पार्टी से निलंबित किए जाने पर कहा कि पार्टी का यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दानिश अली ने कहा कि उन्हें हमेशा बहन जी (मायावती) का बहुत समर्थन मिला है लेकिन उनका आज का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अपनी पूरी मेहनत और लगन के साथ बसपा को मजबूत करने का प्रयास किया और कभी भी कोई पार्टी विरोधी काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध जरूर किया है और आगे भी करता रहूंगा। चंद पूंजीपतियों की लूट के खिलाफ मैंने आवाज उठाई है और आगे भी उठाता रहूंगा, यदि ऐसा करना जुर्म है तो मैंने जुर्म किया है और मैं इसकी सजा भुगतने के लिए तैयार हूं।

## श्रीनगर में आतंकियों ने कांस्टेबल को गोली मारी

**श्रीनगर ( हि.स. )।** श्रीनगर के बेमिना इलाके में शनिवार को हुए एक आतंकवादी हमले में जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक कांस्टेबल को गोली मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल कांस्टेबल को एसकेआईएमएस बेमिना ले जाया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवादियों ने हमदानिया कॉलोनी बेमिना में मोहम्मद हाफिज चाड पुत्र हसन चाड निवासी बेमिना नामक एक पुलिसकर्मी पर गोलीबारी की और उसे घायल कर दिया जिसके बाद उसे पास के एसकेआईएमएस बेमिना में स्थानांतरित कर दिया गया। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है।

## बंगाल : कांग्रेस को दो से अधिक सीटें नहीं देना चाहती तृणमूल

**कोलकाता ( हि.स. )।** 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्र की सत्ता से नरेंद्र मोदी को उखाड़ फेंकने के लिए विपक्ष ने भले ही गठबंधन किया है लेकिन इसमें सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। एक दिन पहले ही लोकसभा की सदस्यता से तृणमूल कांग्रेस की निवर्तमान सांसद महुआ मोइत्रा को निष्कासित किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ कांग्रेस ने भले ही तृणमूल का साथ दिया है लेकिन अब खबर है कि सीट बंटवारे को लेकर तृणमूल व कांग्रेस से दो-दो हाथ करने के मूड में है। पार्टी के अंदरखाने सूत्रों ने बताया है कि बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को दो से अधिक सीट देने के मूड में नहीं है। इसलिए पार्टी नेताओं को यह साफ संदेश दिया गया है कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को इस बारे में अवगत करा दिया जाए। इसके पहले दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर हुई रात्रि भोज में पार्टी प्रतिनिधि शामिल नहीं हुए थे, जो इसी बात का संकेत था। सूत्रों ने बताया है कि दिसंबर महीने के तीसरे हफ्ते के अंत तक दिल्ली में होने वाली आईएनडीआई गठबंधन की बैठक में भी तृणमूल कांग्रेस इस बारे में स्थिति स्पष्ट कर देगी। पार्टी ने साफ कर दिया है कि राज्य की 42 लोकसभा में से 40 पर चुनाव लड़ेगी। दो सीटें गठबंधन के लिए छोड़ेगी। इसमें से कांग्रेस चाहे तो एक सीट माकपा को दे सकती है या न दे, यह कांग्रेस का अपना निर्णय होगा। तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर कांग्रेस देरी कर रही है। बार-बार कहने के बावजूद इस बारे में कांग्रेस की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल रही। इसके बाद ठोस निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।




# पृष्ठ एक का शेष

### 2030 तक विकसित...

में भारत ने तेजी से हर क्षेत्र में विकास किया है जबकि इससे पूर्व की सरकार के कार्यकाल में भारत की गिनती कमजोर देश में होती थी। मौजूदा सरकार ने विश्व के पटल पर देश का मान बढ़ाया है और आज पूरे विश्व में भारत के बारे में लोग चर्चा करते हैं और भारत से दोस्ती करना चाहते हैं। इस अवसर पर गोविंद गुरु विश्वविद्यालय के कुलपति केशव सिंह ठाकुर ने प्रदेश के एकमात्र जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अभी तक के सफर के बारे में जानकारी दी और विश्वविद्यालय परिसर में बनाए गए संविधान पार्क के बारे में भी उल्लेख किया। इस अवसर पर बांसवाड़ा डूंगरपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद कनक मल कटारा भी उपस्थित थे।

### असमिया मुस्लिमों का ...

के निदेशालय असम किया जाएगा। इसके अलावा कैबिनेट ने माघ बिहू के दौरान आयोजित पारंपरिक भैंस और सांडों की लड़ाई की अनुमति के लिए एसओपी जारी करने को भी मंजूरी दी है। एसओपी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पशुओं पर जानबूझकर अत्याचार या क्रूरता नहीं की जाए। जो सदियों पुरानी असमिया सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा वार्षिक बफेलो प्रतियोगिताओं के दौरान आयोजकों द्वारा उनकी भलाई के लिए प्रदान किया जाए। साथ ही मंत्रिपरिषद ने राज्य भर में पुस्तकालयों के निर्माण के लिए 259 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए पुस्तकालय और डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जाएगा। इस योजना का लक्ष्य 2,197 ग्राम पंचायतों और 400 नगरपालिका वार्डों में नए पुस्तकालयों का निर्माण शुरू करना और इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ किताबें, फर्नीचर, कंप्यूटर की खरीद शुरू करना है।

### राजस्थान : नई सरकार ...

का शपथ ग्रहण हो सकता है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हो सकते हैं। बुधवार यानि 13 दिसंबर तक शपथ ग्रहण का कार्यक्रम हो सकता है। पार्टी सूत्रों की मानें तो विधायक दल की बैठक में सीएम के नाम पर सहमति ली जाएगी। बैठक के लिए पर्यवेक्षक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा सांसद सरोज पांडे और राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े रविवार को जयपुर आ सकते हैं। इसके बाद यहां नाम तय होने के बाद संभवत: सोमवार तक पॉर्लियामेंट्री बोर्ड की ओर से सीएम का नाम घोषित किया जाएगा। इसे लेकर कवायद तेज हो गई है। विधायक दल की बैठक को लेकर शीघ्र ही सभी विधायकों को आधिकारिक सूचना दी जाएगी। इससे सभी विधायक तय समय पर जयपुर पहुंच सके। सीएम के साथ कई मंत्रियों को भी पद की शपथ दिलाई जाएगी। जातिगत समीकरणों को साधते हुए मंत्रियों का चयन किया जाएगा। इस मंत्रिमंडल में अनुभव के साथ युवा चेहरों को भी शामिल किया जाएगा। सरकार के गठन के बाद लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार कुछ बड़े कदम भी उठा सकती है।

### मणिपुर : नागा महिला की...

इंफाल पूर्व के लमलाई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। बाद में मणिपुर सरकार के अनुरोध पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को इसकी जांच सौंपी गई। इसके बाद सीबीआई ने अपनी जांच शुरू की। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि यह आरोप लगाया गया कि 15 जुलाई, 2023 को लगभग 12.10 बजे एक महिला को हथियारबंद बदमाशों सहित करीब 100 लोगों की भीड़ ने सावोमबंग गेट पर जबरन हिरासत में लेकर महिला का अपहरण कर लिया। इसके बाद महिला का शव उसी दिन बरामद किया गया था। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है और आगे की जांच जारी है।

### पूरी दुनिया को...

वजह से वैश्विक वृद्धि दर 16 फीसदी रहेगी। मोदी ने कहा कि विश्व बैंक ने यह भी कहा है कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत से काफी उम्मीदें हैं। विश्व आर्थिक मंच ने कहा है कि भारत में लालफीताशाही कम हो गई है और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत वैश्विक दक्षिण में नेतृत्व प्रदान करने के लिए मजबूत स्थिति में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) बाजारों में से एक है और *गिफ्ट* अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) इसके केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि *गिफ्ट सिटी* में वैश्विक वित्तीय प्रौद्योगिकी दुनिया का प्रवेश द्वार और इसकी प्रयोगशाला बनने की क्षमता है। उन्होंने विशेषज्ञों से हरित ऋण के लिए एक बाजार तंत्र विकसित करने पर अपने विचार साझा करने का आग्रह किया। मोदी ने कहा कि आज दुनिया जिन चुनौतियों का सामना कर रही है उनमें सबसे बड़ी चुनौती जलवायु परिवर्तन है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते भारत भी इन चिंताओं के प्रति बहुत सचेत है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन (कोप28) शिखर सम्मेलन में भारत ने दुनिया के सामने नई प्रतिबद्धताएं जताई हैं और अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए लागत प्रभावी वित्त उपलब्ध कराना होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के पारंपरिक गरबा नृत्य को यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल करने पर प्रदेश की जनता को बधाई दी।

### मुख्यमंत्री की दौड़ ...

की 200 में से 199 सीटों पर हुए चुनाव के परिणाम रविवार को आए थे। भाजपा को 115 सीटों के साथ बहुमत मिलने के बाद मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर संशय बरकरार है। मुख्यमंत्री पद के संभावित दावेदारों में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, नवनिर्वाचित विधायक बाबा बालक नाथ और दीया कुमारी के नामों की अटकलें चल रही हैं। भाजपा ने राजस्थान में विधायक दल का नेता चुनने के लिए निर्वाचित विधायकों के साथ बैठक करने हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है।

### उत्तराखंड पॉलिसी मेकर...

के कुशल नेतृत्व को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के चेहरे की अद्भुत शांति और उनका कार्य नेतृत्व की क्षमता राज्य के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज मैं कह सकता हूं कि अटल ने उत्तराखंड को बनाया और मोदी उसे संवारने का कार्य कर रहे हैं। आज उत्तराखंड विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। एक दशक में भारत के विकास से दुनिया चकाचौंध है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र में अग्रणी होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से 2023 तक भारत ने तेजी से विकास में छलांग लगाई है। 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर हम तीसरी अर्थव्यवस्था बनेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व ने जी 20 के आयोजन को देखा है। देश के 60 स्थानों पर विदेशी मेहमानों को पहुंचाया गया। दिल्ली डिक्लेरेशन को दशकों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने साढ़े 13 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से निकाला है। 2014 में 04 स्टार्टअप थे। अब 110 स्टार्टअप हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास है। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, जनकल्याण नीतियों के लिए प्रधानमंत्री को बधाई देना चाहता हूं। अटल ने छोटे राज्यों में विकास की गति देने का काम किया। भाजपा और धामी के नेतृत्व में सबसे ज्यादा प्रगति उत्तराखंड में हुई है। सीमा पर खाली गांव और पलायन रोकने के लिए धामी बेहतर कार्य कर रहे हैं। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन उत्तराखंड में निवेश के लिए अनुकूल है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जिस राज्य में भाजपा की सरकार है वहां विकास जमीन पर उतर रहा है। मैं जनता को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि भ्रष्टाचारियों को बक्शा नहीं दिया जाएगा। उत्तराखंड के अंदर सरकार ने पारदर्शी माहौल देने का काम किया है।

### देवगढ़ समुद्र में ...

मेंस्थित संकल्प सैनिक अकादमी के लगभग 35 बच्चे देवगढ़ समुंद्र तट पर पिकनिक मनाने आए थे। इनमें से कुछ बच्चे दोपहर करीब साढ़े तीन बजे समुद्र में तैरने चले गए लेकिन समुद्र में पानी का अनुमान नहीं होने के कारण कई छात्र डूबने लगे। लेकिन स्थानीय नागरिकों ने इनमें एक बच्चे को बचा लिया, जबकि चार बच्चों को डूबने से मौत हो गई। इस घटना में मृतकों की पहचान प्रेरणा डोंगरे, अंकिता गाल्टे, अनीशा पडवाल, पायल बंसोडे के रुप में की गई है। जबकि आकाश तुपे नामक बच्चे को बचा लिया गया है, जबकि राम डिचवलकर अभी भी लापता हैं और उसकी तलाश जारी है। देवगढ़ के तहसीलदार के मुताबिक इन छह बच्चों की उम्र 18 से 24 साल के बीच है।

### कांग्रेस का कैश ...

जवाब मिल गया है कि जांच एजेंसियां ईमानदारी से अपना काम कर रही हैं और भ्रष्टाचारियों के ऊपर नकेल कसने का काम कर रही हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि यह देश भ्रष्टाचारियों से मुक्त होगा। चौकीदार अपना काम ईमानदारी से कर रहा है और जितने चोर हैं एक-एक कर उनका खुलासा हो रहा है। हमारी मांग है कि धीरज साहू की सदस्यता राज्यसभा से निलंबित हो और कांग्रेस उन्हें पार्टी से बाहर करे। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आज जब हम इस भ्रष्टाचारियों के कार्यालय के समक्ष खड़े हैं, इस वक्त भी नोट गिने जा रहे हैं और नोट गिनने की मशीन तक खराब गई हैं। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच प्रतिस्पर्धा चल रही है कि आखिर कौन कितना अधिक भ्रष्टाचार कर सकता है। जो पैसे बरामद हुए हैं, इसमें 2000 के नोट नहीं है। इससे साफ स्पष्ट है कि यह भ्रष्टाचार अभी हाल ही में किया गया है। रमेश बिधूड़ी ने कहा कि राहुल गांधी देश जोड़ो यात्रा करके मोहब्बत की दुकान चला रहे थे और उनके ही सांसद इतने बड़े भ्रष्टाचार को अंजाम दिया। कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार अपने चरम पर था, इसलिए साल 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश की जनता ने मौका दिया। इस देश से भ्रष्टाचारियों को खत्म करने की मोदी से जो उम्मीद देश की जनता को थी, उन उम्मीदों पर आज वे खरा उतरे हैं। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि एक छोटे राज्य झारखंड में कांग्रेस ने सत्ता के सहारे इतना नकद पैसा एकत्र किया तो जनता समझ सकती है कि आज कर्नाटक जैसे राज्य में कांग्रेस नेता क्या कर रहे होंगे।

### गोदाम में लगी भीषण...

मिली है। पूरा क्षेत्र गन्ने के खेतों से घिरा हुआ है। एजेंसी द्वारा साझा किए गए वीडियो में साबुन पाउडर भंडारण गोदाम से गहरा धुआं निकलता देखा गया। शुक्रवार को पुणे में भी ऐसी ही एक घटना घटी। पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड़ इलाके में स्पार्कलिंग मोमबत्ती निर्माण इकाई में आग लगने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए।

### यौन शोषण के ...

अनुसार मौजूदा हालात में जनवरी, 2023 तक के पॉक्सो के लंबित मामलों के निपटारे में अरुणाचल प्रदेश को 30 साल लग जाएंगे जबकि दिल्ली को 27, पश्चिम बंगाल को 25, मेघालय को 21, बिहार को 26 और उत्तर प्रदेश को 22 साल लगेंगे। फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों जैसी विशेषीकृत अदालतों की स्थापना का प्राथमिक उद्देश्य यौन उत्पीड़न के मामलों और खास तौर से यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम से मुड़े मामलों का त्वरित गति से निपटारा करना था। इनका गठन 2019 में किया गया और भारत सरकार ने हाल ही में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में इसे 2026 तक जारी रखने के लिए 1900 करोड़ रुपए की बजटीय राशि के आवंटन को मंजूरी दी है। इन फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालतों के गठन के बाद माना गया कि वे इस तरह के मामलों का साल भर के भीतर निपटारा कर लेंगी लेकिन इन अदालतों में आए कुल 2 लाख 68 हजार 38 मुकदमों में से महज 8 हजार 909 मुकदमों में ही अपराधियों को सजा सुनाई जा सकी है। अध्ययन से यह उजागर हुआ है कि प्रत्येक फास्ट ट्रैक स्पेशल अदालत ने साल भर में औसतन सिर्फ 28 मामलों का निपटारा किया। इसका अर्थ यह है कि एक मुकदमे के निपटारे पर नौ लाख रुपए का खर्च आया। शोधपत्र के अनुसार कि प्रत्येक विशेष अदालत से हर तिमाही 41-42 और साल में कम से कम 165 मामलों के निपटारे की उम्मीद की जा रही थी लेकिन आंकड़ों से लगता है कि गठन के तीन साल बाद भी ये विशेष अदालतें अपने तय लक्ष्य को हासिल करने में विफल रही हैं। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देते हुए शोधपत्र आगे कहता है कि बाल विवाह बच्चों के साथ दुष्कर्म है। उधर, वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि देश में रोजाना 4,442 नाबालिग लड़कियों की शादी करवा दी जाती है। इसका मतलब यह है कि देश में हर मिनट तीन बच्चियों को बाल विवाह के नर्क में झोंक दिया जाता है जबकि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की हालिया रिपोर्ट कहती है कि देश में बाल विवाह के रोजाना सिर्फ तीन मामले दर्ज होते हैं। आईसीपीएफ के संस्थापक भुवन ऋभु ने बाल विवाह को रोकने के लिए देश में मजबूत नीतियों, कड़े कानूनों और पर्याप्त वित्तीय प्रतिबद्धताओं के बावजूद सजा की मामूली दरों को गंभीर चिंता का विषय करार दिया। भुवन ऋभु ने कहा कि कानून की भावना को हर बच्चे के लिए न्याय में रूपांतरित होने की जरूरत है। अगर बच्चों के यौन शोषण के आरोपितों में महज तीन प्रतिशत को ही सजा मिल पाती है तो ऐसे में कहा जा सकता है कि कानूनी निरोधक उपाय नाकाम हैं। अगर पीड़ित बच्चों को बचाना है तो सबसे जरूरी चीज यह है कि बच्चों और उनके परिवारों की सुरक्षा की जाए, उनके पुनर्वास और क्षतिपूर्ति के इंतजाम किए जाएं और पूरा न्यायिक तंत्र निचली अदालतों से लेकर हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जैसी ऊपरी अदालतों तक मुकदमे का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करे। यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को एक समयबद्ध और बच्चों के प्रति मैत्रीपूर्ण तरीके से न्याय दिलाना सुनिश्चित करने और लंबित मामलों के निपटारे के लिए आईसीपीएफ ने कई अहम सिफारिशें की हैं। यह रिपोर्ट विधि एवं कानून मंत्रालय, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय एवं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो से मिले आंकड़ों पर आधारित है।

### नक्सलियों ने दिनदहाड़े ...

आमदाई खदान का दलाली कर करोड़ों रुपया खाया है, उसे हमने मौत की सजा दी। खदान दलाली, सरकार और साम्राज्यवादियों के एजेंट मत बनो अन्यथा मौत पक्की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद सदस्य के पति कोमल मांझी आज शनिवार सुबह लगभग 10.30 छोटेडोंगर में स्थित शीतला मंदिर से दर्शन कर वापस लौटने के दौरान नक्सलियों की स्माल एक्शन टीम ने उसका रास्ता रोका और टंगिया मार कर उसकी हत्या कर दी। नक्सलियों ने कोमल मांझी को कई बार जान से मारने की धमकी दी थी, जिसके बाद पुलिस ने कोमल मांझी को सुरक्षा मुहैया करवाई, लेकिन मांझी ने सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया था। नारायणपुर एएसपी हेमसागर सिदार ने बताया कि इलाके में सर्चिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि कोमल मांझी को चुनाव से पहले और बाद में सुरक्षा दी गई थी, लेकिन उन्होंने सुरक्षा लेने से मना कर दिया था। साथ ही इन्हें परिवार समेत सुरक्षित घर भी उपलब्ध करवाया गया था, इसके लिए भी उसने मना कर दिया था।

### विपक्ष के नेता ...

था और 1824 में ब्रिटिश द्वारा क्षेत्र का कुछ हिस्सा जीतने के बाद इसे उन्हें सौंप दिया गया था। इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सैकिया ने शनिवार को सिब्बल को लिखे पत्र में दावा किया कि असम के इतिहास की गलत प्रस्तुति बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और इसने असम के गौरव और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद और एएएमएसयू ने आपको असम के इतिहास के बारे में गलत जानकारी प्रदान की होगी और आपकी टीम प्रस्तुति से पहले जानकारी की जांच करने में विफल रही है।

### तेलंगाना विस का ...

बाद उप मुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने शपथ ली। इसके बाद विधायकों ने शपथ ली। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव सर्जरी के चलते शपथ ग्रहण समारोह में शामिल नहीं हुए। उन्होंने शपथ लेने के लिए विधानसभा सचिव से एक दिन का समय और मांगा। उधर, भाजपा विधायक विधानसभा की बैठक से दूर रहे। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने आरोप लगाया कि वरिष्ठ विधायकों की जगह अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर बनाया गया। भाजपा विधायकों ने आज प्रोटेम स्पीकर की मौजूदगी में शपथ नहीं ली। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किशन रेड्डी का कहना है कि भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक नियमित स्पीकर के कार्यभार संभालने के बाद शपथ लेंगे। विधायकों के शपथ ग्रहण के बाद तेलंगाना विधानसभा की बैठक 14 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है। 14 दिसंबर को विधानसभा बहाली के पहले दिन विधानसभा स्पीकर का चुनाव होगा। अगले दिन राज्यपाल तमिलिसाई दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। अगले दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया जाएगा और उस पर बहस होगी।

## *मुख्यमंत्री का भाषण संकलन–2* तथा *मुख्यमंत्री डायरी* नामक पुस्तकों का विमोचन



**गुवाहाटी ( हिंस )।** आज *मुख्यमंत्री का भाषण संकलन–2* तथा *मुख्यमंत्री डायरी* नामक पुस्तकों का राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने लोक सेवा भवन में आयोजित एक समारोह में विमोचन किया। *मुख्यमंत्री का भाषण संकलन–द्वितीय,* मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के 65 धाराप्रवाह और अद्वितीय भाषणों का एक संग्रह है। मुख्यमंत्री डॉ. शर्मा की कई किताबें पहले भी प्रकाशित हो चुकी हैं। इन पुस्तकों को भी पाठकों से पर्याप्त प्रतिक्रिया मिली है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री के निबंध संग्रह *अन्य एक दृष्टिकोण,* जिसका अनुवाद अजीत प्रसाद राउत ने उड़िया भाषा में किया है, और ध्रुव महंत की पुस्तक *जाति का भविष्य कितना सुरक्षित* का विमोचन किया गया। इस अवसर पर राज्य के राज्यपाल, मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा, मंत्री पीयूष हजारिका, नगालैंड विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. समुद्रगुप्त कश्यप, गौहाटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रतापज्योति हैंडिक, वरिष्ठ कथाशिल्पी अनुराधा शर्मा पुजारी और कई अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

# किताबों की लाइब्रेरी देखी थी मनी लाइब्रेरी नहीं : भवेश कलिता

**गुवाहाटी ( हिंस )।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने कहा है कि हमने किताबों की लाइब्रेरी देखी थी, लेकिन मनी लाइब्रेरी नहीं देखी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कालिता ने आज वशिष्ठ स्थित पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झाड़खंड से कांग्रेस सांसद धीरज साहू के आवास पर 200 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी बरामद होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह कांग्रेस ने देश को लूटा है। कांग्रेस को इस सवाल का जवाब देना होगा कि पैसा कहां से आया। सभी मोर्चों पर ईडी की पूछताछ के खिलाफ आरोप लगाने वाली कांग्रेस अवैध धन के साथ पार्टी के संबंधों पर पर्दा डालना चाहती है। हम घटना की निंदा करते हैं और आगे की पूछताछ की मांग करते हैं। कलिता ने यह भी मांग की कि सभी कांग्रेस सांसदों से पूछताछ की जाए। भ्रष्टाचार और लूट लूट में फंसी कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ इंडी–अलायंस बनाया और भ्रष्टाचार के खिलाफ नारे लगाए। संवाददाता सम्मेलन में कलिता ने दोहराया कि कांग्रेस हमेशा अपनी जेब के बारे में सोचती है। चूंकि कांग्रेस एक मास्टर ट्रेनर है, इसलिए इसके नेता विधायकों, सांसदों और जनता को खरीदने के लिए इस अवैध धन को अपने पास रखा। यह तय है कि लोकसभा चुनाव में जनता ऐसी भ्रष्ट पार्टी को सबक सिखाएगी। यह भी शत–प्रतिशत सही है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि



भाजपा के खिलाफ लड़ने के लिए कांग्रेस को बाहरी ताकतों द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। इंडी अलायंस की आलोचना करते हुए भवेश कालिता ने कहा कि उन्हें केवल लोगों का शोषण करने के लिए सत्ता की जरूरत है। जनता कभी किसी को शोषण करने की शक्ति नहीं देती। यही कारण है कि नरेंद्र मोदी को लोगों द्वारा सत्ता में रखा जा रहा है। भवेश कलिता ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेन बोरा पर निशाना साधा और कहा कि पैसों की ऐसी लाइब्रेरी कभी–कभी भूपेन बोरा के घर में देखी जा सकती है। क्योंकि इन पैसों में से उन्हें भी अपने हिस्से का पैसा मिलता है। आज के संवाददाता सम्मेलन में सांसद और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव पवित्र मार्घेरिटा, प्रदेश भाजपा के समाचार विभाग के संयोजक दीवान ध्रुवज्योति मोरल भी मौजूद थे।

## पूसीरे में चल रहे हैं 180 *वन स्टेशन वन प्रोडक्ट* आउटलेट



**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के अधीन विभिन्न स्टेशनों पर वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) आउटलेट्स सफलतापूर्वक चल रहे हैं। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने आज बताया कि ओएसओपी आउटलेट्स रेलवे स्टेशनों को स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों का प्रचार और बिक्री केंद्र बना रहे हैं। स्वदेशी संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने के अलावा, ओएसओपी स्थानीय विक्रेताओं और उनके परिवारों के जीवन में भारी बदलाव ला रहे हैं। ओएसओपी योजना ने उन विक्रेताओं के परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा भी प्रदान की है, जो ओएसओपी आउटलेट चला रहे हैं। ट्रेन यात्री अब रेलवे स्टेशनों पर अपनी यात्रा के दौरान विभिन्न राज्यों में स्थापित वन स्टेशन वन प्रोडक्ट आउटलेट पर स्थानीय हस्तशिल्प, हथकरघा, कॉटन उत्पादों और अन्य हस्तनिर्मित कलाकृतियों की समृद्ध विरासत का जायजा ले सकते हैं। इस प्रकार, स्थानीय कारीगरों को अपने स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन और विपणन के लिए सशक्त बनाना और वोकल फार लोकल मिशन को बढ़ावा देना है। पूसी रेलवे के क्षेत्राधिकार के अधीन 01 दिसंबर तक 133 रेलवे स्टेशनों पर स्थापित 180 ओएसओपी आउटलेट चल रहे हैं। असम में 128, पश्चिम बंगाल में 31, बिहार में 13 ओएसओपी आउटलेट चालू हैं। कुछ प्रमुख स्टेशनों में असम के गुवाहाटी, डिब्रूगढ़, न्यू तिनसुकिया, बरपेटा रोड, रंगापाड़ा नॉर्थ, कोकराझाड़, पश्चिम बंगाल के न्यू अलीपुरद्वार, न्यू जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग, कोचबिहार, बिहार के बारसोई, कटिहार शामिल हैं। ओएसओपी योजना के अधीन पूर्वोत्तर सीमा रेल के सभी आउटलेट्स के माध्यम से 739 लाभार्थियों को लाभ पहुंचा है। सभी स्टालों द्वारा स्थानीय स्तर पर निर्मित विशिष्ट और अमूल्य उत्पादों की किस्मों का प्रदर्शन और विपणन किया जा रहा है। विभिन्न प्रकार के असमिया पीठा, पारंपरिक असमिया गामोछा, पारंपरिक बोड़ो व पारंपरिक राजवंशी पोशाक, जापी, स्थानीय वस्त्र, जूट उत्पाद (टोपी, गमोछा, गुड़िया), हथकरघा, दार्जिलिंग चाय, स्थानीय निर्मित डिजाइनर चूड़ियां, हार, कान की बालियां, हेयर क्लिप, बांस एवं केन के उत्पाद आदि के साथ–साथ अन्य स्थानीय खाद्य उत्पाद यात्रियों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इस पायलट योजना की शुरुआत के बाद से देश भर के 21 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में 1134 ओएसओपी आउटलेट्स के साथ 1037 स्टेशनों को शामिल किया गया है। अब तक पूरे भारत में संचयी प्रत्यक्ष लाभार्थियों की संख्या 39,847 हैं।

## मैक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल साकेत ने डिब्रूगढ़ में शुरू की ओपीडी सेवा

**डिब्रूगढ़।** उत्तर भारत के लीडिंग हेल्थ केयर प्रोवाइडर मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत ने आज डिब्रूगढ़ के अपेक्षा अस्पताल के साथ साझेदारी में अपनी स्पेशल आर्थोपेडिक्स व ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं को लांच किया। मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत में ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन सर्जरी के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर हर्षवर्धन हेगड़े व उनकी टीम लांच के दौरान मौजूद थे। डॉक्टर हर महीने के दूसरे शनिवार को दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। इस ओपीडी सेवा के शुभारंभ का उद्देश्य डिब्रूगढ़ और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए एडवांस स्पाइन सर्जरी सेवाओं को आसानी से सुलभ बनाना है। अस्पताल का मकसद है कि यहां के लोगों को वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य देखभाल मिल सके. मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत में ऑर्थोपेडिक्स एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, स्पाइन सर्जरी के सीनियर डायरेक्टर डॉक्टर हर्षवर्धन हेगड़े ने कहा कि टेक्नोलॉजी और साइंस में तेजी से वृद्धि के साथ, रीढ़ की बीमारियों वाले मरीजों के इलाज के लिए बेहतर सर्जिकल ट्रीटमेंट उपलब्ध हैं। हमारी साझेदारी से डिब्रूगढ़ में एडवांस ऑर्थो–स्पाइन सर्जरी सेवा लोगों तक आसानी से पहुंचेगी। परामर्श प्रदान करके और मिनिमली इनवेसिव व नेविगेशन–असिस्टेड स्पाइन सर्जरी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग करके, हम परिणामों को बेहतर करने और इलाके के लोगों की भलाई के लिए काम करने का मकसद रखते हैं।

## रंगिया : विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बरदल गांव



**रंगिया ( विभास )।** भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को रंगिया विधानसभा के अंतर्गत बरदल गांव पहुंची। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा उत्तर कामरूप जिलाध्यक्ष सुबल पाल सहित पार्टी कार्यकर्ताओं और बहुत से सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुबल पाल ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार की तरफ से शुरू की गई। जनकल्याणकारी योजनाओ द्वारा किस प्रकार लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की शुरुआत हुई है इसके बारे में लोगों को अवगत कराया और इस संदर्भ में लोगों का मतामत लिया। वहीं दूसरी ओर कार्यक्रम के दौरान योजनाओं से लाभ पाने वाले लाभार्थियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि लोगों को जागरूक करने और सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के लिए देशभर में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की गई है। रंगिया आंचलिक पंचायत की अध्यक्षा शिप्रा दास, भाजपा रंगिया नगर मंडल के अध्यक्ष नवज्योति डेका, बिहदिया जांजिकोना मंडल के उपाध्यक्ष उपेन्द्र नाथ डेका, भाजपा रंगिया ब्लॉक मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश कलिता कलिता, रंगिया नगर मंडल के पूर्व सचिव जतिन बैश्य सहित विभिन्न सरकारी पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जंगली हाथी के आक्रमण में किसान गंभीर रूप से घायल



**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के महेंद्रपुर गंगिया गांव में जंगली हाथी के हमले में एक किसान घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के महेंद्रपुर गंगिया गांव में एक किसान गाय चराने के लिए निकला था। इस दौरान जंगली हाथी ने उस किसान पर हमला कर दिया। इस हमले किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। हमले में घायल किसान की पहचान विनोद बसुमतारी के रूप में की गई है। फिलहाल घायल किसान को कोकराझाड़ आरएनबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज चल रही है।

## होजाई में 2024 से पूर्व मतदाता सूची मसौदा प्रकाशित




**होजाई ( होसं )।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला सभागार में जिलाधिकारी लाचित कुमार दास ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुखों के संग बैठक कर आगामी 2024 मतदाता सूची को प्रकाशित किया। मालूम हो कि बैठक में कांग्रेस की ओर से जिला समिति के सचिव नुर अहमद, लोक रक्षा पार्टी के अध्यक्ष राज गुप्ता, यूडीएफ और भाजपा के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। पहले जिलाधिकारी ने मतदाता सूची पत्र एक–एक प्रतिलिपियों को प्रत्येक राजनीतिक दलों के प्रमुखों सौंपे। जिसके बाद मतदाता सूची प्रकाशित किया गया। मालूम बो कि पून:निर्धारण प्रक्रिया से पूर्व होजाई जिले के अंतर्गत 90 न. जमूनामुख क्षेत्र में कुल 232899 मतदाता हैं। 91 न. क्षेत्र की कुल मतदाता संख्या 273816 और 92 न. लमडिंग क्षेत्र में मतदाता की संख्या 220025 थी। लेकिन निर्धारण प्रक्रिया के बाद 90 न. जमूनामुख का नाम बदलकर 62 न. बिनाकांदी क्षेत्र रखा गया है जिसकी 2024 मतदाता सूची में कुल मतदाता संख्या 251380 हैं, होजाई क्षेत्र के नामों को 91 न. से 63 नंबर रखी गई है। जिसकी कुल मतदाता संख्या 245532 हैं। वहीं लमडिंग क्षेत्र के नाम को पूर्व की तरह बहाल रखते हुए 64 नंबर की गई है। जिसकी कुल मतदाता संख्या 241514 हैं। इसके अलावा किसी भी गड़बड़ी को लेकर शुद्धिकरण के लिए 8 जनवरी तक समय रखी गई है। साथ ही 8 फरवरी 2024 को पूर्णकालीन अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित जाएगी।

## सितला में पांच दिवसीय कृष्ण लीला पर कई कार्यक्रमों का आयोजन

**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिले के सितला में 5 दिसंबर 10 दिसंबर तक चलने वाली पांच दिवसीय कई कार्यक्रमों का आयोजन किए गए। कार्यक्रम में नाम–कीर्तन, यज्ञ तथा कृष्णा लीला आदि शामिल हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिष्ठित समाजसेवी सुकूमार देबनाथ ने की। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा एवं असम के कीर्तनमंडली सहित हरे राम कीर्तनमंडली ने बढ़–चढ़कर भागलिया। इसके अलावा कलकत्ता के बिरभूमि से प्रदीप पॉल, बोरासात से सोमश्री राय एवं मुर्सीदाबाद से चमिली पांडे ने भजन आदि सुनाए।

## डीटीडीसी के अध्यक्ष ने गुवाहाटी में नए ब्रांडेड स्टोर का अनावरण किया

**गुवाहाटी ( विभास )।** भारत की अग्रणी एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स कंपनी डीटीडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शुभाशीष भट्टाचार्जी ने गुवाहाटी में कंपनी के विभिन्न स्टोरो का शुभारंभ किया। इस मौके पर कौशिक भट्टाचार्जी, वीपी, सुकांत विश्वास, एनई के प्रमुख, शांतनु चक्रवर्ती सहित अन्य वरिष्ठ अधाकारी उपस्थित थे। इस दौरान सीएमडी शुभाशीष चक्रवर्ती ने चैनल पार्टनर्स के साथ भी बातचीत की और समग्र विकास के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव भी दिए। चार दिनों तक चले डीटीडीसी री ब्रांडिंग कार्यक्रम के दौरान गुवाहाटी के सभी 54 स्टोरों में एक साथ दौरा कर पुन: शुभारंभ किया गया। इस मौके पर चक्रवर्ती ने कहा कि देश भर में रणनीतिक रूप से तैनात 15,000 से अधिक चैनल पार्टनर्स के साथ, डीटीडीसी 96 प्रतिशत भारतीय आबादी को सेवा प्रदान कर रहा है। नेटवर्क पूरे भारत में 14,000+ पिन कोड और पूर्वोत्तर क्षेत्र में 400+ पिन कोड को कवर करता है, जिसने डीटीडीसी को व्यवसायों और व्यक्तियों के लिए पसंदीदा लॉजिस्टिक्स भागीदार बना दिया है। डीटीडीसी में, हम विकास और साझेदारी की शक्ति में विश्वास



करते हैं, और अपने एक्सप्रेस पार्सल, ई–कॉमर्स और अंतर्राष्ट्रीय वर्टिकल के माध्यम से हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम श्रेणी के समाधान प्रदान करना जारी रखते हैं। डीटीडीसी एक्सप्रेस लिमिटेड घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय सेवाएं प्रदान करने वाली भारत की अग्रणी एकीकृत एक्सप्रेस लॉजिस्टिक कंपनियों में से एक है। डीटीडीसी प्रौद्योगिकी–सक्षम लॉजिस्टिक्स सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जो विभिन्न उद्योग क्षेत्रों में ग्राहकों की एक विस्तृत श्रृंखला को सेवा प्रदान करता है। आज, डीटीडीसी भारत के सबसे बड़े भौतिक रूप से सुलभ एक्सप्रेस लॉजिस्टिक्स नेटवर्क का संचालन करता है और इसके 15,000 से अधिक विशिष्ट चैनल भागीदार हैं जो इसकी बिक्री और सेवा क्षमताओं में योगदान करते हैं।

## रंगिया में कांग्रेस के खिलाफ भाजपा का विरोध–प्रदर्शन


### कांग्रेसी नेताओं का पुतला फूंका



**रंगिया ( विभास )।** झाड़खंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के कई ठिकानों पर ईडी की रेड में 300 करोड़ से भी अधिक रुपए बरामद होने के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा है। पूरे देशभर में भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर इसका विरोध–प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी उत्तर कामरूप जिला समिति के अंतर्गत सभी मंडल और मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रंगिया में कांग्रेस के खिलाफ विरोध–प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता रंगिया के बीचों– बीच स्थित ऐतिहासिक हरदत्त–बीरदत्त भवन प्रांगण के सामने बड़ी तादाद में एकत्रित हुए और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस नेताओं का पुतला फूंका व कांग्रेस सांसद के खिलाफ कड़ी कारवाई करने की मांग की। सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुर्दाबाद, सोनिया गांधी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद, मल्लिकार्जुन खारगे मुर्दाबाद के नारे लगाए।

## पूर्वोत्तर में बैंगलुरू की एचसीजी कैंसर अस्पताल ने शुरू की ओपीडी सेवा

**गुवाहाटी ( विभास )।** भारत के सबसे बड़े कैंसर देखभाल नेटवर्क में से एक, एचसीजी ने आज पूर्वोत्तर भारत के लोगों की सेवा के लिए ऑन्कोलॉजिस्ट की एक व्यापक टीम के माध्यम से अपने ओपीडी परामर्श शुरू करने की घोषणा की। एचसीजी कैंसर अस्पताल बैंगलुरू के ऑन्कोलॉजिस्ट की एक समर्पित टीम मेडिसिटी सूचना केंद्र, गुवाहाटी में महीने में एक बार ओपीडी परामर्श के लिए उपलब्ध होगी। डॉक्टरों की टीम में वरिष्ठ सलाहकार रेडिएशन ऑन्कोलॉजी व निदेशक साइबरनाइफ डॉ. श्रीधर पीएस, सलाहकार हेमेटोलॉजी डॉ. नटराज केएस तथा सलाहकार लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन व हेपेटोलॉजिस्ट डॉ. बसंत महादेवप्पा शामिल हैं। यह पहल विशेषज्ञ ऑन्कोलॉजिस्ट और विशेष देखभाल तक पहुंच के साथ देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में रोगियों के लिए विश्व स्तरीय कैंसर देखभाल सेवाएं सुनिश्चित करेगी। इस ओपीडी के माध्यम से, एचसीजी कैंसर अस्पताल बैंगलुरू के ऑन्कोलॉजिस्ट पूर्वोत्तर में कैंसर की शीघ्र पहचान, चिकित्सा देखभाल तक बेहतर पहुंच, जागरूकता बढ़ाने और कैंसर देखभाल के लिए एक बहु–विषयक दृष्टिकोण का अवसर प्रदान करेंगे। इसका उद्देश्य कैंसर के मामलों का निदान और मूल्यांकन प्रदान करना है, ताकि बीमारी का आसान और शीघ्र पता लगाया जा सके और उपचार में हस्तक्षेप किया जा सके। अपनी स्थापना के बाद से नवाचार और मूल्य–आधारित देखभाल के लिए अपनी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए जाना जाने वाला एचसीजी कैंसर देखभाल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। पूर्वोत्तर भारत एचसीजी कैंसर अस्पताल बैंगलुरू बहु–विषयक देखभाल में माहिर है, जिसमें साइबरनाइफ, रोबोटिक सर्जरी, वयस्क और बाल चिकित्सा अस्थि मज्जा प्रत्यारोपण, यकृत प्रत्यारोपण, उच्च अंत इम्यूनोथेरेपी और कैंसर रोगियों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार जीनोमिक्स शामिल हैं। अपनी विशेषज्ञ टीम को पूर्वोत्तर भारत में लाकर, एचसीजी कैंसर अस्पताल बैंगलुरू का लक्ष्य व्यापक समुदाय तक उच्च गुणवत्ता वाले कैंसर देखभाल पहुंचाना है। सुश्री मनीषा कुमार, क्षेत्रीय मुख्य परिचालन अधिकारी कर्नाटक ने कहा कि हम ओपीडी परामर्श के शुभारंभ की घोषणा करते हुए और अपनी व्यापक ऑन्कोलॉजी टीम को पेश करते हुए रोमांचित हैं जो अब पूर्वोत्तर भारत के लोगों के लिए उपलब्ध होगी। उत्कृष्टता का केंद्र, एचसीजी कैंसर अस्पताल बैंगलोर, विशेष कैंसर उपचार में सबसे आगे रहा है और निदान और रोगी देखभाल में नए मानक स्थापित कर रहा है। पूर्वोत्तर में हमारी सेवाओं के विस्तार के साथ, हमारा लक्ष्य इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कैंसर देखभाल तक पहुंच में सुधार करना है। एचसीजी में बहु–विषयक दृष्टिकोण न केवल अत्याधुनिक उपचार बल्कि समग्र, रोगी–केंद्रित देखभाल प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। हम क्षेत्र में अपने रोगियों के लिए सर्वोत्तम संभव नैदानिक परिणाम प्रदान करने के लिए नवीनतम प्रगति और वैयक्तिकृत चिकित्सा के साथ एकीकृत सर्वोत्तम उपचार तकनीकों का आश्वासन देते हैं। डॉ. श्रीधर पीएस, वरिष्ठ सलाहकार रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और निदेशक साइबरनाइफ, एचसीजी कैंसर अस्पताल, बैंगलुरू ने कहा, हम देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्र को सेवाएं देने के लिए उत्साहित हैं, जहां कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। अपनी ओपीडी के माध्यम से, हम व्यक्तियों को सक्रिय और नियमित जांच के लिए प्रोत्साहित करते हैं जो शीघ्र पता लगाने, हस्तक्षेप और देखभाल में सहायता कर सकता है। इस विस्तार के साथ, हमारी प्रतिबद्धता प्रत्येक रोगी की विशिष्ट स्थितियों और आवश्यकताओं के लिए सटीक और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करते हुए, सबसे उन्नत और वैयक्तिकृत उपचार प्रदान करना है। डॉ. नटराज केएस, हेमाटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ, एचसीजी कैंसर अस्पताल, बैंगलुरू ने कहा, एक रोगी–केंद्रित, बहु–विषयक दृष्टिकोण कैंसर देखभाल के लिए एचसीजी के समर्पण को रेखांकित करता है। हेमेटो–ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन में हमारे दृष्टिकोण में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और वयस्क और बाल रोगियों दोनों के प्रति दयालुता का संयोजन शामिल है। हमें देश के इस हिस्से में साथी नागरिकों तक अपनी सेवाएं पहुंचाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उन्हें उच्चतम मानक की देखभाल और सहायता मिले। डॉ. बसंत महादेवप्पा, लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन, एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल, बैंगलुरू ने कहा, यह विस्तार कैंसर देखभाल से परे हमारी विशेषज्ञता का विस्तार करने के हमारे मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। एचसीजी में, हम लिवर ट्रांसप्लांट के प्रक्रियात्मक पहलुओं से परे जाकर, बहाली पर ध्यान केंद्रित करते हैं और हमारे रोगियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में वृद्धि करता है। हम पूर्वोत्तर भारत के लोगों को घर के नजदीक व्यापक, समग्र उपचार तक पहुंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एचसीजी कैंसर अस्पताल बैंगलुरू अपने नवोन्मेषी उपचार प्रोटोकॉल, अत्याधुनिक निदान और उपचार तकनीक और असाधारण रोगी परिणामों के लिए प्रसिद्ध है जो अपनी स्थापना के बाद से लाखों रोगियों को अनुकरणीय देखभाल प्रदान करता है। उच्च–स्तरीय परमाणु चिकित्सा और पीईटी–सीटी से लेकर निदान के लिए जीनोमिक्स और कम खुराक वाली इम्यूनोथेरेपी तक सभी कैंसर के निदान और उपचार के लिए दुनिया की नवीनतम तकनीक से सुसज्जित, केंद्र अपने रोगी–केंद्रित दृष्टिकोण के लिए खड़ा है।




# देश के हर कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर उत्साह : प्रधानमंत्री




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा ऐसे लोगों तक पहुंचने का बहुत बड़ा माध्यम बनी है, जो अब तक सरकार की योजनाओं से नहीं जुड़ पाए। देश के हर कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर उत्साह है। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है कि इतने कम समय में अब तक सवा करोड़ से अधिक लोग मोदी की गारंटी वाली गाड़ी तक पहुंचे हैं और उसका स्वागत किया है, उससे जुड़ने की कोशिश की है और उसे सफल बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 40 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों तक मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंची है। देशभर में करोड़ों परिवारों को हमारी सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचने के बाद लगभग एक लाख नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। इस यात्रा के दौरान मौके पर ही 35 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में भाजपा को मिली जीत के लिए जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनावों के नतीजों से यह स्पष्ट हो गया कि लोगों को 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा है। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल ये सीधी सी बात नहीं समझ पाते कि झूठी घोषणाएं करके उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि गत नौ वर्षों में हाशिये पर रहे लोगों के विकास के लिए कार्य किया गया। लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, ये मेरे लिए संतोष की बात है। पहले की योजनाएं केवल कागजों तक ही सीमित रह जाती थीं। विकसित भारत बनाने के लिए प्रत्यके परिवार में बदलाव की जरूरत बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, देश का हर गरीब मेरे लिए वीआईपी है। देश की हर माता-बहन-बेटी मेरे लिए वीआईपी है। देश का हर किसान मेरे लिए वीआईपी है। देश का हर युवा मेरे लिए वीआईपी है।

# अमित शाह आज पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह आज (रविवार) पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। गृह मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार क्षेत्रीय परिषद में बिहार, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा और झारखंड राज्य शामिल हैं। यह बैठक केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन अंतर राज्य परिषद सचिवालय के तत्वावधान में बिहार सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इस बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ-साथ प्रत्येक राज्य से दो वरिष्ठ मंत्री हिस्सा लेंगे। राज्य सरकारों के मुख्य सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी व केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में हिस्सा लेंगे। मंत्रालय के अनुसार राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 1956 की धारा 15-22 के तहत वर्ष 1957 में पांच क्षेत्रीय परिषदों की स्थापना की गई थी। केन्द्रीय गृह मंत्री इन पांचों क्षेत्रीय परिषदों में प्रत्येक के अध्यक्ष हैं। क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री/उप राज्यपाल सदस्य हैं। इनमें से एक मुख्यमंत्री हर साल बारी-बारी से उपाध्यक्ष होते हैं। राज्यपाल की ओर से प्रत्येक राज्य से दो और मंत्रियों को परिषद के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है। प्रत्येक क्षेत्रीय परिषद ने मुख्य सचिवों के स्तर पर एक स्थायी समिति का भी गठन किया है। पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री उपाध्यक्ष हैं। राज्यों की ओर से प्रस्तावित मुद्दों को सर्वप्रथम संबन्धित क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति के समक्ष चर्चा के लिए प्रस्तुत किया जाता है। जिन मुद्दों का आपसी सहमति से समाधान नहीं निकल पाता है उन्हें क्षेत्रीय परिषद की बैठक में विचार-विमर्श के लिए प्रस्तुत किया जाता है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्रीय परिषदों की प्रत्येक बैठक में राष्ट्रीय महत्व के अनेक मुद्दों पर भी चर्चा की जाती है। इनमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ दुष्कर्म के मामलों की त्वरित जांच और इसके शीघ्र निपटान के लिए फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालयों का कार्यान्वयन, प्रत्येक गांव में पांच कि.मी. के भीतर बैंकों/इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक शाखाओं की सुविधा,देश में दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) का निर्माण, पोषण अभियान के माध्यम से बच्चों में कुपोषण दूर करना, स्कूली बच्चों की ड्रॉप आउट दर कम करना, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में सरकारी अस्पतालों की भागीदारी व राष्ट्रीय स्तर के सामान्य हित के अन्य मुद्दें शामिल हैं।

# महाराष्ट्र में एनआईए की 44 जगहों पर छापेमारी, 15 संदिग्ध हिरासत में





**मुंबई, (हि.स.)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) और आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की टीम ने शनिवार को तड़के महाराष्ट्र में 44 जगहों पर छापामार कार्रवाई करते हुए 15 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम ने इन सबके पास से मोबाइल फोन और लैपटाप सहित कुछ अन्य सामान बरामद किए हैं। हालांकि अभी तक एनआईए की ओर से इस संबंध में अधिकृत जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों के अनुसार एनआईए को मिले गोपनीय इनपुट के आधार पर आज तड़के एनआईए और एटीएस की टीम ने संयुक्त रूप से महाराष्ट्र के पुणे में 1, ठाणे ग्रामीण में 31, ठाणे शहर में 1 और भयंदर में 1, मुंबई में एक, इस तरह 44 जगहों पर पर छापा मारा है। बताया जा रहा है कि पुणे में संदिग्ध शोएब अली शेख और अनवर अली शेख के घर पर छापेमारी के दौरान लैपटाप, मोबाइल और अन्य सामान जब्त किए गए हैं। यहां से पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इसी तरह ठाणे के भिवंडी स्थित पडघा बोरीवली में भी एनआईए की टीम ने छापेमारी करते हुए दस लोगों को हिरासत में लिया है। इन सभी से पूछताछ की जाएगी और बाद में जरूरत पड़ने पर इन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। एनआईए की टीम ने मुंबई के अंधेरी कार्गो इलाके में भी आज छापा डाला है। यह कार्रवाई बेहद गोपनीय रखी गई है। जानकारी के अनुसार पुणे और भिवंडी में एनआईए की टीम ने इससे पहले आईएसआईएस माड्यूल से जुड़े संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उस समय पता चला था कि इन सभी को विदेश से भारतवर्ष में आतंकी गतिविधियों को फैलाने का निर्देश मिला था। इन सभी से गहन छानबीन के बाद एनआईए को पता चला था कि पकड़े गए सभी को बम विस्फोट और हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी गई थी और इन्हें विदेश से पैसे मिलते थे। बताया जा रहा है कि एनआईए की टीम को आज संदिग्धों के पास से बम बनाने से संबंधित कागज-पत्र भी मिले हैं। फिलहाल इस मामले की गहन छानबीन अभी भी जारी है।

# केजरीवाल सरकार की कैबिनेट में फेरबदल



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दिल्ली में केजरीवाल सरकार की कैबिनेट में फेरबदल हुआ है। दिल्ली की मंत्री आतिशी को कानून एवं न्याय विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि मंत्री कैलाश गहलोत को उनके वर्तमान विभागों के अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग आवंटित किया गया है। इससे पहले कानून एवं न्याय विभाग की जिम्मेदारी कैलाश गहलोत निभा रहे थे। वहीं महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का जिम्मा आतिशी के पास था। दिल्ली सरकार ने एक गजट अधिसूचना में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट के अनुसार सीएम दफ्तर ने उपराज्यपाल (एलजी) कार्यालय को पत्र लिखकर विभागों की अदला-बदली की सिफारिश की थी, जिसे एलजी की मंजूरी भी मिल गई है। इस बदलाव के साथ आतिशी के पास अब कानून एवं न्याय विभाग समेत 14 विभाग हैं, जो केजरीवाल सरकार के मंत्रियों में सबसे ज्यादा है। इससे पहले अक्टूबर में उन्हें जल विभाग का प्रभार सौंपा गया था।

# प्रधानमंत्री मोदी ने की सोनिया गांधी के दीर्घायु होने की कामना




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईश्वर से कामना की है कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दीघार्यु रहें। श्रीमती गांधी के 77वें जन्मदिन पर बधाई देते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, श्रीमती सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें दीघार्यु और अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करे। वहीं कांग्रेस ने शुभकामनाएं देते हुए लिखा, उस व्यक्ति को जन्मदिन की शुभकामनाएं जो सत्यनिष्ठा, करुणा और साहस के उच्चतम गुणों का प्रतीक है। वह शक्ति का एक स्तंभ हैं, जिन्होंने बड़ा त्याग करते हुए अपना जीवन सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए एक्स पर लिखा, श्रीमती सोनिया गांधी जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। उनके अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना करता हूं। वहीं दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख ने भी पोस्ट करते हुए लिखा, श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना करता हूं। सोनिया गांधी का जन्म 9 दिसंबर, 1946 को इटली में हुआ था। वह सबसे लंबे समय तक कांग्रेस की अध्यक्ष रहीं। उन्होंने पिछले कुछ साल से स्वास्थ्य संबंधी कारणों के चलते सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली है और उनके बेटे राहुल गांधी एवं बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# कांग्रेस के कैश कांड पर भाजपा हमलावर, धीरज साहू को बताया राहुल गांधी का करीबी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस सांसद धीरज साहू के परिसरों पर छापे में अब तक 300 करोड़ रुपये की बरामदगी किये जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी हमलावर है। भाजपा ने धीरज साहू को कांग्रेस नेता राहुल गांधी का अत्यंत करीबी बताते हुए कहा है कि यही कांग्रेस पार्टी का चेहरा, चाल और चरित्र है। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के पास से 300 करोड़ रुपये बरामद किए गए हैं। इसके बावजूद कांग्रेस के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे इस पर चुप्पी साधे हुए हैं। साफ है कांग्रेस भ्रष्टाचार की जन्मस्थली बन गई है। तीन बार से राज्य सभा सदस्य धीरज साहू राहुल गांधी के काफी करीबी हैं। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में 300 करोड़ से ज्यादा रुपये की बरामदगी चिंताजनक है। तीन दिनों से चल रही इस छापेमारी में इतना पैसा मिला है कि आईटी डिपार्टमेंट 157 बोरियां लेकर आया और वो भी कम पड़ गईं। नौ अलमारियां और रुपये गिनते गिनते मशीनें खराब हो गईं और अधिकारी थक गये लेकिन नोट कम नहीं पड़ रहे। यही कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा है। जहां जहां उनकी या समर्थित सरकारें हैं, ऐसे तमाम नेता तिजोरियां भर रहे रहे हैं। जाहिर है कि पार्टी हाईकमान को भी हिस्सा जाता ही होगा वरना इतना पैसा जमा करने की किसकी हिम्मत है।

# तेलंगाना विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर बने ओवैसी




**हैदराबाद(ईएमएस)।** तेलंगाना में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को बड़ी जीत हासिल हुई है। यहां रेवंत रेड्डी को सीएम बनाया गया है। उनकी शपथ के बाद राज्य विधानसभा में प्रोटेम स्पीकर की नियुक्ति भी की गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी ने शनिवार को नवनिर्वाचित तेलंगाना राज्य विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ ली। राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने राजभवन में एक समारोह में उन्हें शपथ दिलाई, जिसमें मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और पिछली विधानसभा के अध्यक्ष पोचारम श्रीनिवास रेड्डी भी मौजूद थे। अल्लाह के नाम पर शपथ लेने वाले ओवैसी बाद में सदन के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। समारोह में मंत्री डी. श्रीधर बाबू, तुम्मला नागेश्वर राव, सीताक्का, पूर्व मंत्री तथा बीआरएस नेता टी. हरीश राव और अन्य शामिल हुए। राज्यपाल द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारत के संविधान के अनुच्छेद 178 के तहत अध्यक्ष चुने जाने तक ओवैसी अध्यक्ष के कर्तव्यों का पालन करेंगे। विधानसभा के सबसे वरिष्ठ सदस्य होने के नाते एआईएमआईएम विधायक को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है। हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में वह लगातार छठी बार हैदराबाद के चंद्रायनगुट्टा निर्वाचन क्षेत्र से चुने गए। यह लगातार दूसरी बार है जब एआईएमआईएम के किसी विधायक को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया गया है।

# थाईलैंड, श्रीलंका और मलेशिया के बाद अब इंडोनेशिया भी भारत के लोगों को बिना वीजा देगा एंट्री




**नई दिल्ली (ईएमएस)।** दुनिया के फलक पर बढ़ती भारत की धाक का ही परिणाम है कि कई देश भारत के लोगों को बिना वीसा के प्रवेश की अनुमति दे रहे हैं। थाईलैंड, श्रीलंका, मलेशिया के बाद अब इंडोनेशिया भी भारत के लोगों को बिना वीसा के एंट्री देने जा रहा है। इंडोनेशियाई पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, एक महीने के अंदर इस फैसले पर मुहर लग सकती है। इंडोनेशिया ने यह फैसला भारतीय पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इंडोनेशिया के पर्यटन मंत्री सैंडियागा यूनो ने गुरुवार को कहा कि उन्हें सरकार से कुछ देशों के पर्यटकों के लिए वीजा फ्री एंट्री देने पर विचार करने के निर्देश मिले हैं। इंडोनेशिया अपने पर्यटन और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका, चीन, ऑस्ट्रेलिया, भारत, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस सहित 20 देशों के नागरिकों को वीजा फ्री एंट्री देने पर विचार कर रहा है। इंडोनेशिया के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, कोविड महामारी से पहले 2019 में लगभग एक करोड़ 60 लाख से ज्यादा विदेशी पर्यटक इंडोनेशिया आए। वहीं, इस साल जनवरी से अक्टूबर तक लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटक इंडोनेशिया आए। अगर इसकी तुलना पिछले साल की इसी अवधि से की जाए तो पर्यटकों की संख्या में लगभग 124 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश इंडोनेशिया का यह फैसला इसलिए भी मायने रखता है, क्योंकि हाल ही में मुस्लिम बहुल देश मलेशिया ने भी चीन और भारतीय पर्यटकों के लिए वीजा फ्री एंट्री देने की घोषणा की है। इससे पहले सितंबर में इंडोनेशिया ने विदेशी व्यक्तियों और कॉरपोरेट निवेशकों को लुभाने के लिए गोल्डन वीजा की घोषणा की थी। मलेशिया से पहले उसके पड़ोसी देश थाईलैंड ने भी देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ऐसा ही एक कदम उठाया था। थाईलैंड की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान है लेकिन कोविड के कारण उसके पर्यटन सेक्टर को बड़ा धक्का लगा है। पर्यटन सेक्टर को पुनर्जीवित करने के लिए थाईलैंड ने भारत, चीन समेत कई देशों के नागरिकों को वीजा फ्री एंट्री देना शुरू किया है।

# आईएमए ने राष्ट्र को सौंपे 343 युवा सैन्य अधिकारी

**देहरादून, (हि स.)।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से शनिवार को 372 कैडेट पास आउट हुए। इनमें 343 भारतीय सेना का हिस्सा बनेंगे। 12 मित्र देशों के 29 कैडेट भी पास आउट हुए। पासिंग आउट परेड की सलामी श्रीलंका के सीडीएस जनरल डॉ. शिवेंद्र सिल्वा ने ली। पासिंग आउट परेड के मद्देनजर अकादमी के आसपास सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया गया। परेड में हिस्सा लेने वाले आत्मविश्वास व जोश से लबरेज जेंटलमैन कैडेट्स भारतीय सैन्य अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने ड्रिल स्क्वायर पर सुबह नौ बजे पहुंचे। इसके बाद परेड स्थल पर आईएमए के निशान लाया गया। निरीक्षण अधिकारी श्रीलंका के चीफ आफ डिफेंस स्टाफ जनरल शिवेंद्र सिल्वा शौर्य मार्ग से परेड स्थल पर पहुंच कर सलामी ली। इसके बाद निरीक्षण अधिकारी ने नौ बजकर चार मिनट पर परेड का निरीक्षण किया। उनके साथ आज के परेड कमांडर मोहित बेनवाल मौजूद रहे। परेड में शामिल कैडेट्स ने विजय भारत की धुन पर मार्च किया। इन युवा सैन्य अधिकारियों पर हेलीकाप्टरों के जरिए पुष्प वर्षा की गई। परेड के बाद आयोजित पीपिंग व ओथ सेरेमनी के बाद पासिंग आउट बैच के 372 जेंटलमैन कैडेट देश-विदेश की सेना में बतौर अफसर शामिल हो गए। इनमें 343 युवा सैन्य अधिकारी भारतीय थलसेना को मिले। इन्हें मिला अवार्ड: प्रतिष्ठित स्वॉर्ड ऑफ ऑनर बीयूओ गौरव यादव,ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पाने वाले अधिकारी कैडेट के लिए स्वर्ण पदक बीयूओ गौरव यादव, ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर रहने वाले अधिकारी कैडेट के लिए रजत पदक बीयूओ सौरभ बधानी, ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर रहने वाले अधिकारी कैडेट के लिए कांस्य पदक बीयूओ आलोक सिंह, तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम से मेरिट क्रम में प्रथम स्थान पाने वाले अधिकारी कैडेट के लिए रजत पदक ओसी अजय पंत, मैत्रीपूर्ण विदेशी देश से ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पाने वाले अधिकारी कैडेट के लिए बांग्लादेश पदक ओसी शैलेश भट्टा (नेपाल) को, शरद ऋतु अवधि 2023 के लिए 12 कंपनियों के बीच समग्र रूप से प्रथम स्थान पाने के लिए कोहिमा कंपनी को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर से सम्मानित किया गया। 372 कैडेटस हुए पास आउट: इस बार 27 राज्यों के कैडेट पीओपी में शामिल हुए। भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) से शनिवार को 372 में 343 भारतीय सेना का हिस्सा बनें, जबकि 12 मित्र देशों के 29 कैडेट भी पास आउट हुए। जेंटलमैन कैडेट्स में से 68 जीसी उत्तर प्रदेश से हैं, दूसरे नंबर पर उत्तराखंड के 42 जीसी पासिंग आउट हुए। इसके अलावा महाराष्ट्र के 28, बिहार के 27, हरियाणा के 22 और पंजाब के 20, कर्नाटक के 11, हिमाचल प्रदेश के 14, जम्मू कश्मीर के 10, पश्चिम बंगाल और केरल के 9- 9, दिल्ली के 8, मध्य प्रदेश के साथ झारखंड, उड़ीसा के 5-5, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और नेपाली मूल के भारतीय 4-4, नई दिल्ली और गुजरात के 2-2, जबकि तेलंगाना, मेघालय, मणिपुर, असम और अरुणाचल प्रदेश के 1-1 कैडेट शामिल हैं। मित्र देशों के 29 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट:-इस बार 12 मित्र देशों के कुल 29 जेंटलमैन कैडेट्स पासिंग आउट हुए। इसमें भूटान के 9, मालदीव्स और श्रीलंका के 4-4, मॉरीशस के 3, नेपाल के दो, बांग्लादेश, ताजिकिस्तान, म्यांमार, सूडान, कजाकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान से 1-1 जीसी पास आउट हुए। आईएमए की स्थापना के बाद से अब तक यहां से 65234 देशी और विदेशी कैडेट्स पास आउट हो चुके हैं। आईएमए के नाम अब तक 2914 विदेशी कैडेट्स को ट्रेनिंग देने का गौरव जुड़ गया। इस मौके पर जीओसी-इन-सी कमांड वेस्टन लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार,आईएमए के लेफ्टिनेंट जनरल कमांडेंट वीके मिश्रा, उप समादेशक और मुख्य परिशिक्षक आलोक जोशी, लेफ्टिनेंट जनरल गजेंद्र सिंह संधू उपपस्थित रहे।

# गहलोत का भाजपा से सवाल- छह दिन में क्यों नहीं कर पाए सीएम के नाम की घोषणा



**जयपुर/नई दिल्ली, (हि.स.)।** राजस्थान के कार्यवाहक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की पोल खुलती नजर आ रही है। छह दिन तक भाजपा नेतृत्व राजस्थान का मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाता है और भाजपा नेता कहते हैं पार्टी में अनुशासन है। गहलोत शनिवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश में सीएम चयन में हो रही देरी पर तंज कसते हुए कहा कि आप अब तक सीएम नहीं चुन पाए हो जबकि अगर कांग्रेस पांच-छह दिन मुख्यमंत्री का फैसला नहीं करती तो पता नहीं आप क्या-क्या चिल्लाते कि आपस में फूट है, झगड़ा है। अब आप इनको पूछो क्या है? आपके पास क्या है? आज छह दिन हो गए हैं, मुख्यमंत्री का फैसला नहीं हुआ। गहलोत ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या हुई। एनआईए जांच के लिए केंद्र सरकार को मुझे लिखकर भेजना पड़ा। एनआईए जांच का लेटर मेरे साइन से गया है कि इस मर्डर की जांच एनआईए से होनी चाहिए, हमें ऑब्जेक्शन नहीं है जबकि यह काम नए मुख्यमंत्री का था। राज्यपाल ने मुझे कार्यवाहक सीएम बना रखा है,जब तक नया सीएम शपथ नहीं ले, मुझे कार्रवाई करनी पड़ती है। मैं चाहता हूं जल्दी इसका फैसला हो। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार पर गहलोत ने कहा कि भाजपा के पास कोई इश्यू नहीं था, इन्होंने धार्मिक तनाव बढ़ाने वाले भाषण दिए। चुनाव का ध्रुवीकरण कर दिया। राष्ट्रीयता, ध्रुवीकरण, हिंदू-मुस्लिम तो फिर आप देख सकते हो क्या होता है? वही हुआ हमने कहा था, जनता माई बाप होती है, वो जो फैसला करेगी, उसे विनम्रता से स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि हम चाहते थे कि चुनाव स्थानीय मुद्दों पर हो। भाजपा नेता हमारे पांच साल के कार्यकाल पर बात करते, उसकी कमियां बताते लेकिन चुनाव को धर्म के नाम पर ले गए। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री किसी ने भी हमारे कामकाज की चर्चा नहीं की, इसका मुझे दुख है। कन्हैयालाल मर्डर पर झूठ फैलाया गया कि केवल पांच लाख दिए गए, जबकि कन्हैयालाल के परिजनों को पचास लाख मिले थे। भाजपा ने पब्लिक में भर दिया है कि उसको बहुत कम पैसा मिला। इतनी बड़ी घटना हुई, यह नहीं कहा कि एनआईए जांच का फैसला उसी रात कर दिया था। गहलोत ने कहा कि कन्हैयालाल मर्डर की जांच एनआईए से करवाने का फैसला उसी रात कर लिया था। अभी तक उसकी जांच पूरी नहीं की है। हमारे पास केस होता तो हो सकता है, अब तक आरोपितों को सजा हो जाती। इन्होंने कुछ नहीं किया। गहलोत ने कहा कि चुनाव के दौरान इनके पास कोई मुद्दा नहीं था, केवल भड़काने का काम किया। ये लोकतंत्र की हत्या करने वाले लोग हैं। संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स महकमों का दुरुपयोग कर रहे हैं। चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के घर घुस गए। वैभव गहलोत को नोटिस दे दिया, बुला लिया। ये डिस्टर्ब करना जानते हैं। पूरे देश के अंदर बहुत खतरनाक खेल चल रहा है, जनता आज नहीं तो कल जवाब देगी।

# निजी क्षेत्र में युवकों को रोजगार का सार्थक प्रयास कर रही सरकार : अनिल राजभर




**वाराणसी, (हि.स.)।** करौंदी स्थित आईटीआई ग्राउंड पर शनिवार को आयोजित सांसद रोजगार मेला काशी-2023 में बेरोजगार युवाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मेले में 350 से अधिक कम्पनियां युवाओं को विभिन्न पदों पर सेवायोजित करेंगी। इस अवसर पर आयोजित सभा में प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उनके संसदीय क्षेत्र के नव युवकों को निजी कम्पनियों में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए सरकार सार्थक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। प्रधानमंत्री ने भी इस 15 अगस्त के सम्बोधन में कहा कि युवा शक्ति हमारी प्राथमिकता है। प्रदेश में मुख्यमंत्री मिशन रोजगार चलाया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि बहनों को रोजगार से जोड़ने के लिए मिशन शक्ति चलाया जा रहा है। हम तीन प्रकार से बरोजगारी दूर करने का प्रयास करते हैं। एक सरकारी सेवा में आकर, दूसरा स्वरोजगार के माध्यम से और तीसरा हम निजी क्षेत्र में जाकर बेरोजगारी की समस्या का समाधान करते हैं।

राजभर ने कहा कि हमारी सरकार ने तीनों मोर्चे पर रात दिन मेहनत करके एक सुखद परिणाम आपके सामने रखा है। पिछले 06 वर्षों में प्रदेश सरकार ने आठ लाख लोगों को निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने का कार्य किया है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री का संकल्प और प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करना है। युवा शक्ति को सशक्त बनाना है। इसका परिणाम है कि प्रदेश सरकार ने पिछले 6 वर्षों में 06 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी से जोड़ा है। प्रदेश में कोई भी नौजवान बेरोजगार न रहे उसके सामने रोजी रोटी की समस्या न रहे, हमारी सरकार इतना बड़ा प्लेटफार्म लेकर दस हजार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के संकल्प के साथ आपके सामने उपस्थित हुई है। मेले में जिलाधिकारी एस राजलिंगम, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल सहित सभी सम्बन्धित विभाग के अफसर उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा नए भारत का दर्शन : योगी

**– विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सुना प्रधानमंत्री का वर्चुअल संबोधन**




**गोरखपुर, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछले साढ़े नौ सालों के अंदर भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सर्वांगीण विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन हो रहा है। नया भारत वैश्विक स्तर पर 142 करोड़ भारतवासियों के गौरव को बढ़ाता है। इस भारत में बड़ी-बड़ी परियोजनाएं तो आगे बढ़ ही रही हैं, सबका साथ सबका विकास के ध्येय के अनुरूप योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सब तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री योगी शनिवार को गोरखपुर के झारखंडी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सुनने से पूर्व उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले 1100 आवासों के प्रतीकात्मक भूमि पूजन में भी सम्मिलित हुए और जनहित की योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की चर्चा की और कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों के अंदर देश में 10 करोड़ से अधिक गरीबों के शौचालय बनाए गए हैं। इनमें से 4 करोड़ शौचालय उत्तर प्रदेश के लोगों के बने हैं। देश मे 4 करोड़ गरीबों के आवास बनवाए गए हैं। जिनमें से 55 लाख यूपी में बने हैं। देश में 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना से पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ मिल रहा है। यूपी में इस योजना से 10 करोड़ लोग सुविधा प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर कोरोना से देश में 80 करोड़ तथा उप्र में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त खाद्यान्न की सुविधा मिल रही है। शासन की ये योजनाएं सबको आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।

**शासन की योजनाओं के लाभ से कोई भी वंचित नहीं रहेगा –** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ 15 नवंबर को पीएम मोदी ने झारखंड के एक सुदूर गांव से किया है। 26 जनवरी तक यह यात्रा देश के हर गांव तक पहुंचेगी। इस यात्रा के दौरान शासन की योजना से लाभान्वित लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी से अन्य लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। यात्रा के दौरान ही पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ा भी जा रहा है।

उन्होंने सबको विश्वास दिलाया कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में कुछ लाभार्थियों में मुख्यमंत्री से अपने अनुभव साझा किए और योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार के प्रति आभार जताया। मुख्यमंत्री योगी ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों के स्टालों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने नन्हे मुन्ने बच्चों को दुलारकर उनका अन्नप्राशन कराया और उपहार दिया। वह कुछ देर तक बच्चों के साथ खेलते रहे। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी की।

**झारखंडी महादेव की पूजा अर्चना –** कार्यक्रम में सम्मिलित होने के पूर्व मुख्यमंत्री योगी ने झारखंडी महादेव मंदिर में विधि विधान से देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना कर लोक मंगल की प्रार्थना की।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू की सदस्यता समाप्त करने की मांग को लेकर भाजपा का प्रदर्शन



**गाजियाबाद, (हि.स.)।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू की सदस्यता समाप्त करने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी की महानगर इकाई ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी नगर गंभीर सिंह को सौंपा। भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में तमाम भाजपाई कलक्ट्रेट पर एकत्र हुए तथा प्रदर्शन किया। संजीव शर्मा ने कहा कि झारखण्ड राज्य से निर्वाचित कांग्रेस पार्टी के राज्य सभा सांसद के परिसरों से लगभग 200 करोड़ रुपयों से अधिक की नकदी बरामद हुई है, किसी के पास इतनी बड़ी मात्र में नकदी बरामद होना चिंतनीय और गंभीर विषय है और वो भी तब जब जब वो भारतीय संसंद के सदस्य हों। इस अति संवेदनशील विषय पर इस प्रकार के अपराध हेतु समस्त प्राधिकारों प्राप्त अधिकारिक जाँच प्राधिकरण से इस प्रकरण से जुड़े सभी लोंगों पर चाहे वे किसी राजनीतिक पार्टी से हों, प्रभावशाली हों या अन्य हों, की निष्पक्ष एवं विस्तृत जाँच कर दोषियों को चिह्नित कर कानूनसम्वत कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाए।

विधायक अजीत पाल त्यागी ने कहा कि ये आर्थिक अपराध की वो श्रेणी है जिससे राष्ट्र के विकास में अपूर्णीय क्षति होती है, और एक चयनित या मनोनीत जनप्रतिनिधि यदि इस प्रकार का आर्थिक अपराध करता है तो वह राष्ट्र की जनता के साथ राष्ट्र के संप्रभुता का भी अपराधी है और यह अपराध अक्षम्य है और इस के लिए वह राजनैतिक दल भी दोषी है जिन्होंने ऐसे देश द्रोही अपराधियों को अपने दल से चयनित कर संसद का सदस्य मनोनीत किया है, ऐसे में उस राजनीतिक दल को भी इस अपराध में शामिल माना जाना चाहिए।

# सपा विधायक के अनशन में पहुंचे किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी



**मेरठ, (हि.स.)।** निजी अस्पतालों के खिलाफ चल रहे सपा विधायक अतुल प्रधान का आमरण अनशन शनिवार को छठें दिन भी जारी रहा। अनशन में किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी भी शामिल हुए। उन्होंने 11 दिसंबर तक मांग पूरी नहीं होने पर खुद भी अनशन पर बैठने की घोषणा की। कलक्ट्रेट में चल रहे विधायक अतुल प्रधान के आमरण अनशन स्थल पर किसान नेता गुरनाम सिंह चढूनी भी पहुंचे। इससे पहले भाकियू नेता राकेश टिकैत ने भी सपा विधायक के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। चढूनी ने कहा कि 11 दिसंबर तक प्रशासन द्वारा मांग पूरी नहीं होने पर मैं भी अनशन पर बैठूंगा। विधायक अतुल प्रधान जनता की लड़ाई लड़ रहे हैं। जाति, धर्म, क्षेत्र से ऊपर उठकर इंसानियत की लड़ाई लड़ी जा रही है। इस आंदोलन से प्रदेश की तस्वीर बदल जाएगी। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि 11 दिसंबर की महापंचायत पूरी तरह ऐतिहासिक होगी। 1857 की क्रांतिधरा से अत्याचार के खिलाफ जंग लड़ी जा रही है। यह मेरी अकेले की लड़ाई नहीं है, यह मेरठ की जनता की लड़ाई है। निजी अस्पतालों की मनमानी से आम जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। मरीजों से अनापशनाप बिल वसूले जा रहे हैं।

# नीतीश कुमार वाराणसी में सभा कर फूंकेंगे चुनावी बिगुल



**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनावी बिगुल फूंकेंगे। लोकसभा चुनाव में जदयू और इंडिया गठबंधन के पक्ष में माहौल बनाने के लिए रोहनिया विधानसभा में 24 दिसम्बर को बिहार के मुख्यमंत्री जनसभा करेंगे। कुर्मी बहुल क्षेत्र में नीतीश कुमार जातिगत चुनावी समीकरण बनाने के साथ भाजपा के खिलाफ मोर्चा भी खोलेंगे। शनिवार को नगर में आए बिहार सरकार के मंत्री व जदयू के संगठन मंत्री और यूपी के प्रभारी श्रवण कुमार ने बताया कि रोहनिया में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली चुनावी जनसभा होगी। जनसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के विकास मॉडल को जनता के सामने रखेंगे। उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार के उत्तर प्रदेश के फूलपुर, बनारस, अम्बेडकर नगर और प्रतापगढ़ से लड़ने की चर्चा है। नीतीश कुमार कहां से लड़ेंगे यह उनकी पार्टी को तय करना है। आईएनडीआईए गठबंधन में नीतीश कुमार भी प्रधानमंत्री पद के दावेदारों में एक नाम हैं। बिहार में लोकसभा चुनाव के लिए सियासी बिसात बिछाने की तैयारी में यह गठबंधन जुटा हुआ है। बिहार में राजग और विपक्षी गठबंधन के बीच सीधी लड़ाई होगी। बिहार के साथ उत्तर प्रदेश में भी भाजपा और उसके सहयोगी दलों के गठबंधन (राजग) के खिलाफ विपक्षी गठबंधन ने घेराबंदी शुरू कर दी है। चुनावी जंग में जेडीयू नेता गुजरात और उत्तर प्रदेश के भाजपा मॉडल पर सवाल भी खड़ा करेंगे।

# भ्रष्टाचार की काली कमाई से अपनी जेब भर रहे कांग्रेस नेता : भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**– सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करेगी भाजपा**

**लखनऊ, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी आज प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस व भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करायेगी। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने शनिवार को प्रदेश कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए दी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार की काली कमाई से अपनी जेब भर रहे हैं। कांग्रेस और उसके गठबंधन के साथियों का केवल एक ही उद्देश्य है कि अनैतिक रूप से धन अर्जित करना और भ्रष्टाचार करना। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि एक तरफ घमंडिया गठबंधन है जहां भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी, लूट घसोट और दलाली की गारंटी है दूसरी तरफ हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार का समूल नष्ट करने के लिए कृत संकल्पित हैं। जनता से जो लूटा है उसकी पाई-पाई जनता को लौटाना होगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अगर कांग्रेस के सांसद के पास 200 करोड़ की नगदी पकड़ी गयी है तो बाकी कांग्रेस के सांसदों के पास कितनी धनराशि होगी। गांधी परिवार जिसका सबसे ज्यादा भ्रष्टाचारी परिवार है। जनता से लूटे हुए पैसों का हिसाब किया जायेगा। कांग्रेस ने अपने नेताओं को करप्शन का एटीएम बना दिया है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि गांधी परिवार का नाम करप्शन सेंटर रख दिया जाय तो गलत नहीं होगा। कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान से निकला वोटों का पहाड़ जिसकी गिनती आज भी जारी है।

# उप राष्ट्रपति के दौरे पर आज बदली रहेगी यातायात व्यवस्था, दो घंटे तक वाहनों का प्रवेश बंद



**धनबाद, (हि.स.)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज झारखंड दौरे पर आएंगे। राज्य के दो जिलों जमशेदपुर और धनबाद में उनका कार्यक्रम है। उप राष्ट्रपति पहले जमशेदपुर जिले की प्रबंधन संस्था एक्सएलआरआई की स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर प्लैटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इस समारोह को लेकर देश के अलग-अलग क्षेत्रों के दिग्गजों को आमंत्रित किया गया है। बताया जाता है कि उप राष्ट्रपति रविवार को दोपहर दो बजे एक्सएलआरआई पहुंचेंगे। इससे पहले वे विशेष विमान से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। इस दौरान उनके साथ झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआई के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज फर्नांडिस भी मौजूद रहेंगे। इसके बाद सोनारी एयरपोर्ट रवाना हो जाएंगे। 3.50 बजे वे धनबाद के लिए रवाना हो जाएंगे। वे यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-भारतीय खनि विद्यापीठ (आईआईटी-आईएसएम) धनबाद के 43वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उप राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गए हैं। उप राष्ट्रपति की सुरक्षा में कोई चूक न हो इसका खास ध्यान रखा जा रहा है। दौरे को लेकर सुरक्षा कारणों को मद्देनजर यातायात के लिए शहर के मार्ग में बदलाव किया गया। इसके साथ दो घंटे तक शहर में गाड़ियों का आवागमन भी बंद किया है।

**उप राष्ट्रपति के दौरे को लेकर मार्ग में बदलाव**

-सिंदरी से गोविंदपुर की ओर होते हुए धनबाद आने वाली गाड़ियों के लिए नो एंट्री प्वाइंट : बड़ा नवाटांड़ गोविंदपुर थाना व करमाटांड़ धोखरा पलानी बलियापुर थाना में शाम 4 बजे तक नो एंट्री।

-पश्चिम बंगाल से धनबाद की तरफ आने वाली गाड़ियों के लिए नो एंट्री प्वाइंट : दुर्गा मंदिर पंचेत ओपी एवं बराबर ब्रिज मैथन ओपी श्रम कल्याण केंद्र चिरकुंडा थाना में शाम 6 बजे तक नो एंट्री।

-गिरिडीह-जामताड़ा से धनबाद की ओर आने वाली गाड़ियों के लिए नो एंट्री प्वाइंट- डोमनपुर राजगंज थाना, लटानी पूर्वी टुंडी थाना, चलकरी तोपचांची थाना, तिलावनी मोड़ टुंडी थाना और विजय सिंह पेट्रोल पंप बरवाअड्डा थाना में शाम 4 बजे तक नो एंट्री।

# चिराग पासवान पहुंचे मां छिन्नमस्तिका दरबार, कांग्रेसी नेताओं को बताया भ्रष्टाचारी



**रामगढ़, (हि.स.) ।** बिहार के जमुई संसदीय क्षेत्र से सांसद चिराग पासवान शनिवार को रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका दरबार में पहुंचे। यहां उन्होंने विधिवत तौर पर पूजा अर्चना करने के बाद सीधे तौर पर कांग्रेसी सांसदों को भ्रष्टाचारी का तमगा लगा दिया। उन्होंने कहा कि देश अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है। उनका ना खाऊंगा ना खाने दूंगा का डायलॉग हमेशा चलता रहेगा। आज झारखंड के एक सांसद के घर में भारी मात्रा में अवैध रुपए की बरामदगी इस बात की गवाही दे रहा है कि विपक्ष भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे रहे हैं। पिछली सरकारों में भ्रष्टाचार ही कोई भी काम करने का एक मात्र साधन रहा है। इसी वजह से विपक्षियों के ठिकानों से बोरियों में भर भर कर अवैध रुपए जमा किए गए थे। आज जब छापेमारी हो रही है तो उन सारे भ्रष्टाचार और काले कारनामों का खुलासा हो रहा है।

# कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर चौथे दिन भी आईटी की छापेमारी



**रांची (झारखंड), (हि.स.)।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों पर आईटी की छापेमारी चौथे दिन शनिवार को भी चल रही है। आईटी की टीम के साथ सीआईएसएफ के जवान भी मौजूद हैं। धीरज साहू के रांची स्थित आवास से तीन बैग भी बरामद हुए हैं। हालांकि, उसमें क्या है इसकी जानकारी अभी तक नहीं दी गई है। धीरज साहू के रांची स्थित आवास पर इनकम टैक्स की टीम ने कुछ प्रिंटर और जेरॉक्स पेपर मंगवाया है। साथ ही तुरंत इनोवा गाड़ी वहां घुसी है, जिसका नंबर (ओआर 14एक्स 6030) है। पहले गाड़ी से दो बैग उतारे गये, फिर उसे अंदर से भरकर लाया गया। इससे पहले धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास पर आईटी की छापेमारी हुई थी, जो खत्म हो गयी है। आईटी की टीम छापेमारी पूरी करने बाद लौट गई है। इस दौरान आईटी की टीम धीरज साहू के लोहरदगा स्थित आवास से कई बैग लेकर अपने साथ निकली।

बताया जा रहा है कि उस बैग में नकदी और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। हालांकि, ओडिशा में आईटी की कार्रवाई अभी भी जारी है। नोटों की गिनती चल रही है। उल्लेखनीय है कि आईटी की टीम ने राज्यसभा सांसद धीरज साहू से संबंधित कंपनियों के झारखंड-ओडिशा और बंगाल के 10 स्थानों पर बुधवार सुबह छापेमारी शुरू की थी। आईटी की टीम ने मशीनों का उपयोग करके नोटों की गिनती की और 157 बैगों में भरकर उसे एक ट्रक पर लोड कर बैंक में पहुंचाया।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 दिसंबर को जायेंगे जामताड़ा



**रांची, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 13 दिसंबर को जामताड़ा जिले के नाला जायेंगे। मुख्यमंत्री नाला प्रखंड में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसकी तैयारी को लेकर डीसी शशि भूषण मेहरा ने कहा कि 13 दिसंबर को नाला प्रखंड में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के संभावित आगमन एवं आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में योजनाओं के उद्घाटन, शिलान्यास, परिसंपत्ति वितरण किया जाना है। इसके लिए सभी पदाधिकारी उद्घाटन, शिलान्यास एवं परिसंपत्ति वितरण से संबंधित सूची तैयार कर जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

# नवादा में जैन धर्म की कल्याण स्थली पर अतिक्रमण की कोशिश पर मोदी-शाह को लिखा त्राहिमाम संदेश



**नवादा, (हि.स.)।** जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य की तप कल्याणक स्थली पर अतिक्रमण किए जाने की कोशिश से जैन समाज में भारी आक्रोश है। जैन समाज के वरीय प्रतिनिधि एवं बिहार प्रांतीय जैन युवा जागृति के अध्यक्ष दीपक जैन ने इस विषय पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह एवं पर्यटन व पुरातत्व विभाग को भी त्राहिमाम संदेश भेजकर उनसे मामले में हस्तक्षेप करने और जैन तीर्थों की अस्मिता को अक्षुण्ण रखने की दिशा में त्वरित प्रभावी एवं ठोस कार्रवाई की मांग की है। जैन समाज के वरीय प्रतिनिधि एवं बिहार प्रांतीय जैन युवा जागृति के अध्यक्ष दीपक जैन ने कहा कि बांका जिला अन्तर्गत बौंसी स्थित मंदारगिरी पर्वत जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य की तप, ज्ञान एवं निर्वाण कल्याणक भूमि है। राष्ट्रीय स्तर पर यह स्थल देशभर के जैन धर्मावलम्बियों के श्रद्धा एवं आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां देशभर के जैन तीर्थयात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। जैन ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्वों ने इस स्थल पर अतिक्रमण करने की नीयत से कल्याणक स्थल एवं गुफा के अंदर वासुपूज्य के अर्घ्य पर न केवल पेंट से लेपन कर दिया, बल्कि संबंधित स्थल पर "राम झरोखा" अंकित करवा दिया। असामाजिक तत्वों की इस गतिविधि से देशभर के जैन समाज में भारी आक्रोश है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने मामले में पहले उदासीनता बरती लेकिन उच्चाधिकारियों पर दबाव बनाए जाने के बाद गत 6 दिसम्बर को प्रशासन हरकत में आया। प्रशासन ने लिखे गए "राम झरोखा" पर पेंट लगाकर उसे मिटा दिया लेकिन पूर्व से उल्लेखित "अर्घ्य" को अंकित नहीं कराया। उन्होंने शंका जताई कि किसी गलत मंशा को अंजाम देने की नीयत से पूर्व की स्थिति बहाल नहीं की गई है। जैन ने चेतावनी दी कि प्रशासन असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अविलम्ब विराम लगाते हुए जैन समाज के हक में सम्बंधित स्थल पर पूर्व की स्थिति को बहाल करे, अन्यथा देशभर के जैन धर्मावलम्बी अपने इस तीर्थ के अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के लिए एकजुट होकर सरकार एवं प्रशासन ईंट-से-ईंट बजा देंगे।

# नालंदा में निमार्णाधीन पुल से बाइक सवार युवक परगिरने से हुई मौत



**पटना, (हि.स.)।** नालंदा जिले के हरनौत थाना क्षेत्र के रूपसपुर गांव के पास शनिवार दोपहर बख्तियारपुर-रजौली फोर लाइन निर्माण कार्य के दौरान भारी प्लेट गिरने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। बाइक सवार युवक हरनौत से बिहारशरीफ जा रहा था। इसी दौरान फ्लाईओवर निर्माण कार्य में लगाई जा रही प्लेट गिर गई। इससे युवक दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से प्लेट को हटाकर युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरनौत ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर हरनौत थाना पुलिस मौके पर पहुंचीं। हरनौत थानाध्यक्ष देवानंद शर्मा ने बताया कि मृतक चंडी थाना क्षेत्र के नरसंडा गांव निवासी रणविजय सिंह है। स्थानीय लोगों ने फोर लाइन निर्माण कार्य में लगे कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कंपनी के कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# 10 से 14 दिसम्बर तक नौनिहालों को डोर टू डोर जाकर पिलायी जाएगी पोलियो की खुराक




**किशनगंज, (हि.स.)।** जिले में रविवार से आगामी 14 दिसंबर तक चलने वाला अनु-राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पोलियो अभियान शुरू होगा। जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। सिविल सर्जन डा. कौशल किशोर ने बताया कि भारत सहित विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के 10 अन्य देशों को 27 मार्च 2014 को पोलियो मुक्त प्रमाणित किया गया था। देश में पोलियो का अंतिम मामला 13 जनवरी 2011 को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में सामने आया था। वैश्विक स्तर पर, पोलियो का वायरस अफगानिस्तान और पाकिस्तान में स्थानिक है। हालांकि भारत पोलियो मुक्त प्रमाणित हो गया है लेकिन वायरस के वैश्विक उन्मूलन होने तक वाइल्ड पोलियो वायरस के बाहर से आने या टीका जनित पोलियो वायरस का जोखिम बना हुआ है। इसी वजह से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के निर्देश पर पल्स पोलियो अभियान चलाने की सलाह दी गई है। राज्य स्वास्थ्य समिति के दिशा निर्देश के आलोक में सभी प्रखंडों में पोलियो की दवा उपलब्ध करा दी गयी है। सभी एमओआईसी अपने स्तर से पूर्व में ही माइक्रोप्लान तैयार कर चुके हैं। साथ ही सभी टीकाकर्मियों को प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। जिला स्तर पर डीएम तुषार सिंगला की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक में दिए गये निर्देश के आलोक में सभी प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड स्तर की बैठक भी की जा चुकी है। ताकि, इस पल्स पोलियो अभियान में एक भी लाभुक बच्चा न छूटे। डीएम तुषार सिंगला ने कहा कि नौनिहालों की जिंदगी सुरक्षित व स्वस्थ बनाने के लिए जितना सरकार तत्पर है उतना ही जागरूक माता-पिता को भी होना चाहिए। कोई भी बच्चा अपंगता का शिकार न हो, इसे ले समय-समय पर अभियान चलाकर स्वास्थ्य विभाग पोलियो की दवा उनके घर तक पिलाने का कार्य कर रही है। अभियान को सफल बनाने में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए। शहरी मलिन बस्ती, अल्पसेवित समुदाय, ईंट भट्टा, घुमंतु बंजारा इत्यादि को विशेष रूप से अभियान का लाभ देने का प्रयास किया जाएगा।

संपादकीया

# क्यों महंगी खाने की थाली

**बेशक** दूसरी तिमाही में हमारी अर्थव्यवस्था की विकास-दर 7.5 फीसदी से अधिक रही है। भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंता नागेश्वरन का आकलन है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 ( 31 मार्च तक ) के वित्त वर्ष में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यदि चार साल की औसत विकास-दर को देखें, तो वह 4.5 फीसदी के करीब है। विकास-दर के अपने-अपने दावे किए जाते रहेंगे, लेकिन देश के आम आदमी के खाने की थाली अब भी महंगी है और यह महंगाई बढने के आसार हैं। आटा 16 फीसदी, चावल करीब 15 फीसदी, चीनी करीब 11 फीसदी और तुअर दाल 16 फीसदी से अधिक महंगी हुई है। इन वस्तुओं के थोक के दाम जो भी हैं, लेकिन खुदरा बाजार में मनमानी चल रही है। दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। यह देश की अर्थव्यवस्था पर निगाह रखने वाली एजेंसी 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' (सीएमआईई) एवं कुछ सरकारी एजेंसियों की ताजा रपट के निष्कर्ष हैं। आने वाले तीन माह के दौरान भी इन खाद्यान्नों के दाम 14.55 फीसदी बढ़ सकते हैं। बीते 6 महीने के दौरान आटा, दाल, चावल और चीनी के दाम औसतन 14 फीसदी बढ़े हैं। सत्ता के पैरोकारों की दलील रही है कि देश के 81 करोड़ से ज्यादा गरीबों को तो 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत मुफ्त 5 किलो माहवार अनाज मुहैया कराया जाता है, लिहाजा खाद्यान्न के प्रति आम आदमी निश्चिंत हो सकता है। ऐसे में आम आदमी अपनी आमदनी को किसी और वस्तु तथा सेवा में खर्च कर सकता है। सरकारी पैरोकारों ने ये दलीलें 13.5 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकालने के संदर्भ में दी हैं। गरीबी का मुद्दा तो आज भी विवादास्पद है, क्योंकि ऐसा आकलन करने वाले बौद्धिक, सामाजिक वर्ग के जिम्मेदार लोग हैं, जो आज भी 23.5 करोड़ भारतीयों को 'गरीबी-रेखा' के तले मानते हैं, क्योंकि वे गरीब 375 रुपए रोजाना कमाने में भी असमर्थ हैं। बहरहाल इस मुद्दे का विश्लेषण फिर कभी किया जा सकता है, लेकिन गरीबी और खाद्यान्न की लगातार महंगाई के आपसी गहरे संबंध हैं। यह सवाल बार-बार पूछा जाता रहा है कि अर्थव्यवस्था के विकास के बावजूद आम खाने की थाली महंगी क्यों होती रहती है? फिलहाल महंगे दामों के बुनियादी कारण कमजोर मानसून, किसानों का दूसरी फसलों की तरफ शिफ्ट होना और ज्यादा गर्मी से उत्पादन प्रभावित माने जा रहे हैं। क्या हम आज भी मौसम पर आधारित कृषि के भरोसे हैं? कृषि की विकास-दर घटकर 1 फीसदी से कुछ ज्यादा तक क्यों लुढक़ आई है? कोरोना-काल में भी कृषि की विकास-दर 3 फीसदी से अधिक रही थी। केंद्र सरकार ने दामों को नियंत्रित करने के मद्देनजर साल भर अपने भंडारों से गेहूं निकाल कर खुले बाजार में बेचा है। नतीजतन गेहूं के भंडारण 2.39 करोड़ टन ही बचे हैं। यह बीते साल के 3.77 करोड़ टन से कम है। यानी सरकारी भंडारों में गेहूं करीब 37 फीसदी कम हो गया है। यह भी आकलन किया गया है कि भारत सरकार रूस से, पहले चरण में, 10 लाख टन गेहूं का आयात कर सकती है। गेहूं और चावल के उत्पादन में भारत विश्व में दूसरे स्थान का देश रहा है। फिर भी गेहूं की कमी का मुद्दा सवालिया है। सिर्फ गेहूं ही नहीं, चावल, दाल, गन्ना आदि का उत्पादन भी, बीते सालों की तुलना में, कम रहा है। क्या भारत किसी संभावित खाद्य-संकट की ओर बढ़ रहा है? सीएमआईई की रपट के मुताबिक, गन्ने की फसल से 3.32 करोड़ टन इस बार एथेनॉल में शिफ्ट होने के कारण चीनी के दाम बढ़ेंगे। महंगे दामों का असर किसी भी चुनाव पर देखने में नहीं आया है।

भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी . अनंता नागेश्वरन का आकलन है कि भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 ( 31 मार्च तक ) के वित्त वर्ष में 6 .5 फीसदी की दर से बढ़ेगी। यदि चार साल की औसत विकास-दर को देखें, तो वह 4 .5 फीसदी के करीब है। विकास-दर के अपने-अपने दावे किए जाते रहेंगे, लेकिन देश के आम आदमी के खाने की थाली अब भी महंगी है और यह महंगाई बढने के आसार हैं। आटा 16 फीसदी, चावल करीब 15 फीसदी, चीनी करीब 11 फीसदी और तुअर दाल 16 फीसदी से अधिक महंगी हुई है। इन वस्तुओं के थोक के दाम जो भी हैं, लेकिन खुदरा बाजार में मनमानी चल रही है। दाम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। यह देश की अर्थव्यवस्था पर निगाह रखने वाली एजेंसी 'सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी' ( सीएमआईई ) एवं कुछ सरकारी एजेंसियों की ताजा रपट के निष्कर्ष हैं। आने वाले तीन माह के दौरान भी इन खाद्यान्नों के दाम 14 .55 फीसदी बढ़ सकते हैं। बीते 6 महीने के दौरान आटा, दाल, चावल और चीनी के दाम औसतन 14 फीसदी बढ़े हैं। सत्ता के पैरोकारों की दलील रही है कि देश के 81 करोड़ से ज्यादा गरीबों को तो 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' के तहत मुफ्त 5 किलो माहवार अनाज मुहैया कराया जाता है, लिहाजा खाद्यान्न के प्रति आम आदमी निश्चिंत हो सकता है। ऐसे में आम आदमी अपनी आमदनी को किसी और वस्तु तथा सेवा में खर्च कर सकता है। सरकारी पैरोकारों ने ये दलीलें 13 .5 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकालने के संदर्भ में दी हैं।

विश्व मानवाधिकार दिवस, 10 दिसम्बर 2023 पर विशेष

# मानवाधिकार महज एक मजाक बनकर न रह जाये

ललित गर्ग

विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारी, आवास, संस्कृति, खाद्यान्न व मनोरंजन से जुड़ी मानव की बुनियादी मांगों से संबंधित है। विश्व के बहुत से क्षेत्र गरीबी से पीड़ित है, जो बड़ी संख्या वाले लोगों के प्रति बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है। उन क्षेत्रों में बच्चे, वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के बुनियादी हितों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा नस्लवादी भेद मानवाधिकार कार्य के विकास को बड़ी चुनौती दे रहा है।

**विश्व** युद्ध, आतंकवाद एवं असंतुलित समाज रचना की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस करने की दृष्टि से संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा ने विश्व मानवाधिकार दिवस घोषित किया। प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को यह दिवस दुनियाभर में मनाया जाता है। दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक 'मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा है, इस वर्ष उसकी 75वीं वर्षगांठ है। इस वर्ष मानवाधिकार दिवस की थीम 'सभी के लिए स्वतंत्रता, समानता और न्याय' है, जो मानव के अस्तित्व एवं अस्मिता को अक्षुण्ण रखने के संकल्प को बल देता है। किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है- मानवाधिकार। यह दिवस एक मील का पत्थर है, जिसमें समृद्धि, प्रतिष्ठा, न्याय एवं शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित होती है। विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारी, आवास, संस्कृति, खाद्यान्न व मनोरंजन से जुड़ी मानव की बुनियादी मांगों से संबंधित है। विश्व के बहुत से क्षेत्र गरीबी से पीड़ित है, जो बड़ी संख्या वाले लोगों के प्रति बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है। उन क्षेत्रों में बच्चे, वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के बुनियादी हितों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। इसके अलावा नस्लवादी भेद मानवाधिकार कार्य के विकास को बड़ी चुनौती दे रहा है। इसी तरह आदिवासी एवं दलितों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार भी मानवाधिकार का बड़ा मुद्दा है। महिलाओं, बच्चों एवं वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़नाएं भी मानवाधिकार के सम्मुख बड़े संकट हैं। बात पेट जितनी पुरानी और भूख जितनी नई है "मानवाधिकार" की। दुनिया में जहां-जहां भी संघर्ष चल रहे हैं, चाहे सत्ता परिवर्तन के लिए हैं, चाहे अधिकारों को प्राप्त करने के लिए, चाहे जाति, धर्म और रंग के लिए वहां-वहां मानवाधिकारों की बात उठाई जाती रही है। हमारे देश में भी वक्त चाहे राजशाही का था, चाहे विदेशी हुकूमत का और चाहे स्वदेशी सरकार का हर समय किसी न किसी हिस्से में संघर्ष चलते रहते हैं। डेढ़ सौ करोड़ के देश में विचार फर्क और मांगों की लंबी सूची का होना स्वाभाविक है। भारतीय संविधान मानवाधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले के लिये कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं, जैसे- बाल मजदूरी,




एचआईवी, एड्स, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार आदि। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मानवाधिकारों के लिये सतर्क एवं प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा भी कि एक ऐसे समय में जब पूरी दुनिया विश्व युद्ध की हिंसा में झुलस रही थी, भारत ने पूरे विश्व को 'अधिकार और अहिंसा' का मार्ग सुझाया। भारत आत्मवत सर्वभूतेषु के महान आदर्शों, संस्कारों और विचारों को लेकर चलने वाला देश है। आत्मवत सर्वभूतेषु यानि जैसा मैं हूं वैसे ही सब मनुष्य हैं। मानव-मानव में, जीव-जीव में भेद नहीं है। भारत ने लगातार विश्व को समानता और मानव अधिकारों के जुड़े विषयों पर नया विजन दिया है। बीते दशकों में ऐसे कितने ही अवसर विश्व के सामने आए हैं, जब दुनिया भ्रमित हुई है, भटकी है। लेकिन भारत मानवाधिकारों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है, संवेदनशील रहा है। निश्चित ही नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज देश 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर चल रहा है। ये एक तरह से मानव अधिकार को सुनिश्चित करने की ही मूल भावना है। तमाम प्रयासों के बावजूद मानव अधिकारों के हनन में हमारा देश पीछे नहीं है। आजादी के इतने सालों बाद भी बंधुआ मजदूरी को पूरी तरह से खत्म नहीं किया जा सका है। बाल मजदूरी जो एक मासूम की जिंदगी के साथ खिलवाड़ है, वह भी खुलेआम होता है। गरीबी, अशिक्षा, बेरोजगारी आज भी मुंह बाए खड़ी हैं। रोटी, कपड़ा और मकान जो लोगों की मूलभूत आवश्यकताएँ हैं वे भी हमारी सरकार पूरी नहीं कर पा रही हैं। शिक्षा का अधिकार, भोजन का अधिकार, रोजगार का अधिकार, स्वच्छ जीवन का अधिकार- ये सभी बुनियादी अधिकारों का हनन होना आज के तिथि में एक घिनौना पाप है, त्रासदी है, विडम्बना है। अगर आज भी हमारे देश के लोगों को जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम पर, भाषा के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है तो लानत है इस देश के लोगों पर और यहाँ की सरकार पर। सरकारें यदि ईमानदारी से प्रयत्न करती तो इन समस्याओं को सालों पूर्व खत्म कर सकती थी लेकिन नहीं, सरकार और सरकार में बैठे उनके अफसर इनके अधिकारों की रक्षा नहीं करते बल्कि अधिकतर मामलों में अत्याचारियों, बाहुबलियों, अमीरों का साथ देकर बेबस और लाचार लोगों पर बर्बर व्यवहार करते हैं। आज भी देश में बहुत सारे ऐसे जगह हैं जहाँ लोग खुलकर साँस भी नहीं ले पा रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण की समस्या एक मानवाधिकार की बड़ी समस्या है। इलाज के नाम पर एवं शिक्षा के नाम पर जो लूट-खसोट सरेआम होती है, वह भी मानवाधिकार का खुला उल्लंघन है। जनता हर दिन राज्य के पुलिस और सैनिकों के मनमाने उपद्रवों की शिकार हो रही हैं। मानव अधिकारों के साथ उनके कर्तव्य भी जुड़े होते हैं, उनका भी पालन अतिआवश्यक है। विश्व मानवाधिकार दिवस इन्ही मानवीय अधिकारों को बरकरार रखने और उनके हनन के खिलाफ आवाज बुलंद करने का सशक्त माध्यम है। मानवाधिकार के संरक्षण के लिए और विशेषाधिकारों (स्वयं प्राप्त) के प्रतिबंध के लिए कौन लड़ेगा? साम्प्रदायिक दंगे, चोरी, लूट, महिलाओं पर अत्याचार, नशीली वस्तुओं का गैर कानूनी धंधा, रोजमर्रा की बात हो गई है। शांति-प्रिय नागरिकों का जीना मुश्किल हो गया है। जन प्रतिनिधियों और राजनीतिज्ञों पर लोगों का विश्वास नहीं रहा। कौन बचाएगा मानवाधिकार को? कौन रेखा खीचेगा असामाजिक तत्वों और सामान्य नागरिक के मानवाधिकारों के बीच? राष्ट्र के सर्वोच्च मंच लोकसभा के अध्यक्ष के आसन पर लिखा है- "धर्म-चक्र प्रवर्तनार्थ"। धर्म के चक्र को न्यायपूर्वक चलाएं, इसे रुकने न दें। इसमें इतना और जोड़ें-न्याय के चक्र को धर्मपूर्वक चलाएं। देश में आदिवासी दोयम दर्जे के नागरिक जैसा जीवनयापन कर रहे हैं। जबकि केंद्र सरकार आदिवासियों के नाम पर हर साल हजारों करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में करती है। इसके बाद भी आजादी के अमृतकाल में उनकी आर्थिक स्थिति, जीवन स्तर में कोई बदलाव नहीं आया है। स्वास्थ्य सुविधाएँ, पीने का साफ पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं आदि मूलभूत सुविधाओं के लिए वे आज भी तरस रहे हैं। आदिवासी अब भी समाज की मुख्य धारा से कटे नजर आते हैं। इसका फायदा उठाकर नक्सली उन्हें अपने से जोड़ लेते हैं।

दृष्टि कोण

# नेताओं पर भ्रष्टाचार में कार्रवाई की तलवार

**पांच** राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के आने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम जारी रखेगी। राजस्थान और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के खिलाफ भाजपा ने भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। ऐसे में अब इस बात की प्रबल संभावना है कि इन दोनों राज्यों की भ्रष्टाचार निरोधी एजेंसी और केंद्र की एजेंसियों से कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का बचना मुश्किल है। कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और भूपेश बघेल सहित इनके मंत्रियों पर कानूनी शिकंजा कसने के आसार बढ़ गए हैं। दरअसल कांग्रेस ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इस बात के प्रयास ही नहीं किए कि भ्रष्टाचार के मामलों से सख्ती स निपटा जाए। कांग्रेस ने मतदाताओं में यह संदेश देने का प्रयास ही नहीं किया कि भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टोलरेंस की नीति है। इसके विपरीत भ्रष्टाचार के मामलों का खुलासा होने पर दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकारों ने दबाने-छिपाने का प्रयास किया। भाजपा ने इसे प्रमुख चुनावी मुद्दा बना लिया। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने चुनावी प्रचार के दौरान जम कर हमला बोला। बीकानेर में पीएम नरेंद्र मोदी ने जिन मुद्दों पर प्रदेश की गहलोत सरकार को घेरा था, उनमें भ्रष्टाचार भी प्रमुख था। पीएम मोदी ने गहलोत सरकार के करप्शन पर निशाना साधते हुए कहा था कि गहलोत सरकार ने भ्रष्टाचार में भी रिकॉर्ड बनाया है। वह चाहे 17 बड़ी परीक्षाओं के पेपर लीक के मामले हों या सरकार में भ्रष्टाचार हो, अगर भ्रष्टाचार की रैंकिंग होती तो राजस्थान उसमें भी नम्बर-1 आता। भाजपा के राज्यसभा सदस्य किरोड़ी लाल मीणा ने राजस्थान में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार पर खदान घोटाले सहित हजारों करोड़ रुपये के घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया था। ईडी इन आरोपों की जांच कर रही है। अब इनमें कार्रवाई होने की प्रबल संभावना है। भाजपा सांसद का आरोप था कि अशोक गहलोत सरकार ने 66 हजार करोड़ से ज्यादा के घोटाले किए हैं। इनमें 27 हजार करोड़ रुपये का खदान घोटाला और 20 हजार करोड़ रुपये का बजरी घोटाला शामिल है। मीणा ने जल जीवन मिशन घोटाले सहित कई घोटालों में राज्य के मंत्रियों, नौकरशाहों और विधायकों की संलिप्तता का आरोप लगाया। मीणा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री गहलोत और उनके मंत्री और नौकरशाह शायद राजस्थान के इतिहास में सबसे भ्रष्ट हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में गहलोत सरकार अपनी ही पार्टी के लोगों का भी निशाना बनी। पार्टी से निकाले गए पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह गुढ़ा ने आरोप लगाया था कि गहलोत सरकार भ्रष्टाचार के मामले में कर्नाटक की 40 प्रतिशत कमीशन वाली भाजपा सरकार से आगे निकल गई है। पूर्व सैनिक कल्याण मंत्री गुढ़ा ने अपने कैबिनेट सहयोगी शांति धारीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यालय से कोई भी फाइल बिना भ्रष्टाचार के मंजूर नहीं होती। गहलोत के मुखर विरोधी रहे पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी चुनाव से पहले भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया था। पायलट ने पेपर लीक और भ्रष्टाचार के मामलों में पदयात्रा तक की। राजस्थान की गहलोत सरकार की तरह छत्तीसगढ़ की भूपेश बघेल सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दों पर घेरने में भाजपा पीछे नहीं रही। पिछले पांच वर्षों के शासन के दौरान छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री रहे भूपेश बघेल पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे। बैटिंग ऐप प्रकरण में भाजपा ने भूपेश बघेल पर आरोपी से पांच सौ करोड़ रुपए लेने का आरोप लगाया। ईडी ने महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तक की ओर से पूर्व सीएम भूपेश बघेल को 508 करोड़ रुपये के भुगतान का दावा किया था। पूर्व सीएम बघेल को लेकर किए गए ईडी के इस दावे के बाद प्रदेश के पूर्व सीएम रमन सिंह ने मुख्यमंत्री पर हमला बोला।

कुछ अलग

# ईमानदारी का नगाड़ा

**नगाड़े** की आवाज सुनते ही सब घरों से बाहर निकल आए। कुछ के चेहरों पर उत्सुकता थी तो कुछ के चेहरों पर आश्चर्य। बच्चों के चेहरों पर उत्साह महंगाई के सूचकांक की तरह लगातार ऊपर-नीचे हो रहा था। कुछ महिलाओं के चेहरे ढके हुए थे ताकि उनकी शर्मो हया पर प्रगतिशील मुल्क के तमाशबीनों की नजरों का साया न पड़ जाए। कुछ बुजुर्ग आंखों में उम्मीद की चमक लिए खिड़कियों से झांक रहे थे। नगाड़ा लगातार बज रहा था। आवाज सुनकर घरों से बाहर आ चुके लोगों में से एक ने दूसरे से कहा- लगता है यह मुल्क की खुशहाली का नगाड़ा है। इसकी आवाज सरहद लांघ कर जब पाकिस्तान जाएगी तो कईयों की कब्जी मरोड़ में बदल जाएगी। दूसरा आदमी थोड़ा क्रांतिकारी टाइप का था। वह बोला- यह नगाड़ा खुशहाली का नहीं लगता। गौर से सुनो, इसकी आवाज थोड़ी फटी-फटी सी है। जैसे नगाड़े पर पैबंद लगे हों। भ्रष्टाचार से त्रस्त लोगों की आवाज कहीं किसी क्रांति की ध्वजवाहक न बन जाए, इसलिए इस नगाड़े को बजा कर उस आवाज को दबाया जा रहा है। एक बार पहले भी कई साल पहले मैंने यह नगाड़ा इसी तरह बजते हुए सुना था। तब इमरजेंसी डिक्लेयर हो गई थी और मुझे बाजार में साइकिल से उतार सीधे अस्पताल ले जाकर मेरी नसबंदी कर दी गई थी। तब से मेरी कमर में दर्द रहता है और दिल में यह कसक भी कि मैं मुल्क की आबादी बढ़ाने में अपना बहुमूल्य योगदान नहीं दे पाया, जिस कारण देशभक्त आत्माओं की मुल्क में कमी हो गई है। वहीं पास में खड़ा तीसरा व्यक्ति काफी देर दोनों की बातें सुनकर अपना सिर हिलाता रहा। जैसे उसके भीतर स्प्रिंग लगे हों। वह व्यक्ति मुझे किसी लीडर का खास पिछलग्गु लगा। उसने कोई टिप्पणी नहीं की। वह कोई अवांछित टिप्पणी करके नेताजी का वोट बैंक खराब नहीं करना चाहता था, ऐसा मुझे लगा। मैंने उसकी सदा सदाशयता को मन ही मन नमन किया और थोड़ा आगे खिसक लिया। भीड़ में एक नौजवान बोल रहा था- यह जो नगाड़ा बज रहा है न, भई कमाल का नगाड़ा है। इस नगाड़े में विकास की ध्वनियां आ रही हैं। यानी मुल्क तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकास शिखर पर जा रहा है। दूसरा नौजवान बोला- यह विकास का नगाड़ा नहीं हो सकता क्योंकि हमारे मोहल्ले को अभी तक सीवरेज लाइन नहीं बिछी है। गलियों में भी कीचड़ जमा है। कई कई दिन तक नलों में पानी नहीं आता, लेकिन बिल आ जाता है...। एक और नौजवान बोला- मुझे तो लगता है कोई निठल्ला बैठा बेरोजगार नगाड़ा बजाकर सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहा है या फिर देश के लिए अपना रचनात्मक योगदान दे रहा है। एक बाबू टाइप बंदा बोला- सरकार ने महंगाई भत्ते की किस्त जारी कर दी होगी, इसलिए कर्मचारी खुशी से नगाड़ा बजा रहे हैं। नगाड़े की आवाज लगातार तेज होती जा रही थी। लोगों में कयासबाजियों का दौर भी जारी था। एक समझदार टाइप का व्यक्ति पहले तो थोड़ी देर खांसता रहा, फिर उसने दार्शनिक अंदाज में कहा- वल्ड कप में पाकिस्तान बुरी तरह हारा, इसलिए इधर खुशी में नगाड़ा बज रहा है। इन तमाम चर्चाओं के बीच एक सफेद कुर्ता पजामा पहने अधेड़ सा व्यक्ति वहां दौड़ता हुआ आया और हांफते हुए बोला- सबको बधाई हो। करोड़ों के जिस घोटाले में इलाके के लोकप्रिय नेता जी तिहाड़ जेल में बंद थे, उन्हें अदालती लड़ाई में बड़ी जीत मिली है। पुलिस उन पर आरोप साबित नहीं कर पाई और नेता जी ने यह साबित कर दिया कि उनके घर से जो करोड़ों रुपए मिले थे, वे गरीबों की मदद व जन कल्याण के लिए उन्होंने पाई-पाई जोड़ कर इक` किए थे। नेताजी की ईमानदारी साबित होने की खुशी में आज यह नगाड़ा बजाया जा रहा है। नगाड़ा लगातार बजे जा रहा था।

देश दुनीया से

# शिक्षा सुधारों में व्यापकता एवं व्यावहारिकता जरूरी



लम्बे समय से ठहरा हुआ पानी अपनी स्वच्छता तथा गुणवत्ता को खोकर प्रदूषित हो जाता है, ठीक उसी प्रकार किसी भी क्षेत्र में गुणवत्ता के लिए व्यापक स्तर पर बुनियादी सुधार किए जाते हैं। यह बदलते समय के अनुरूप तथा नीति परिवर्तन के कारण अवश्य भी हो जाता है। राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के मानकों तथा व्यावहारिकता में बहुत से परिवर्तन हो रहे हैं, इसलिए आवश्यक हो जाता है कि उस क्षेत्र विशेष में कार्यरत व्यक्तियों, नीतियों तथा रीतियों में भी परिवर्तन हो। यह भी आवश्यक है कि प्रस्तावित बदलाव वास्तविक, व्यावहारिक तथा शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हों।

**शिक्षा** की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए शिक्षा तंत्र को समय-समय पर कड़े निर्णय लेने पड़ते हैं। जिस प्रकार लम्बे समय से ठहरा हुआ पानी अपनी स्वच्छता तथा गुणवत्ता को खोकर प्रदूषित हो जाता है, ठीक उसी प्रकार किसी भी क्षेत्र में गुणवत्ता के लिए व्यापक स्तर पर बुनियादी सुधार किए जाते हैं। यह बदलते समय के अनुरूप तथा नीति परिवर्तन के कारण अवश्य भी हो जाता है। राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा के मानकों तथा व्यावहारिकता में बहुत से परिवर्तन हो रहे हैं, इसलिए आवश्यक हो जाता है कि उस क्षेत्र विशेष में कार्यरत व्यक्तियों, नीतियों तथा रीतियों में भी परिवर्तन हो। यह भी आवश्यक है कि प्रस्तावित बदलाव वास्तविक, व्यावहारिक तथा शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करते हों। प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में इस समय व्यापक रूप से परिवर्तन हो रहे हैं। शिक्षा क्षेत्र में बड़े बदलावों को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक विद्यालय तथा महाविद्यालय को 'डिवेलपमेंट प्लान' अनिवार्य किया गया है। 'मुख्यमंत्री एक्सीलेंस स्कूल' तथा 'कालेज ऑफ एक्सीलेंस' बनाए जा रहे हैं। प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा में निदेशालय, सचिवालय तथा शिक्षा मंत्रालय स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर गम्भीर चिन्तन हो रहा है जिसका उद्देश्य केवल शिक्षा तंत्र को चुस्त-दुरुस्त कर गुणवत्ता के लक्ष्य को प्राप्त करना है। प्रदेश में पिछले कई वर्षों से शिक्षक स्थानांतरण नीति के क्रियान्वयन के लिए अनेक फैसले लिए गए, परंतु विडम्बना है कि कोई भी स्थानांतरण नीति अन्तिम रूप से घोषित होकर लागू नहीं हो पाई। जनजातीय क्षेत्रों, सब-काडर, हार्ड एरिया, निचले क्षेत्रों, ऊपरी क्षेत्रों तथा शहरी क्षेत्रों की परिभाषावली में उलझी यह ट्रांसफर पॉलिसी अब भी तकनीकी शब्दावली के मकडज़ाल में फंसी हुई है। अस्पष्ट तथा अघोषित ट्रांसफर पॉलिसी के चक्कर में अध्यापकों के स्थानांतरण का फैसला न्यायालय में होता है जहां मोटी धनराशि वकीलों को देनी पड़ती है। प्रभावशाली व्यक्ति हमेशा अपने राजनीतिक, प्रशासनिक प्रभाव का प्रयोग करता रहता है, आम व्यक्ति की नियमानुसार सुनवाई भी नहीं होती। सबसे बड़ी बात यह है कि राजनेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों तथा समृद्ध एवं सम्पन्न व्यक्ति की अर्धांगिनी, बेटी, बेटा या नजदीकी मित्र रिश्तेदार राजधानी या जिला मुख्यालय छोड़ कर किसी भी दुर्गम क्षेत्र में कैसे जा सकते हैं। फिर अनेक प्रकार के सच्चे-झूठे प्रमाणपत्र, मेडिकल प्रमाणपत्र भी तो प्रस्तुत किए जाने की सुविधा उपलब्ध है, जिसे सत्यापित किए बिना मनमर्जी के प्रभावशाली व्यक्ति कहीं भी नौकरी कर सकता है। अगर ऐसा न हो तो भी राजनीतिक तथा सचिवालय स्तर पर कोई न कोई हल निकल जाता है या फिर न्यायालय में भी वकीलों के दांवपेंच इस दिशा में कारगर साबित होते हैं। समस्या यह है कि निश्चित नियमावली एवं स्थानांतरण पॉलिसी के अभाव या उसे लागू करने की मंशा न होने से लोगों को बेवजह निदेशालय, सचिवालय तथा न्यायालय के चक्कर लगा कर परेशान होना पड़ता है, जिससे बहुत सा धन तथा समय नष्ट होने के साथ मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह जगजाहिर सत्य है कि आज तक अनेकों अध्यापक अपना राजनीतिक तथा प्रशासनिक प्रभाव न होने के कारण जनजातीय क्षेत्रों में ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वर्तमान शिक्षा में व्यवस्था परिवर्तन के उद्देश्य से शिक्षकों को तीस किलोमीटर से बाहर स्थानांतरित करने की चर्चा चल रही है। आशा है कि बिना भेदभाव तथा पक्षपात से यह नीति प्रदेश में लागू होगी। अब प्रदेश के स्कूलों में पाठशाला प्रबंधन समिति तथा पाठशाला प्रशासन विद्यार्थियों की वर्दी अपनी पसन्द से चयनित करने के लिए स्वतन्त्र होगा। सरकार का यह निर्णय जहां स्वागत योग्य तथा फैसले लेने के लिए संस्थागत स्वायत्तता को बढ़ावा देता है वहीं पर संस्थान स्तर पर अपनी-अपनी इच्छा, पसन्द तथा मनमर्जी से सरकारी स्कूलों की वर्दी से अपनी पहचान की अवधारणा समाप्त हो सकती है। सरकारी पाठशालाओं के विद्यार्थियों की अपनी पहचान होती है जिस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इसी तरह विभाग में वार्षिक केलैंडर में स्पोट्र्स डेज कम करने तथा टीचर ट्रेनिंग प्रोग्राम छुट्टियों में आयोजित कर शैक्षिक कार्य दिवस बढ़ाने का विचार भी सराहनीय कदम होगा। इस बात पर भी विचार किया जा सकता है कि प्राथमिक तथा अंडर-14 खेलकूद तथा सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं क्लस्टर तथा खण्ड स्तर तक ही आयोजित होनी चाहिए। छोटे बच्चे अल्पावस्था में इतने सक्षम नहीं होते कि वे खेलकूद प्रतियोगिताओं के दौरान स्व-प्रबन्धन कर सकें।

आप का नजरीया

# सोलन की थाली में छेद

**सोलन** में सत्ता का एक साल नगर निगम की थाली में क्यों कमजोर पड़ गया और जिल्लत किसे बेसहारा कर गई, इसका विश्लेषण होना चाहिए। क्या यह शहर का मूड है या नेताओं के चरित्र का सबूत कि जिस थाली में खा रहे, उसी में छेद कर रहे। भले ही कांग्रेस की ऊषा शर्मा को मेयर की कुर्सी मिल गई, लेकिन इस जीत के साथ पार्टी का नाता कहीं बिखरा जरूर। यह इसलिए कि जिस शिद्दत से कांग्रेस बीज बो रही थी, वहां कांटे उग आए। कांग्रेस पार्टी अपने अधिकृत प्रत्याशी सरदार सिंह ठाकुर को न तो जीत का सेहरा पहना पाई और न ही डिप्टी मेयर की कुर्सी पर संगीता ठाकुर को बैठा पाई। यह तब हुआ जब भाजपा का एक पार्षद अनुपस्थित रहा और कांग्रेस के मतों में विधायक के मत का जोड़ रहा। मेयर पद पर कांग्रेस की बागी का जीतना उतना अचंभित न करे, लेकिन पार्टी की बगावत ने भाजपा की कमजोर पारी को विजयी बनाते हुए उनकी उम्मीदवार मीरा आनंद को डिप्टी मेयर बना दिया। यह देखना रोचक होगा कि दस वोटों वाली कांग्रेस की यह हालत कैसे और क्यों हुई। क्या यही राजनीतिक चरित्र कांग्रेस की हर सत्ता पर विराजित है। सोलन में पार्टी की हालत अगर नगर निगम मेयर चुनाव कर रहा है, तो असंतोष की चूल्हों पर चढ़ी न जाने कितनी काठ की हांडियां जल रही होंगी। गौर करें कि शिमला संसदीय क्षेत्र किस कद्र सत्ता में अपना प्रभुत्व जमाए है। इसी क्षेत्र से सुक्खू सरकार में पांच मंत्री और पार्टी का राज्याध्यक्ष भी है। तमाम कसरतों, तीन मंत्रियों की मेहनत और विधायक का मत अगर पार्टीजनों की मति को नहीं सुधार पा रहा है, तो शेष हिमाचल में क्या होगा। सोलन के कांग्रेसी पार्षदों ने बागी उम्मीदवार के अलावा भाजपा के डिप्टी मेयर को जिता कर जो घंटी बजाई, उसके बाद आत्ममंथन की जरूरत बढ़ जाती है। ये तमाम नगर निगम अपने आप में शहरी मूड लिए घूम रहे हैं, लेकिन कल यही परिदृश्य अगर पार्टी के भीतरी असंतोष की जुबान बन जाए तो घातक होगा। वे कौन थे जो ऊषा शर्मा के रास्ते में कांटे बो रहे थे। आश्चर्य यह भी कि नगर निगम चुनाव में जो अपना मत ढो रहे थे, वे विधायक या सरकार में मंत्री धनी राम शांडिल इस जनादेश पर कहां खड़े होंगे। इसका अर्थ यह भी कि सोलन नगर निगम की सरहद पर सोलन विधानसभा हार गई, तो फिर विधायक महोदय के लिए यह घना सियासी कोहरा होगा। सोलन ने दरअसल कांग्रेस के संगठन व सरकार के मनन पर कई प्रश्न चस्पां किए हैं। अगर अहंकार से पार्टियां या सरकारें चलेंगी, तो अपने ही कदम लहूलुहान होंगे। क्या ऊषा शर्मा के जश्न में धनीराम शांडिल की पगड़ी ऊंची होगी या इस जीत की नारेबाजी को कांग्रेस के असंतुष्ट धड़े सोलन के बाहर कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर, मंडी या अन्य जिलों तक भी सुनेंगे। सत्ता के लिए बहुमत प्राप्त करना एक बात है, लेकिन बहुमत सरकार में क्षेत्रीय राजनीति में संतुलन पैदा करना गंभीर चुनौती है। यह भी इस दौर में जब भाजपा जैसा विरोधी पक्ष 24 गुणा 7 पीछे पड़ा हो, तो कांग्रेस को अपने खुमार और अति विश्वास के लबादे उतारने पड़ेंगे। ऐसे में जब सरकार को अपने एक साल के जश्न की इबारत में खुद को साबित करना है, तो कुछ नए शब्द और मुहावरे जोडऩे पड़ेंगे।



# चीन ने बनाई 2.5 किमी गहरी अंडरग्राउंड प्रयोगशाला, कई रहस्य उजागर करने का दावा

**शंघाई।**
चीन अपनी हरकतों के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता है। वो कब क्या कर दे कोई नहीं जानता है। ऐसे में दुनिया के तमाम देश उसके एक एक कदम पर नजर भी रख रहे हैं। हाल ही में चीन ने ढाई किलोमीटर गहरी एक प्रयोगशाला बनाई है। इसमें कौन सा प्रयोग होगा ये कोई नहीं जानता है। चीनी वैज्ञानिकों ने इस लैब में काम करना भी शुरू कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के दक्षिणी-पश्चिमी सिचुआन प्रांत में 2400 मीटर गहरी लैब तैयार की गई है। दावा किया गया है कि यह लैब कई ऐसे राज खोलेगी जो अभी भी वैज्ञानिकों की नजर में रहस्य बने हुए हैं।चीन की नजर चांद पर भी है। रूस और चीन पहले ही चांद पर अपना बेस बनाने की बात कह चुके हैं। ऐसे में सवाल है कि नई लैब से चीन क्या-क्या नए काम करने की तैयारी में है और इतनी गहराई में लैब बनाने की नौबत क्यों आई। कितनी खास है नई लैब और क्यों बनाई गई रिपोर्ट के मुताबिक, गहरी होने के साथ लैब में अल्ट्रा लो रेडिएशन बैकग्राउंड की भी सविधा है। चीनी वैज्ञानिकों का मानना है कि डार्क मैटर लम्बे समय से रहस्य बना हुआ है। इसकी बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। नई लैब डार्क मैटर से जुड़े सवालों के जवाब देने में मदद करेगी। इसे जिनपिंग लैब नाम दिया गया है। डार्क मैटर क्या है, अब इसे भी समझ लेते हैं। दरअसल, इसे देखा नहीं जा सकता। डार्क मैटर वाले हिस्से में न तो किसी तरह की एनर्जी है और न ही प्रकाश। इसलिए इसका पता लगाना मुश्किल है। अब चीनी वैज्ञानिक इससे जुड़ सवालों के जवाब ढूंढकर इतिहास रचना चाहते हैं। हालांकि, यह इतना आसान नहीं है। लेकिन उनका दावा है कि चीन में इसकी खोज करना दुनिया के दूसरे हिस्से के मुकाबले थोड़ा ज्यादा आसान है। चीन की इस अंडरग्राउंड लैब के पहले चरण का काम 2010 में पूरा हो गया था, लेकिन इसे अब पूरी तरह से काम करने लायक बनाया जा सका है। ऐसे में सवाल उठता है कि डार्क मैटर से जुड़े सवालों के जवाब जानने के लिए इतनी गहरी लैब क्यों खोदी गई है। चीनी वैज्ञानिकों ने इसका जवाब दिया है। लैब के वैज्ञानिकों का कहना है कि हम जितनी गहराई में जाएंगे वहां उतनी ही कॉस्मिक किरणों को रोक सकेंगे. इस तरह वैज्ञानिकों ने गहराई में बनी लैब को डार्क मैटर पता लगने के लिए सबसे बेहतर माना गया है। वैज्ञानिकों ने इसे आदर्श अल्ट्रा क्लीन जगह बताया है। चीनी मीडिया में यह भी कहा गया है डार्क मैटर में नई तरह की खोज करने के लिए पूरी दुनिया में चीन से बेहतर जगह नहीं है। इसलिए इससे जुड़े नए जवाबों के मिलने की उम्मीद ज्यादा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 79 दिनों के युद्धविराम के बाद रूस ने यूक्रेन पर फिर बरसाए बम, मिसाइल हमलों में दो की मौत कई घायल




**कीव ।** करीब 80 दिनों के युद्धविराम के बाद रूस ने फिर से यूक्रेन पर जोरदार हमला किया। बता दें कि बीते 79 दिनों से दोनों देशों के बीच अनौपचारिक शांति थी लेकिन यूक्रेन की राजधानी कीव पर बड़ा हमला हुआ। यूक्रेन के आंतरिक मामलों के मंत्री ने बताया कि कीव पर करीब दो घंटे तक हवाई हमले हुए। हालांकि कीव के एयर डिफेंस सिस्टम ने सफलतापूर्वक कई मिसाइलों को रास्ते में ही नेस्तानाबूत कर दिया, जिससे कीव में काफी कम नुकसान हुआ। वहीं यूक्रेन के केंद्रीय क्षेत्र में भी रूसी मिसाइलों ने हमला किया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई है और चार अन्य घायल हुए हैं। साथ ही खारकीव क्षेत्र में हुए हमले में भी एक व्यक्ति की मौत हुई है और कई अन्य घायल हुए हैं। इस दौरान एक रिहायशी इमारत को भी भारी नुकसान हुआ, जिसमें कई मकान और कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि रूस ने एस-300 मिसाइलों से हमला किया। बताया जा रहा है कि 19 रूसी मिसाइलों ने यूक्रेन के अलग-अलग हिस्सों पर हमला किया। इन 19 मिसाइलों में से 14 मिसाइलों को सफलतापूर्वक रोक लिया गया। बीते दो महीनों में यह सबसे बड़ा हमला है। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी खुफिया एजेंसियों ने भी यूक्रेन को इनपुट दिया था कि रूस सर्दियों के मौसम में नागरिक ठिकानों को निशाना बना सकता है। रूस द्वारा यूक्रेन के ऊर्जा केंद्रों पर हमले किए जा रहे हैं, जिससे यूक्रेन में हालात खराब हो सकते हैं। यूक्रेन ने भी अपने नागरिकों से अपील की है कि वह इलेक्ट्रिसिटी बचाएं क्योंकि रूस के हमलों में यूक्रेन के थर्मल पावर प्लांट्स को नुकसान पहुंचा है, जिससे बिजली की कमी हो गई है।

### डोनाल्ड ट्रंप को मिली थोड़ी राहत, चुनाव नतीजे पलटने के मामले में जा सकते हैं सुप्रीम कोर्ट

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के अपीलीय कोर्ट ने पूर्व राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप को राहत देते हुए गैग ऑर्डर में थोड़ी छूट दी है। बता दें कि गैग ऑर्डर वह आदेश होता है, जिसमें जज, अटॉर्नी, पार्टियों या गवाहों को केस के बारे में बात करने से प्रतिबंधित कर देते हैं। अब अपीलीय कोर्ट ने ट्रंप को इसमें थोड़ी राहत दे दी है। अदालत के आदेश के बाद अब ट्रंप विशेष अधिवक्ता, जज और न्याय विभाग, बाइडन सरकार की आलोचना कर सकेंगे। ट्रंप को यह राहत 2020 के चुनाव नतीजे पलटने के मामले में मिली है। हालांकि ट्रंप को यह छूट आंशिक ही मिली है क्योंकि अभी भी वह गवाहों, कोर्ट स्टाफ और विशेष अधिवक्ता के स्टाफ या उनके परिजनों के खिलाफ कोई बयानबाजी नहीं कर पाएंगे। आए आदेश में कहा गया है कि यह छूट देने का उद्देश्य ट्रंप के संशोधन अधिकार और न्याय प्रक्रिया की अखंडता को संतुलित करना है। कोर्ट ने कहा कि ट्रंप पूर्व राष्टपति और वर्तमान में राष्टपति पद के दावेदार हैं लेकिन उन्हें ट्रायल कोर्ट में अन्य आपराधिक प्रतिवादियों की तरह ही पेश होना होगा। बता दें कि चुनाव नतीजे पलटने के मामले में ट्रंप के खिलाफ गैग ऑर्डर अक्तूबर में यूएस डिस्ट्रिक्ट जज तान्या चुटकन ने दिया था। जज ने यह आदेश उस अपील के बाद दिया था, जिसमें इस बात पर चिंता जाहिर की गई थी कि ट्रंप सार्वजनिक बयानों, सोशल मीडिया गतिविधियों और गवाहों को डरा सकते हैं।

### ऋषि सुनक बोले- अवैध आप्रवासन के खिलाफ अब तक का सबसे सख्त कानून पेश

**लंदन।** ब्रिटेन में आप्रवासन एक बहुत बडी समस्या बनती जा रही है। इसे रोकने के लिए सरकार भी कई फैसले ले रही है। इस बीच ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा कि हम अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए कड़े फैसले ले रहे हैं। अवैध प्रवास समाप्त होना चाहिए। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ट्वीट कर कहा कि हमारा नया विधेयक अब तक का सबसे सख्त अवैध आव्रजन विरोधी कानून है। इस विधेयक के कारण देश में आने वाले लोगों को संसद नियंत्रित करेगी, न कि आपराधिक गिरोह या कोई विदेशी अदालतें। सुनक ने कहा कि भले ही मैं एक प्रवासी का बेटा हूं लेकिन मेरे माता-पिता कानूनी रूप से ब्रिटेन आए थे। हमारे यहां आपराधिक गिरोह कमजोर लोगों को प्रताड़ित नहीं कर सकते। अप्रवासियों के बच्चे के रूप में मैं समझ सकता हूं कि लोग यहां क्यों आना चाहते हैं। हाल ही में, ब्रिटेन के गृह सचिव जेम्स क्लेवरली ने हाउस ऑफ कॉमन्स को बताया था कि नए नियमों के तहत स्वास्थ्य वीजा पर ब्रिटेन आने वाले डॉक्टर अब अपने परिवार के किसी भी सदस्य को अपने साथ नहीं ला सकते हैं। इसके अलावा, कुशल श्रमिक वीजा पॉलिस के तहत आवेदकों के लिए वर्तमान सीमा जीबीपी 26,200 को बढ़ाकर जीबीपी 38,700 कर दिया गया है।



# इजराइल ने हिजबुल्ला की चौकी पर की बमबारी लेबनान से लड़ाई का दूसरा मोर्चा खुलने का बढ़ा डर

**तेल अवीव ।**
इजराइली सेना ने कहा है कि उन्होंने हिजबुल्ला की एक चौकी पर बमबारी कर उसे तबाह कर दिया है। इजराइली सेना का दावा है कि हाल ही में लेबनान की सीमा से इजराइल पर हमला किया गया था। अब आईडीएफ (इजराइल डिफेंस फोर्स) ने उस जगह की पहचान की, जहां से एंटी टैंक मिसाइल से हमला किया गया था और उसे तबाह कर दिया। इस हमले में हिजबुल्ला के कई लोग भी मारे गए हैं, जो उस चौकी पर तैनात थे।

### लड़ाई का नया मोर्चा खुलने का बढ़ा खतरा

आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हागारी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि आईडीएफ पर हिजबुल्ला की तरफ से मानवयुक्त चौकी से हमला किया गया था। जिस पर आईडीएफ ने उन आतंकियों की पहचान की, जो एंटी टैंक मिसाइल की लॉन्चिंग पोजिशन पर थे, जिस पर बीती रात इजराइल की तरफ से हमला किया गया। बता दें कि लेबनान का कट्टरपंथी संगठन हिजबुल्ला खुलकर हमास का समर्थन कर रहा है और उसकी तरफ से लगातार इजराइल पर मिसाइल हमले भी किए जा रहे हैं। इसे लेकर इजराइल ने धमकी भी दी है, जिससे लड़ाई का दूसरा मोर्चा खुलने का भी खतरा बढ़ गया है। बता दें कि इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने धमकी दी है कि अगर हिजबुल्ला ने दक्षिणी लेबनान से इजराइल के खिलाफ दूसरा मोर्चा खोलने की कोशिश की तो वह बेरुत को गाजा में तब्दील कर देंगे। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि सीरिया में इजराइल के हमले में हिजबुल्ला के तीन लड़ाके मारे गए हैं, साथ ही एक सीरियाई नागरिक की भी इसमें मौत हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, इजराइली ड्रोन के हमले में मदिनात अल बाथ शहर में एक कार को निशाना बनाया गया। यह इलाका इजराइल के नियंत्रण वाले गोलन हाइट्स इलाके के पास है।

### गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव पर अमेरिका ने किया वीटो

वहीं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में इजराइल हमास युद्ध के मुद्दे पर बैठक हुई, जिसमें गाजा में तुरंत युद्धविराम की मांग की गई। हालांकि अमेरिका ने इस प्रस्ताव को वीटो कर दिया। वहीं ब्रिटेन ने इस बैठक से दूरी बनाई। इजराइल ने अमेरिका के इस कदम की सराहना की है। इजराइल के विदेश मंत्री एली कोहेन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरस पर हमास का समर्थन करने का आरोप लगाया है। कोहेन ने पोस्ट कर लिखा कि गुटेरस ने अपने पद का अपमान किया है। अनुच्छेद 99 को लागू करना, जबकि यूक्रेन युद्ध या सीरिया में गृहयुद्ध के हालात में इसे लागू नहीं किया गया। कोहेन ने गुटेरस को पक्षपाती बताया।



### मानवता शर्मसार! गाजा के अस्पतालों में सड़ी-गली हालत में मिले नवजात बच्चों के शव

**तेल अवीव ।** इजराइल हमास की लड़ाई अकल्पनीय मानवीय आपदा लेकर आई है। बता दें कि गाजा के अल नस्र अस्पताल के आईसीयू में नवजात बच्चों के शव सड़ी-गली हालत में मिले हैं। गाजा के एक रिपोर्टर ने अस्पताल का वीडियो बनाया है, जिसमें दिख रहा है कि अस्पताल में नवजात बच्चों के शव अभी भी आईसीयू के बेड पर लाइफ सेविंग इक्विपमेंट्स से जुड़े हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, वीडियो में चार नवजातों के शव दिख रहे हैं और कुछ तो कंकाल में बदल चुके हैं। बता दें कि नवंबर की शुरुआत में इजराइल और हमास के बीच गाजा के अस्पतालों में लड़ाई लड़ी गई थी। इजराइल का आरोप था कि इन अस्पतालों में हमास के आतंकियों ने अपने ठिकाने बनाए हुए हैं। इजराइल ने हमले से पहले अस्पताल खाली करने का निर्देश दिया था। जिसके चलते अस्पताल का स्टाफ जल्दबाजी में यहां से निकल गया था और माना जा रहा है कि इसी दौरान कई नवजात बच्चों को अस्पताल में ही छोड़ दिया गया, जिनकी बाद में मौत हो गई। अस्पताल के एक डॉक्टर ने बताया कि अस्पताल खाली करने से पहले ही दो नवजात बच्चों की मौत हो गई थी, जबकि अन्य बच्चे जीवित थे लेकिन बाद में देखभाल नहीं मिलने के चलते उनकी भी मौत हो गई। अस्पताल के पीडियाट्रिक विभाग के प्रमुख डॉ. मुस्तफा अल कहलौत का कहना है कि 9 नवंबर को अस्पताल के आईसीयू की ऑक्सीजन सप्लाई काट दी गई थी। इस दौरान अंतरराष्टीय संगठनों, रेड क्रॉस आदि से भी सप्लाई फिर से शुरू करने की अपील की गई थी लेकिन इसके बावजूद सप्लाई बंद रही। साथ ही युद्ध के चलते अस्पताल में एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाई। साथ ही अस्पताल के स्टाफ को भी जल्दबाजी में अस्पताल परिसर खाली करने का आदेश दिया गया। वहीं इजराइली सेना ने नवजात बच्चों की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया है और कहा है कि उन पर लगे आरोप बेबुनियाद और फर्जी हैं।

# जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूची में सातवें पायदान पर भारत, पिछली रिपोर्ट की तुलना में बेहतर प्रदर्शन



**दुबई ।**
दुबई में आयोजित वैश्विक जलवायु वार्ता के दौरान जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूची जारी हुई। सूची में भारत ने एक पायदान की बढ़ोत्तरी की है। सूची के अनुसार, भारत जलवायु परिवर्तन को लेकर गंभीर है और अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। बता दें, वैश्विक जलवायु शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए थे।

### ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती

सम्मेलन में जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक, भारत सूची में सातवें स्थान पर है। भारत पिछली बार जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक में आठवें स्थान पर था। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती होने के वजह से भारत को उच्च रैंकिंग मिली है। भारत दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश है। बावजूद इसके यहां प्रति व्यक्ति उत्सर्जन अपेक्षाकृत कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमारे डाटा से साफ होता है कि प्रति व्यक्ति जीएचजी श्रेणी में भारत दो डिग्री सेल्सियस से नीचे के बेंचमार्क को छूने वाला है। यह आंकड़ा सकारात्मक रुझानों को दर्शाता है। हालांकि, इसकी गति बहुत धीमी है।

### भारत अब भी तेल-गैस और पेट्रोल पर निर्भर

सीसीपीआई के विशेषज्ञों का कहना है कि भारत दीर्घकालिक नीतियों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान को पूरा करने की कोशिश कर रहा है, जो नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देना है। हालांकि, भारत की जरूरतें अब भी तेल और गैस के साथ-साथ कोयले पर पूरी तरह से निर्भर करती है। तेल-गैस और कोयला ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का प्रमुख स्रोत है। यह वायु प्रदूषण का भी अहम कारण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में पेट्रोल-डीजल पर अपेक्षाकृत अधिक कर है। इस कर की कुछ विशेषज्ञ सराहना करते हैं, उनका कहना है कि इससे पेट्रोल-डीजल की खपत में कटौती हो सकती है। वहीं कुछ जानकार इसे राजस्व को बढ़ाने का तरीका बताते हैं। वसुधा फाउंडेशन के सीईओ श्रीनिवास कृष्णास्वामी का कहना है कि जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक- 2024 में भारत को इस पायदान से ऊपर देखने में खुशी होगी। भारत के साथ-साथ अन्य देशों ने भी जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए ठोस कार्रवाई की है।

# गाजा में तत्काल युद्धविराम का प्रस्ताव यूएन सुरक्षा परिषद में खारिज, अमेरिका ने फिर किया वीटो

**न्यूयॉर्क/ यरूशलम ।**
गाजा में इजराइल-हमास के बीच दो महीने से अधिक समय से संघर्ष जारी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में गाजा में इजराइली सेना के हमले में 300 फलस्तीनी नागिरक मारे गए। इस बीच यूएन द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में गाजा में तत्काल युद्धविराम के लिए लाया प्रस्ताव गिर गया है। अमेरिका के वीटो करने के कारण प्रस्ताव पास नहीं हो सका। यूएन द्वारा पेश किए गए मसौदा प्रस्ताव में गाजा में तत्काल युद्धविराम और सभी बंधकों की बिना शर्त तत्काल रिहाई की मांग की गई थी। 13 सदस्य देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट किया। अमेरिका ने प्रस्ताव के खिलाफ वीटो किया, जबकि ब्रिटेन ने मतदान से खुद को अलग रखा। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी दूत रॉबर्ट वुड ने युद्धविराम प्रस्ताव को असंतुलित और वास्तविकता से परे बताया। प्रस्ताव पर वीटो करने के बाद वुड ने कहा कि प्रस्ताव का मसौदा तैयार करने और उस पर मतदान करने की प्रक्रिया में जल्दबाजी की गई और इसमें उचित परामर्श का अभाव था। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से, हमारी लगभग सभी सिफारिशों को नजरअंदाज कर दिया गया। इस जल्दबाजी की प्रक्रिया का परिणाम है कि यह असंतुलित और वास्तविकता से परे था। मध्य पूर्व की स्थिति पर यूएनएससी की बैठक में अमेरिकी राजदूत रॉबर्ट वुड ने कहा कि अमेरिका गाजा में तत्काल युद्धविराम के आह्वान का समर्थन नहीं करता है, क्योंकि यह सिर्फ अगले युद्ध के लिए बीज बोएगा। वुड ने कहा कि हमास इजराइल के लिए खतरा बना हुआ है। अगर इजराइल ने आज एकतरफा अपने हथियार डाल दिए, जैसा कि कुछ सदस्य देशों ने आह्वान किया है, तो हमास बंधकों को नहीं छोड़ेगा। उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार अपनी सीमाओं पर खतरे को अनुमति नहीं देगी। हमास ने कई दशकों में इजराइल पर सबसे बर्बर हमला किया। साथ ही यूएस राजदूत ने कहा कि अमेरिका दृढ़ता से टिकाऊ शांति का समर्थन करता है, जिसमें इजराइल और फलस्तीनी दोनों शांति और सुरक्षा से रह सकेंगे। लेकिन हम तत्काल युद्धविराम के आह्वान का समर्थन नहीं करते हैं।



# राष्ट्रपति बाइडन के बेटे हंटर पर नौ आरोपों में लगा अभियोग, बंदूक की अवैध खरीदारी और दुराचार के भी आरोप

**वॉशिंगटन ।**
**अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडन पर कैलिफोर्निया में कर संबंधी नौ आरोपों में अभियोग लगाया गया है। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के बीच यह जांच काफी अहम हो गई है। उन पर डेलावेयर में 2018 में बंदूक की अवैध खरीदारी के अलावा गुंडागर्दी के तीन और दुराचार के छह नए आरोप भी लगाए गए हैं। दोषी पाए जाने पर 53 वर्षीय हंटर को अधिकतम 17 वर्ष की जेल हो सकती है।**



विशेष वकील डेविड वीस ने कहा, हंटर बाइडन ने अपने कर बिलों का भुगतान करने के बजाय असाधारण जीवनशैली पर लाखों डॉलर खर्च किए हैं। मौजूदा आरोप 2016 से 2019 के बीच हंटर पर बकाया 14 लाख डॉलर के कर पर केंद्रित हैं। इस अवधि में उन्होंने नशे की लत से जूझने की बात स्वीकार की है। जबकि कानूनन मादक पदार्थ का सेवन करने वाला व्यक्ति अपने पास बंदूक या कोई अन्य हथियार नहीं रख सकता है, जबकि हंटर ने बंदूक की खरीदारी कर अमेरिकी कानून तोड़ा था। विशेष वकील डेविड वीस ने कहा, हंटर बाइडन ने अपने कर बिलों का भुगतान करने के बजाय विलासितापूर्ण जीवनशैली पर लाखों डॉलर खर्च किए। वीस ने कहा, विशेष जांच जारी रहेगी।

### राष्ट्रपति बाइडन पर चलाएं महाभियोग

संसद में रिपब्लिकन सांसद राष्ट्रपति के खिलाफ जांच व महाभियोग चलाने की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि बाइडन ने अपने बेटे के साथ मिलकर एक बड़ी योजना के धन में हेराफेरी की है। कहा जा रहा है कि जांच को मंजूरी देने के लिए अगले सप्ताह सदन में मतदान हो सकता है।

### रिपब्लिकनों की प्रेरणाः बचाव पक्ष

बचाव पक्ष के वकील एब्बे लोवेल ने विशेष वकील डेविड वीस पर रिपब्लिकनों की शह पर काम का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि हंटर का उपनाम बाइडन के अलावा कुछ और होता, तो उन पर डेलावेयर और अब कैलिफोर्निया में आरोप नहीं लगाए जाते। व्हाइट हाउस ने इस मामले पर टिप्पणी नहीं की जबकि अभियोजक लियो वीस ने कहा, कैलिफोर्निया की कोर्ट में दायर दस्तावेज में हंटर के खर्च का ब्यौरा है। इनमें हंटर ने मादक पदार्थों, होटलों, कारों और महिला मित्रों पर भारी राशि खर्च की पर उन्होंने करों का भुगतान नहीं किया।

## कैलिफोर्निया के पूर्व पुलिस प्रमुख को 11 साल की सजा

# अदालत ने अमेरिका कैपिटल दंगा मामले में दोषी पाया

**कैलिफोर्निया ।**
कैलिफोर्निया के एक पूर्व पुलिस प्रमुख को कैपिटल पर हुए हमले से जुड़े मामले में दोषी पाया गया है। 6 जनवरी को कैपिटल दंगे के दौरान हथियारों से लैस 59 वर्षीय एलन होस्टेट्टर को 11 साल जेल की सजा सुनाई गई है। सीएनन की रिपोर्ट के अनुसार, होस्टेट्टर पहले कथित राजनीतिक विरोधियों को फांसी देने की वकालत कर चुके थे। अब कैपिटल दंगे में भूमिका पाए जाने पर अमेरिकी जिला न्यायाधीश रॉयस सी लैम्बर्थ ने 135 महीने की सजा सुनाई। 59 वर्षीय एलन होस्टेट्टर को जुलाई में कई आरोपों में दोषी पाया गया। इसमें प्रशासन की आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश, आधिकारिक कार्यवाही बाधित करना, प्रतिबंधित इमारत या मैदान में घातक या खतरनाक हथियार के साथ प्रवेश, एक प्रतिबंधित इमारत में खतरनाक हथियार के साथ घुसकर अशांति फैलाने वाला आचरण करना भी शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक होस्टेट्टर को मिली सजा के बाद अमेरिकी न्याय विभाग ने बयान जारी किया। इसके अनुसार, कैपिटल में हिंसा की घटनाओं से पहले, होस्टेट्टर ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के आसपास विभिन्न साजिशों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया। बाद में वह कैलिफोर्निया के ला हबरा पुलिस प्रमुख के रूप में रिटायर हुए। होस्टेट्टर पर कैपिटल दंगे से एक दिन पहले 5 जनवरी को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थकों की रैली को सह-प्रायोजित करने का भी आरोप है। खबरों के अनुसार उन्होंने वाशिंगटन, डीसी में हिंसक और उग्र बयानबाजी की। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, न्याय विभाग ने बताया कि अगले दिन, होस्टेट्टर रणनीतिक हथियार और पोशाक से लैस होकर कैपिटल पहुंचे। उनके पास एक हेलमेट, हैच, चाकू, स्टन बैटन, काली मिर्च स्प्रे और अन्य हथियार भी थे। कैपिटल पहुंचने पर होस्टेट्टर स्टॉप द स्टील रैली में भाग लेने से पहले डीसी ब्रिगेड के साथी सदस्यों में शामिल हो गए। इसके बाद, उन्होंने अन्य दंगाइयों के साथ मिलकर कानून-व्यवस्था कायम करने में जुटे अधिकारियों के खिलाफ काम किया। खबरों के अनुसार, होस्टेट्टर को 10 जून, 2021 को कैलिफोर्निया में अमेरिकी संघीय जांच एजेंसी-फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने गिरफ्तार किया था। रिपोर्ट के अनुसार कैपिटल दंगा मामले में चार सह-प्रतिवादियों को भी प्रशासन की आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश रचने के लिए नवंबर में दोषी ठहराया गया था। इनसे पहले मामले के पांचवें सह-प्रतिवादी रसेल टेलर को आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश रचने का दोषी ठहराया जा चुका था।



# गहलोत का भाजपा से सवाल, छह दिन में क्यों नहीं कर पाए सीएम के नाम की घोषणा



**जयपुर/नई दिल्ली ( हिंस )।** राजस्थान के कार्यवाहक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की पोल खुलती नजर आ रही है। छह दिन तक भाजपा नेतृत्व राजस्थान का मुख्यमंत्री तय नहीं कर पाता है और भाजपा नेता कहते हैं पार्टी में अनुशासन है। गहलोत शनिवार को नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश में सीएम चयन में हो रही देरी पर तंज कसते हुए कहा कि आप अब तक सीएम नहीं चुन पाए हो जबकि अगर कांग्रेस पांच-छह दिन मुख्यमंत्री का फैसला नहीं करती तो पता नहीं आप क्या-क्या चिल्लाते कि आपस में फूट है, झगड़ा है। अब आप इनको पूछो क्या है? आपके पास क्या है? आज छह दिन हो गए हैं, मुख्यमंत्री का फैसला नहीं हुआ। गहलोत ने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या हुई। एनआईए जांच के लिए केंद्र सरकार को मुझे लिखकर भेजना पड़ा। एनआईए जांच का लेटर मेरे साइन से गया है कि इस मर्डर की जांच एनआईए से होनी चाहिए, हमें ऑब्जेक्शन नहीं है जबकि यह काम नए मुख्यमंत्री का था। राज्यपाल ने मुझे कार्यवाहक सीएम बना रखा है, जब तक नया सीएम शपथ नहीं ले, मुझे कार्रवाई करनी पड़ती है। मैं चाहता हूं जल्दी इसका फैसला हो। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की करारी हार पर गहलोत ने कहा कि भाजपा के पास कोई इश्यू नहीं था, इन्होंने धार्मिक तनाव बढ़ाने वाले भाषण दिए। चुनाव का ध्रुवीकरण कर दिया। राष्ट्रीयता, ध्रुवीकरण, हिंदू-मुस्लिम तो फिर आप देख सकते हो क्या होता है? वही हुआ हमने कहा था, जनता माई बाप होती है, वो जो फैसला करेगी, उसे विनम्रता से स्वीकार करेंगे। उन्होंने कहा कि हम चाहते थे कि चुनाव स्थानीय मुद्दों पर हो। भाजपा नेता हमारे पांच साल के कार्यकाल पर बात करते, उसकी कमियां बताते लेकिन चुनाव को धर्म के नाम पर ले गए। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री किसी ने भी हमारे कामकाज की चर्चा नहीं की, इसका मुझे दुख है। कन्हैयालाल मर्डर पर झूठ फैलाया गया कि केवल पांच लाख दिए गए, जबकि कन्हैयालाल के परिजनों को पचास लाख मिले थे। भाजपा ने पब्लिक में भर दिया है कि उसको बहुत कम पैसा मिला। इतनी बड़ी घटना हुई, यह नहीं कहा कि एनआईए जांच का फैसला उसी रात कर दिया था। गहलोत ने कहा कि कन्हैयालाल मर्डर की जांच एनआईए से करवाने का फैसला उसी रात कर लिया था। अभी तक उसकी जांच पूरी नहीं की है। हमारे पास केस होता तो हो सकता है, अब तक आरोपियों को सजा हो जाती। इन्होंने कुछ नहीं किया। गहलोत ने कहा कि चुनाव के दौरान इनके पास कोई मुद्दा नहीं था, केवल भड़काने का काम किया। ये लोकतंत्र की हत्या करने वाले लोग हैं। संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स महकमों का दुरुपयोग कर रहे हैं। चुनाव के दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के घर घुस गए। वैभव गहलोत को नोटिस दे दिया, बुला लिया। ये डिस्टर्ब करना जानते हैं। पूरे देश के अंदर बहुत खतरनाक खेल चल रहा है, जनता आज नहीं तो कल जवाब देगी।

# भारत को विकसित देश बनाने की प्रधानमंत्री मोदी की है परिकल्पना : मूलचंद शर्मा



**फरीदाबाद ( हिंस )।** प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्ग दर्शन में चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में अपना सक्रिय योगदान देने का संकल्प किया है। इसी के चलते प्रदेश में इस यात्रा के कार्यक्रम व्यापक स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। वे शनिवार को फरीदाबाद के गांव प्याला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करना और नई योजनाओं के माध्यम से उनको लाभ पहुंचाना है। कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से न छूटे यह सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा प्रदेश में इस यात्रा के कार्यक्रम गांवों के साथ-साथ शहरों में भी बड़े स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने की प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना है, जिसे प्रत्येक देशवासी को मिलकर साकार करना है। यह एक बड़ा और व्यापक अभियान है। देश के प्रत्येक नागरिक और सभी वर्ग के लोगों को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। कार्यक्रम में जिला परिषद फरीदाबाद के अध्यक्ष विजय लोहिया, प्याला गांव के सरपंच सत्येंद्र, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, तहसीलदार भूमिका लांबा, बीडीपीओ अजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# नियमित करने की मांग को लेकर अतिथि अध्यापक सड़कों पर उतरे




**यमुनानगर ( हिंस )।** राजकीय अतिथि अध्यापक मंच बैनर तले विभिन्न जिलों से आए सेंकड़ों अध्यापक शनिवार दोपहर बाद जगाधरी स्थित स्कूल शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव करने निकले। उन्हें पुलिस ने बैरिकेड लगाकर गुप्ता पैलेस के नजदीक रोक दिया। इससे गुस्साए अध्यापकों ने सड़क पर धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राजकीय अतिथि अध्यापक मंच के प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र शास्त्री ने कहा कि 18 वर्षों से अतिथि अध्यापक नियमित अतिथि अध्यापक से एक तिहाई वेतनमान पर कार्य कर रहे हैं। फरवरी 2019 में ऐक्ट बनाकर सेवा सुरक्षा प्रदान की गई थी, लेकिन आज भी अतिथि अध्यापकों के हाथ खाली हैं। उन्होंने कहा कि 13 फरवरी 2014 दिल्ली जंतर-मंतर पर हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष रामबिलास शर्मा ने शपथ पत्र पर लिख कर दिया था कि अतिथि अध्यापकों को नियमित किया जाएगा। मगर आज तक ऐसा नहीं हुआ। हरियाणा भाजपा सरकार ने भी अतिथि अध्यापकों को नियमित करने का चुनावी वादा किया था, जो कि अभी तक पूरा नहीं हुआ है। बाद में प्रशासन ने अतिथि अध्यापकों के प्रतिनिधिमंडल को हरियाणा शिक्षा मंत्री से मिलवाया। शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने उन्हें इस मामले को मुख्यमंत्री के सामने रखने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अध्यापक शामिल रहें।

# मांगों को लेकर दो घंटे हड़ताल पर रहे सरकारी डॉक्टर

**फरीदाबाद ( हिंस )।** सरकारी डॉक्टर्स शनिवार को यहां दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल पर रहे। सुबह नौ बजे से 11 बजे तक डॉक्टरों ने मरीजों को नहीं देखा, जिसके चलते ओपीडी में दिखाने आए मरीजों को काफी परेशानी हुई। हालांकि, इस दौरान इमरजेंसी सेवाएं सुचारू रूप से चलती रहीं। सीनियर मेडिकल अफसर मान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी यह मांगें नई नहीं है। डॉक्टरों के लिए विशेष कैडर का गठन, एसएमओ की सीधी भर्ती पर तुरंत रोक, एसीपी लगाने आदि की मांगें पुरानी हैं। उन्होंने कहा कि इस सांकेतिक हड़ताल के बाद भी यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो स्टेट कमेटी जो निर्णय लेगी, उसके तहत अगला कदम उठाया जाएगा।

# विकसित भारत के ब्रांड एंबेसडर बनें युवा : ओमप्रकाश धनखड़

## हर पात्र तक पहुंच रही हैं मोदी-मनोहर सरकार की लोक हितैषी योजनाएं




**झज्जर ( हिंस )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने देश अमृतकाल के आगामी 25 वर्षों में भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करना पीएम मोदी का सपना है। युवा वर्ग को अपना कौशल निखार कर विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभानी होगी, इसलिए हर युवा विकसित भारत का ब्रांड एंबेसडर बनकर अपनी भूमिका तय कर ले। वे शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों के तहत बादली हलके के गुभाना, नंगला और माजरी गांवों में ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार हर लाभार्थी तक गांव -गांव पहुंच रही है। जनकल्याण की सोच के साथ ऐसा मेगा अभियान पहले कभी नहीं चलाया गया। मोदी की सोच है कि हर पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। धनखड़ ने गुभाना में पीएम मोदी का ग्रामीणों संग लाइव संबोधन सुनने उपरांत कहा कि जिन लोगों ने देश की मेहनती जनता का जो धन दोनों हाथों से लूटा है, उसकी पाई-पाई लौटानी पड़ेगी, यह मोदी की गारंटी है। मोदी की गारंटी मतलब बेईमानों से पाई-पाई वसूलने की गारंटी। अगर एक विपक्षी सांसद के पास 200 करोड़ रुपए की नगदी पकड़ी जाती है तो बाकी सभी विपक्षी सांसदों के पास कितनी नकदी होगी। धनखड़ ने कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति का समय चला गया है। अब देश को विकसित करने वालों के साथ चलने का समय है। प्रगति की सोच को आगे बढ़ाने से ही देश विकसित होगा। धनखड़ ने लोक हितैषी कार्यों के लिए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई और सराहनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

# गोगामेड़ी हत्याकांड मामला : साजिशकर्ताओं में शामिल एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जयपुर ( हिंस )।** श्याम नगर थाना इलाके में पांच दिसंबर को श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के साजिशकर्ताओं में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के साजिशकर्ताओं में शामिल एक आरोपी रामवीर जाट (23) निवासी सत्तनाली जिला महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी रामवीर ने नितिन फौजी को जयपुर में पूरी व्यवस्था उपलब्ध करवाई थी। आरोपी रामवीर शूटर नितिन फौजी का घनिष्ठ दोस्त है। रामवीर सिंह व नितिन फौजी के गांव आस-पास है तथा दोनों आरपीएस सी सै स्कूल महेन्द्रगढ़ में कक्षा 12वीं में एक साथ पड़े हुए है। 12वीं पास करने के पश्चात नितिन फौजी वर्ष 2019-20 में सेना में भर्ती हो गया। वहीं रामवीर ने विल्फ्रेड कॉलेज मानसरोवर जयपुर से वर्ष 2017 से 2020 में बीएससी और वर्ष 2021 से 2023 में विवेक पीजी कॉलेज कालवाड़ रोज जयपुर से एमएएससी (मैथेमेटिक) की पढ़ाई की है। रामवीर अप्रेल 2023 में एमएससी का अंतिम पैपर देकर गांव चला गया। नितिन फौजी छुट्टी आया हुआ था। 9 नवंबर को नितिन फौजी व उसके साथियों ने महेन्द्रगढ़ के थाना सदर की पुलिस पार्टी पर फायरिंग की और फरार हो गए। नितिन फौजी ने इस फरारी के दौरान अपने दोस्त रामवीर को जयपुर भेजा।

# राजस्थान विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व हुआ कम, पर युवा और अनुभव का दिखेगा संगम

**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान विधानसभा में आम जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले विधायकों में इस बार युवा और अनुभव दोनों का संगम देखने को मिलेगा। प्रदेश की जनता ने विधानसभा चुनाव में अपना मत देकर हर आयु वर्ग के जनप्रतिनिधियों को विधानसभा तक पहुंचाया है। विधानसभा चुनाव 2018 की तुलना में युवाओं की संख्या में कोई खास बदलाव नहीं आया है। पिछली बार जहां 25 से 30 वर्ष आयु वर्ग के तीन विधायक चुने गए थे, वहीं इस बार विधानसभा में ये संख्या चार दिखेगी। इनमें सबसे कम आयु के शिव विधानसभा सीट से जीतकर आए रविंद्र सिंह भाटी हैं, जिनकी आयु महज 25 वर्ष है। सबसे अधिक उम्र के किशनगढ़ बास विधानसभा से 83 वर्ष के दीपचंद खैरिया है। हालांकि, 31 से 50 आयु वर्ग के 63 विधायक इस बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं जो राजनीति में युवा राजनेता के तौर पर ही माने जाते हैं। इस बार 25 से 30 आयु वर्ग के बीच के चार विधायक विधानसभा की दहलीज पर पहुंचे हैं। वहीं 31 से 50 उम्र के बीच 63 विधायक विधानसभा में अपना जोर दिखाएंगे। जबकि, 116 विधायक 51 से 70 की उम्र सीमा के बीच के हैं जो इस बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। वहीं 71 वर्ष से ज्यादा के करीब 16 विधायक चुनकर आए हैं। इस बार सबसे कम्र उम्र के विधायक शिव सीट से 25 साल के रविंद्र सिंह भाटी चुनकर आए हैं। वहीं कोलायत सीट पर 27 साल के अंशुमान सिंह भाटी ने जीत का परचम लहराया है। आसपुर सीट से भी 30 साल के उमेश मीना विधानसभा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। सबसे उम्रदराज विधायक किशनगढ़ बास से 83 साल के दीपचंद खैरिया हैं जिनके तर्जुबे का लाभ युवा विधानसभा में ले सकेंगे। बूंदी से 83 साल के हरिमोहन शर्मा भी 20 सालों बाद विधानसभा में अपना दम दिखाएंगे। पांचवीं बार चुनाव जीतकर कोटा नॉर्थ से 80 साल के शांति धारीवाल भी विधानसभा में गरजेंगे। अजमेर नॉर्थ से बीजेपी के वासुदेव देवनानी 75 साल की उम्र में भी विधानसभा में अपना दम दिखाएंगे। सीकर से 75 साल के राजेंद्र पारीक ने भी विधानसभा में चुनाव जीतकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। बीते दिनों नारी शक्ति वंदन कानून का राजनीतिक दलों ने एक सुर में स्वागत किया और सदन में पास भी हुआ। राजस्थान विधानसभा चुनाव में राजनीतिक दलों ने टिकट वितरण में ये जज्बा नहीं दिखाया और अब विधानसभा में इस बार महिलाओं का प्रतिनिधित्व कम ही रहने वाला है। सदन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का आंकड़ा कुल सीटों का महज 10 फीसदी ही रहेगा। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार 20 महिला विधायक ही सदन में नजर आएंगी।

# दहशत फैलाने के इरादे से डीएन कॉलेज के पास फायर करने वाले तीन गिरफ्तार

**हिसार ( हिंस )।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने डीएन कॉलेज के पास दहशत फैलाने के इरादे से फायर करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें भारत नगर निवासी रजत उर्फ बच्ची, विकास उर्फ मसूरी और गौरव उर्फ नोनी शामिल है। शनिवार को उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से एक को जेल व दो को पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। मुख्य सिपाही सुरेंद्र ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने चार दिसंबर को दहशत फैलाने के इरादे से डीएन कॉलेज के पास हवाई फायर कर घृणा और वैमनस्य की भावनाएं पैदा करने के आशय से पोस्टर लगाए थे। इस पर इनके खिलाफ शहर थाना में केस दर्ज करके जांच करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार तीनों को अदालत में पेश किया गया, जहां से विकास मसूरी और गौरव उर्फ नोनी को एक दिन के रिमांड पर व तीसरे आरोपी रजत उर्फ बच्ची को जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। मामले में बाकी आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी विकास मसूरी पर पहले भी शहर थाना व एचटीएम थाना में लड़ाई झगड़े, हत्या प्रयास, आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस के सात केस दर्ज है। इन मामलों में वह जमानत पर रिहा है।

# दस लाख रुपए की फिरौती मांगने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत ( हिंस )।** कंपनी के डायरेक्टर से दस लाख रुपए की फिरौती मांगने, लडाई झगड़ा करने, तोड़फोड़ करने व जान से मारने की धमकी देने की घटना मे संलिप्त मुख्य आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर शनिवार को एक दिन के पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी प्रवीन उर्फ फोरडा मुंडलानिया गांव मुंडलाना जिला सोनीपत का रहने वाला है। कंपनी के गार्ड के अनुसार इसी ने धमकी दी थी कि हमे हर महीने फिरौती के तौर पर 10 लाख रुपए चाहिए, नहीं तो हम रिबा फैक्ट्री मे काम नहीं होने देंगे और गार्ड को धमकी देकर गए कि अगर हमे फिरौती की रकम नहीं दी तो कम्पनी डाऐरेक्टर को जान से मार देंगे। बता देना कि मेरा नाम प्रवीन उर्फ फोरडा मुडलांनिया है। पांचों लड़के धमकी देकर वापिस चले गए। सोनीपत के गांव चिडाना निवासी नितिन गर्ग मैसर्ज रिबा टैक्सटाईल लिमिटैड डायरेक्टर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। थाना सदर गोहाना की जांच टीम में नियुक्त एएसआई कृष्ण कुमार ने घटना में संलिप्त गिरफ्तार केतन व हरिओम उर्फ लीलु वासी शाहपुर इसराना पानीपत, आकाश उर्फ केशा व जोगेन्द्र उर्फ निक्का वासी मुडंलाना जिला सोनीपत के रहने वालों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# धौलपुर भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा ने कलक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**धौलपुर ( हिंस )।** भाजपा द्वारा कांग्रेस के खिलाफ देशव्यापी हल्ला बोल प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत शनिवार को धौलपुर में भी भाजपाइयों ने कलक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष सत्येन्द्र पाराशर की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन के बाद में भाजपाइयों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम एडीएम को एक ज्ञापन सोंपा। इस मौके पर पाराशर ने कहा कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के घर पर आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी में ढाई सौ करोड़ की नगदी प्राप्त हुई है। अभी भी आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है। यह कांग्रेस के भ्रष्टाचार की एक बानगी है। जयपुर में भी कांग्रेस का भ्रष्टाचार उजागर हुआ था। अब धौलपुर में भी भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध ऐसी ही कार्रवाई होगी। वरिष्ठ भाजपा नेता जॉ. शिवचरण सिंह कुशवाहा ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के सांसद के घर पर भ्रष्टाचार के ढाई सौ करोड रुपए मिले हैं। यह एक छोटी मछली है। देश को भ्रष्टाचार से मुक्त कराना भाजपा का संकल्प है। भ्रष्टाचार के विरोध में भाजपा की मुहिम के रूप में आगे भी देश और प्रदेश में ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। भाजपा के हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत भाजपा के कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी जिला कलक्ट्रेट पहुंचे तथा वहां पर प्रदर्शन किया। भाजपाइयों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान राज्यसभा सांसद धीरज साहू का पुतला भी दहन किया।

# भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीब पर : मुख्यमंत्री मनोहर लाल



**चंडीगढ़ ( हिंस )।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भ्रष्टाचार का सबसे अधिक प्रभाव गरीब व्यक्ति पर पड़ता है। भ्रष्टाचारी गरीब व्यक्ति का हक मारकर स्वयं को समाज में प्रतिष्ठित दिखाने का कार्य करते हैं। इसलिए हमें समाज के साथ संबंध जोड़कर समाज सेवा का दायित्व निभाना चाहिए और भ्रष्टाचार को पूर्ण रूप से खत्म करने का प्रयास करना चाहिए। भ्रष्टाचार से दूर रहकर देश व प्रदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। वे शनिवार को पंचकूला के लोक निर्माण विश्रामगृह में हरियाणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो द्वारा अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान प्रदेश के 9 जिलों के 25 स्थानों पर, जहां मिशन कर्मयोगी की ट्रेनिंग दी जा रही है, वहां पर भी अधिकारी व कर्मचारी ऑनलाइन इस कार्यक्रम से जुड़े। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में भ्रष्टाचार रोकने में सराहनीय कार्य करने वाले 16 अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया में भ्रष्टाचार विषय पर आज के दिन चर्चा हो रही है। भ्रष्टाचार किसी देश व प्रदेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया में कम या ज्यादा मिलता है। इससे मुक्त होने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए जन जागरण की कोई कमी नहीं है। कमी है तो केवल संस्कारों की है। यदि हम जीवन में संस्कार और संतोष के भाव का समावेश कर लें तो भ्रष्टाचार से मुक्ति पाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक, नैतिक और चारित्रिक भ्रष्टाचार से मुक्ति पाना जरूरी है। इस मौके पर हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने कहा कि भ्रष्टाचार असंतोष, ईर्ष्या और हीन भावना का घोतक है। हीन भावना से ग्रसित व्यक्ति भ्रष्टाचार करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार को जड़ मूल से समाप्त करने के लिए सतर्कता को सशक्त माध्यम बनाया है। वर्तमान में सरल केंद्रों के माध्यम से 600 से अधिक नागरिक सुविधाओं व सेवाओं को समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाया जा रहा हैं। इसके साथ ही उनकी मॉनिटरिंग के लिए भी व्यवस्था की गई है। इन सभी नागरिक सुविधाओं व सेवाओं को ऑटो अपील सिस्टम से जोड़ा गया है। इस दौरान कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि भ्रष्टाचार लोकतंत्र की नींव के लिए खतरा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही इस लड़ाई में सभी को एकजुटता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रदेश ने भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है।

# हाईकोर्ट एसोसिएशन चुनाव : हाईकोर्ट एसोसिएशन में अध्यक्ष बने प्रहलाद शर्मा

**जयपुर। ( हिंस )।** हाईकोर्ट एसोसिएशन के चुनाव परिणाम शनिवार को घोषित हो गए हैं। हाईकोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर प्रहलाद शर्मा ने जीत हासिल की हैं। उन्होंने महेंद्र शांडिल्य को 237 वोटों से हरा दिया है। वहीं महासचिव पद पर सुशील पुजारी जीते हैं, जिन्होंने डॉ. संजय खेदड़ को 130 वोटों से हराया। इसके साथ उपाध्यक्ष पद पर निखिलेश कटारा, अशोक कुमार यादव निर्वाचित हुए हैं। संयुक्त सचिव के पद पर चित्रांक शर्मा, कोषाध्यक्ष के पद पर योगेश कुमार टेलर, सामाजिक सचिव के पद पर मीनू वर्मा, लाइब्रेरी सेक्रेटरी के पद पर ललित गौतम, जॉइंट लाइब्रेरी सेक्रेटरी के पद पर आशिमा माथुर का निर्वाचन हुआ। दी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने कहा कि यह मुद्दों और साथियों के विश्वास की जीत है। वह लोगों को नमन करते है और उनके विश्वास पर पूरा खरा उतरने का प्रयास करेंगे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में कार्यकारिणी के पदों पर भी आठ लोगों का निर्वाचन हुआ। निशांत शर्मा, मलखान चतुर्वेदी डॉ. सुमन शर्मा, मनीष कुमार शर्मा, सतीश खंडेलवाल, संजय भारती, सुरेश कश्यप और विनोद गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य के पद पर निर्वाचित हुए।

# उमर ने अनुच्छेद 370 पर कोर्ट के फैसले से पहले कश्मीर में राजनेताओं की नजरबंदी की आशंका जताई

**श्रीनगर ( हिंस )।** नेशनल कांफ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को आशंका व्यक्त की कि अनुच्छेद 370 की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले कश्मीर में मुख्यधारा के राजनेताओं को नजरबंद किया जा सकता है। उन्होंने दावा किया कि सरकार को इसके लिए सिर्फ एक बहाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह केवल उम्मीद और प्रार्थना कर सकते हैं कि फैसला जम्मू-कश्मीर के लोगों के पक्ष में हो। उमर अब्दुल्ला ने कुलगाम जिले में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें हमें घर में नजरबंद करने के लिए एक बहाना चाहिए और उनके पास एक बहाना है। जैसे हम इस बात से अनभिज्ञ हैं कि निर्णय क्या होगा, वैसे ही वे भी हैं। अगर वे जानते हैं तो जांच होनी चाहिए। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि कौन अधिकारपूर्वक कहेगा कि क्या होना है? मेरे पास ऐसी कोई मशीनरी या रास्ता नहीं है, जिससे मैं आज जान सकूं कि उन पांचों माननीय जजों के दिल में क्या है या उन्होंने फैसले में क्या लिखा है। उन्होंने कहा कि मैं केवल आशा और प्रार्थना कर सकता हूं कि निर्णय हमारे पक्ष में हो लेकिन न तो मैं यह दावा कर सकता हूं कि सफलता हमारी होगी और न ही कोई और दावा कर सकता है। हम फैसले का इंतजार कर रहे हैं, आने दीजिए, हम तब बात करेंगे। नेशनल कांफ्रेंस की भविष्य की कार्रवाई पर उमर ने कहा कि फैसला आने दीजिए, हम यहां से भाग नहीं रहे हैं। हम तब प्रतिक्रिया देंगे। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के निष्कासन के बारे में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। निष्कासन के बाद जब महुआ मोइत्रा ने मीडिया से बात की तो फारूक अब्दुल्ला वहां मौजूद थे। उमर ने कहा कि हमारा पूरा समर्थन और सहानुभूति उनके साथ है। हमें खेद है कि उन्हें अपना रुख स्पष्ट करने के लिए संसद में बोलने की अनुमति नहीं दी गई। उमर ने कहा कि भाजपा को याद रखना चाहिए कि वे हमेशा सत्ता में नहीं रहेगी।




# आयकर विभाग की ओडिशा में शराब निर्माता कंपनियों के खिलाफ छापेमारी तीसरे दिन भी जारी, अब तक 290 करोड़ बरामद

**भुवनेश्वर ।**
आयकर विभाग लगातार ओडिशा में कर नहीं चुकाने वालों पर शिकंजा कस रहा है। बाद भी विभाग ने छापेमारी की कार्रवाई जारी रखी। इसी क्रम में, ओडिशा में शराब की कंपनी में काम करने वाले एक समूह के खिलाफ आयकर विभाग ने आज अपनी कार्रवाई तेज की। माना जा रहा है कि आयकर विभाग के छापों के बाद बेहिसाबी नकदी जब्त हुई है, जो किसी भी एजेंसी द्वारा एक ही अभियान में जब्त किया गया अब तक का सबसे अधिक काला धन है। अधिकारियों ने बताया कि कर विभाग ने नोटों की गिनती के लिए करीब 40 बड़ी और छोटी मशीनें लगाई हैं। इसके अलावा विभाग और बैंक के और कर्मचारियों को बुलाया गया है। वहीं, विभाग द्वारा जब्त नकदी को राज्य के सरकारी बैंकों में ले जाने के लिए और वाहनों की भी मांग की गई है। सूत्रों ने बताया कि झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू से जुड़े एक परिसर की भी तलाशी ली गई। अधिकारी अब कंपनी के विभिन्न अधिकारियों और इसमें शामिल अन्य लोगों के बयान दर्ज कर रहे हैं और नकदी की गिनती पूरी होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि करीब 290 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी जब्त होने की संभावना है।

### करीब 225 करोड़ रुपये बरामद

अधिकारियों ने बताया कि आयाकर विभाग ने सख्ती कर करीब 225 करोड़ रुपये बरामद किए। वहीं, जारी कार्रवाई के दौरान टीम ने बोलांगीर जिले के सुदापाड़ा इलाके में एक देसी शराब निर्माता के घर से 20 बैग नकदी जब्त की। बरामद राशि की गिनती की जा रही है और इसके 50 करोड़ रुपये से अधिक होने की आशंका है। आयकर विभाग के अधिकारी 156 नकदी से भरे बैगों को गिनती के लिए बोलांगीर में मौजूद एसबीआई की मुख्य शाखा ले गए थे। हालांकि, पिछले तीन दिनों से भुवनेश्वर में डेरा डाले आयकर महानिदेशक संजय बहादुर ने छापेमारी के बारे में अधिक जानकारी देने से इनकार कर दिया। उन्होंने सिर्फ इतना बताया कि उनके लोग इस पर काम कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, शराब की भट्टी करने वाले समूह के खिलाफ 150 अधिकारियों ने छापेमारी की। इसके अलावा छापेमारी के दौरान विभिन्न स्थानों से बरामद डिजिटल दस्तावेजों के सत्यापन के लिए हैदराबाद के 20 अन्य अधिकारियों को भी काम पर लगाया गया है।

### दो शाखाओं में की जा रही गिनती

सूत्रों ने बताया कि जब्त किए गए धन की गिनती संबलपुर और बोलांगीर में एसबीआई की दो शाखाओं में की जा रही है। नकदी की गिनती करना मुश्किल काम हो गया है और भारी लोड के कारण मशीनों में खराबी आ गई है।

## न्यूज ब्रीफ

### हफ्ते में 85-90 घंटे काम किया, मेहनत बेकार...; 70 घंटे वाले बयान के बाद बोले इंफोसिस फाउंडर

**नई दिल्ली ।** सॉफ्टवेयर दिग्गज इंफोसिस के सह संस्थापक नारायणमूर्ति ने दफ्तर में कामकाजी घंटों पर



नया बयान दिया है। देश के चुनिंदा उद्यमियों में गिने जाने वाले नारायणमूर्ति ने कहा कि जो भी देश समृद्ध हुआ, उसने कड़ी मेहनत से ऐसा किया। उन्होंने कहा कि इंफोसिस में काम करने के दौरान कई बार ऐसा समय भी आया जब उन्होंने एक सप्ताह में 85-90 घंटे तक काम किया। उन्होंने कहा, यह बर्बादी नहीं है। करीब 30 साल पुराना अनुभव याद करते हुए नारायणमूर्ति ने कहा, उन्होंने अपनी कंपनी की स्थापना के दौरान खुद ही हफ्ते में 70 घंटे या कई बार उससे अधिक भी घंटों तक लगातार काम किया था। उन्होंने कहा कि 1994 तक वह हफ्ते में 85 से 90 घंटे तक काम किया करते थे। उन्होंने कहा, सुबह 6 : 20 बजे ऑफिस पहुंचने के बाद रात 8 : 30 बजे ऑफिस से निकलता था। हफ्ते में छह दिन काम करता था। नारायणमूर्ति ने दोहराया, मेरे 40 से अधिक साल के पेशेवर जीवन के दौरान, उन्होंने सप्ताह में 70 घंटे काम किया। हमारा सप्ताह छह दिन का था। 1994 तक मैं सप्ताह में कम से कम 85 से 90 घंटे काम करता था। ऐसा करना समय की बर्बादी नहीं है। उन्होंने कहा, उनके माता-पिता ने उन्हें सिखाया था कि गरीबी से बचने का एकमात्र तरीका बहुत कड़ी मेहनत करना है। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि कामकाजी घंटे इतने लंबे तभी होते हैं जब व्यक्ति को प्रत्येक कामकाजी घंटे से अच्छे नतीजे और उत्पादकता मिल रही हो। बता दें कि इससे पहले, अक्तूबर में इंफोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) मोहनदास पई के साथ बातचीत के दौरान नारायणमूर्ति का 70 घंटे काम वाला बयान सुर्खियों में रहा था।

### 10 वर्षों में सब्सिडी में बड़ा बदलाव, पेट्रोलियम पर अब महज 1.2 फीसदी, खाद्य पदार्थों पर सबसे अधिक



**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में सब्सिडी में बड़ा बदलाव किया है। पहले खाद और खाद्य क्षेत्र के साथ पेट्रोलियम पर भी बराबर सब्सिडी मिलती थी। अब पेट्रोलियम पर महज 1.2 फीसदी जबकि 98 फीसदी से ज्यादा सब्सिडी खाद और खाद्य पर दी जा रही है। बैंक ऑफ बड़ौदा की एक रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2014 तक सब्सिडी का 26.4 फीसदी हिस्सा खाद पर खर्च होता था। 36.1 फीसदी खाद्य क्षेत्र में और 33.5 फीसदी हिस्सा पेट्रोलियम में जाता था। यानी कुल सब्सिडी का 96 फीसदी हिस्सा इन्हीं तीनों पर खर्च होता था। अब खाद्य पर 47 फीसदी, खाद पर 44 फीसदी और पेट्रोलियम पर केवल 1.2 फीसदी हिस्सा खर्च हो रहा है। पेट्रोलियम पर सब्सिडी कम होने का कारण इसे सरकार के नियमन से बाहर रखना है। वित्त वर्ष 2010-2023 के बीच सालाना 2.5-2.6 लाख करोड़ रुपये सब्सिडी पर खर्च हो रहे थे। वित्त वर्ष 2017-19 के दौरान यह 5.4 फीसदी घटकर 2.2 लाख करोड़ रुपये हो गया, लेकिन कोरोना के बाद इसमें बेतहाशा बढ़ोतरी हुई। वित्तवर्ष 2020 में कोरोना के प्रभावितों की मदद के लिए सब्सिडी बढ़कर 7.60 लाख करोड़ रुपये हो गई।

### चीन से बाहर जाने वाली कंपनियों पर भारत की नजर, नीति आयोग के सीईओ ने कही यह बात

**नई दिल्ली ।** चीन से जुड़े जोखिमों को कम करने की वैश्विक रणनीति से लाभ उठाने के लिए भारत के पास



दो-तीन साल का समय है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि सरकार को ऐसी नीतियां तैयार करते समय बहुत सतर्क रहने की जरूरत है, जो भारत में कंपनियों के स्थानांतरण को आकर्षक और आसान बनाती हैं। एक कार्यक्रम में सुब्रमण्यम ने कहा कि भू-राजनीतिक स्थिति और देश में कामकाजी उम्र की युवा आबादी के कारण भारत एक अच्छी स्थिति में है। इसलिए मुझे लगता है कि अगले 15 से 20 वर्षों में भारत के पास विनिर्माण क्षेत्र में अवसर है। लेकिन, इसकी शुरुआत के लिए अधिकतम दो-तीन साल का वक्त है, क्योंकि आपूर्ति श्रृंखलाएं खुल रही हैं और वे छोटी होती जा रही हैं। अब उन्हें नए स्थान की तलाश है। सुब्रमण्यम ने कहा, गैर-चीनी कंपनियां ही नहीं, बल्कि चीन की कंपनियां भी श्रम की कमी के कारण बाहर जाना चाहती हैं। चीन में मांग की कमी है। इसकी वजह श्रम आपूर्ति की कमी, श्रम की बढ़ती लागत और दबाव में फंसा पूंजी बाजार हैं।

## सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में निवेश का मौका

# 18 से 22 दिसंबर तक लगा सकेंगे पैसा

**नई दिल्ली ।**
सरकार सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की दो नई किस्त जारी करने जा रही है। पहली किस्त दिसंबर और दूसरी किस्त फरवरी में जारी की जाएगी। पहली किस्त 18-22 दिसंबर को खुलेगी। जबकि दूसरी किस्त 12-16 फरवरी की तारीख को ओपन होगी। हालांकि, ये किस रेट पर जारी किए जाएंगे, इसकी जानकारी नहीं दी गई है।

### क्या है सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड एक सरकारी बॉन्ड होता है। इसे डीमैट के रूप में परिवर्तित कराया जा सकता है। ये बॉन्ड 1 ग्राम सोने का होता है, यानी 1 ग्राम सोने की जितनी कीमत होगी, उतनी ही बॉन्ड की कीमत होगी। इसे आरबीआई की तरफ से जारी किया जाता है। ऑनलाइन अप्लाय करने और डिजिटल पेमेंट करने पर प्रति ग्राम 50 रुपए का डिस्काउंट मिलेगा।

### 24 कैरेट यानी 99.9 प्रतिशत शुद्ध सोने में निवेश

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में आप 24 कैरेट यानी 99.9 प्रतिशत शुद्ध सोने में निवेश करते हैं। एसजीबी में निवेश पर 2.50 प्रतिशत का सालाना ब्याज मिलता है। पैसों की जरूरत पड़ने पर बॉन्ड के बदले लोन भी लिया जा सकता है।

भारतीय बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन लिमिटेड यानी आईबीजेए के पब्लिश्ड रेट के आधार पर बॉन्ड की कीमत तय होती है। इसमें सब्सक्रिप्शन पीरियड से पहले वाले हफ्ते के आखिरी तीन दिनों के रेट का एवरेज निकाला जाता है।

### शुद्धता और सुरक्षा की कोई चिंता नहीं

एसजीबी में शुद्धता की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं होती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के मुताबिक, गोल्ड बॉन्ड की कीमत इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने की कीमत से लिंक होती है। इसके साथ ही इसे डीमैट के रूप में रखा जा सकता है, जो काफी सुरक्षित है और उस पर कोई खर्च भी नहीं होता है।

### अधिकतम 4 किलो सोने में कर सकते हैं निवेश




एसजीबी के जरिए कोई शख्स एक वित्त वर्ष में कम से कम 1 ग्राम और अधिकतम 4 किलोग्राम सोने में निवेश कर सकता है। जॉइंट होल्डिंग के मामले में 4 किलोग्राम की निवेश सीमा पहले आवेदक पर ही लागू होगी। वहीं किसी ट्रस्ट के लिए खरीद की अधिकतम सीमा 20 किलो है।

### 8 साल से पहले बॉन्ड बेचने पर देना होता है टैक्स

सॉवरेन का मैच्योरिटी पीरियड 8 साल रहता है। मैच्योरिटी पीरियड पूरा होने के बाद इससे होने वाले लाभ पर कोई टैक्स नहीं लगता। वहीं अगर आप 5 साल बाद अपना पैसा निकालते हैं, तो इससे होने वाले लाभ पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन के रूप में 20.80 प्रतिशत टैक्स लगता है।

### ऑफलाइन भी कर सकते हैं निवेश

आरबीआई ने इसमें निवेश के लिए कई तरह के विकल्प दिए हैं। बैंक की शाखाओं, पोस्ट ऑफिस, स्टॉक एक्सचेंज और स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के जरिए इसमें निवेश किया जा सकता है। निवेशक को एक आवेदन फॉर्म भरना होगा। इसके बाद आपके अकाउंट से पैसे कट जाएंगे और आपके डीमैट खाते में ये बॉन्ड ट्रांसफर कर दिए जाएंगे। निवेश करने के लिए पैन होना अनिवार्य है। यह बॉन्ड सभी बैंकों, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंजों, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड के माध्यम से बेचे जाएंगे।

### ऑनलाइन अप्लाय करने पर प्रति ग्राम 50 रुपए का डिस्काउंट

यानी, आपको 1 ग्राम सोने के लिए 5,561 रुपए देने होंगे। इस हिसाब से आपको 10 ग्राम सोने के 55,610 रुपए चुकाने होंगे। सॉवरेन गोल्ड-बॉन्ड की पहली-सीरीज के निवेशकों को 128 प्रतिशत का रिटर्न सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की पहली सीरीज 30 नवंबर को मैच्योर हो गई है। ये बॉन्ड 2,684 रुपए प्रति ग्राम के इश्यू प्राइस पर 26 नवंबर, 2015 को जारी किए गए थे। धारक ने इसे 6,132 रुपए प्रति यूनिट पर रिडीम किया। इस हिसाब से बीते 8 साल में कुल 128.5 प्रतिशत का रिटर्न मिला। यदि किसी निवेशक ने नवंबर 2015 में गोल्ड बॉन्ड में 1 लाख रुपए का निवेश किया होगा, तो 30 नवंबर को उसे करीब 2.28 लाख रुपए मिले होंगे। यानी इस निवेश पर 8 साल में करीब 1.28 लाख रुपए की कमाई।

# लखनऊ के 550 बिस्तर वाले सहारा अस्पताल को मैक्स हेल्थकेयर ने खरीदा, 940 करोड़ में हुआ सौदा



**नई दिल्ली ।**
निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं में शामिल मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट लि. (एमएचआईएल) ने लखनऊ स्थित 550 बिस्तर वाले सहारा अस्पताल को खरीद लिया है। यह सौदा लगभग 940 करोड़ रुपये में हुआ है। मैक्स हेल्थकेयर ने कहा कि उसने स्टारलिट मेडिकल सेंटर प्राइवेट लिमिटेड की 100 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के समझौते पर हस्ताक्षर किया है। स्टारलिट के पास सहारा अस्पताल का मालिकाना हक है, जो अब मैक्स के पास आ जाएगा।

### लखनऊ के गोमती नगर में है अस्पताल

सहारा अस्पताल लखनऊ के गोमती नगर में तकरीबन 27 एकड़ क्षेत्र में फैला है। यह अस्पताल एनएबीएल और एनएबीएच मान्यता के साथ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है। इस बहुमंजिला अस्पताल में गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, सर्जरी, कार्डियोलॉजी, पल्मोनोलॉजी और डायग्नोस्टिक सुविधाओं जैसी कई स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसी परिसर में 100 सीटों की क्षमता वाला एक नर्सिंग कॉलेज भी चलता है। गौरतलब है कि सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत रॉय का पिछले महीने ही निधन हो गया था। मैक्स हेल्थकेयर सहारा अस्पताल में ऑर्थोपेडिक्स, कार्डियोलॉजी, न्यूरोसाइंस और गुर्दे विज्ञान जैसे मौजूदा कार्यक्रमों को मजबूत करने के अलावा कर्करोग विज्ञान और अंग प्रत्यारोपण सहित अन्य चिकित्सा सुविधाएं भी शुरू करेगा। मैक्स के प्रबंधन निदेशक (एमडी) अभय सोई ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। स्वास्थ्य सेवाओं के लिए यह सौदा हमारी रणनीति के अनुरूप है। इस सफल सौदे के बाद हम लखनऊ में मौजूदगी से उत्तर प्रदेश समेत आस-पास के राज्यों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे।

अभय सोई ने आगे कहा कि सफल अधिग्रहण के बाद हमे अपने अच्छे रिकॉर्ड के दम पर अस्पताल के संचालन और वित्तीय स्थिति में तेजी से सुधार करने की उम्मीद करते हैं। हम अपने चिकित्सकों की महारत के दम पर मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं प्रदान करने पर जोर देंगे।

### उत्तर भारत का प्रमुख हॉस्पिटल ग्रुप है मैक्स हेल्थकेयर

मैक्स हेल्थकेयर 17 स्वास्थ्य सुविधाओं के नेटवर्क के साथ उत्तर भारत का प्रमुख हॉस्पिटल ग्रुप है। इनमें से आठ अस्पताल और चार चिकित्सा केंद्र दिल्ली-एनसीआर में स्थित हैं और अन्य मुंबई, मोहाली, बठिंडा और देहरादून में स्थित हैं।

# भारत दुनिया के विकास का इंजन, देश की आर्थिक तरक्की पर फिक्की की एजीएम में बोले राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली ।**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एफआईसीसीआई की 96वीं एजीएम को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ सिंह ने देश के आर्थिक विकास पर बात की और कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था है, ऐसे में यह स्वभाविक है कि भारत की आर्थिक तरक्की का असर अन्य देशों की आर्थिक तरक्की पर भी पड़ेगा। यही वजह है कि भारत को आज के समय का ग्रोथ इंजन कहा जा रहा है। यह सभी भी है।

### चीनी की विकास की रफ्तार पड़ी धीमी

रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत आज दुनिया की पांच शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। साल 2027 तक कई विशेषज्ञों का कहना है कि हम शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होंगे। दुनिया की शीर्ष रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर्स ने भी कहा है कि भारत आज दुनिया के ग्रोथ इंजन की भूमिका में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की विकास की रफ्तार धीमी होगी और भारत की विकास की रफ्तार तेज होगी।

### पीयूष गोयल ने भी की थी तारीफ




इससे पहले फिक्की की एजीएम को संबोधित करते हुए भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत को साल 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सरकार और हमारे उद्योग सामूहिक रूप से प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत पहले ही दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। देश के पास 600 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है। निवेशक भारत का रुख कर रहे हैं, जिससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था में विश्वास बढ़ा है। विदेशी बैंकर भारतीय मुद्रा को दुनिया में सबसे सुरक्षित बता रहे हैं।

# बीते सप्ताह सेंसेक्स में रही तेजी, बैंक निफ्टी ने बनाया नया रिकॉर्ड, सेंसेक्स 69,825 पर और निफ्टी 20969 पर बंद

**मुंबई ।**
बीता सप्ताह घरेलू शेयर बाजार के लिए अच्छा रहा। विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद जोरदार तेजी के साथ शुरू हुए बाजार सप्ताह के आखिरी दिन भी तेजी के साथ बंद हुए। ऐतिहासिक सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन भी एक नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ और यह कीर्तिमान बनाया बैंक निफ्टी इंडेक्स ने बनाया। कारोबार के दौरान बैंक निफ्टी इंडेक्स 0.7 फीसदी उछलकर 47,170.25 अंक के स्तर तक पहुंच गया। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सोमवार को सेंसेक्स 1,248.89 अंकों की बढ़त के साथ 68,745.67 के रिकॉर्ड स्तर पर खुला और 1,383.93 अंकों की बढ़त के साथ पहली बार 68,865.12 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 386.70 अंक उछलकर पहली बार 20,654.60 के पार खुला और 418.90 अंक मजबूत होकर 20,686.80 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 297.70 अंकों तेजी के साथ



69,190.86 के स्तर पर खुला और 431.02 अंकों की बढ़त के साथ पहली बार 69,296.14 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 101.11 अंक मजबूत होकर 20,787.90 के लेवल पर खुला और 168.30 अंक मजबूत होकर 20,855.10 के नए रिकॉर्ड हाई पर बंद हुआ। बाजार के प्रमुख इंडेक्स बुधवार के कारोबारी दिन भी नए ऑल टाइम हाई पर पहुंचे। इस दौरान बीएसई सेंसेक्स 303 अंकों की बढ़त के साथ पहली बार 69,599 पर खुला और 357.59 अंक की मजबूती के साथ 69,653.73 अंक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 100 अंकों की बढ़त के साथ 20,955 के स्तर पर खुला और 82.60 अंक चढ़कर 20,937.70 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 69,444 पर खुला और 117 से ज्यादा अंकों की गिरावट के साथ 69,536 पर बंद हुआ।

## लगातार बढ़ रहा है भारत का विदेशी मुद्रा भंडार

# चार महीने में दोबारा 600 बिलियन डॉलर का आंकड़ा हुआ पार

**नई दिल्ली ।**
भारत का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार बढ़ रहा है। अगस्त 2023 के बाद अब 1 दिसंबर 2023 को देश का फॉरेक्स रिजर्व बढ़कर 604 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। इससे पहले 11 अगस्त 2023 को भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आंकड़े को पार किया था।

### कब था सबसे अधिक भंडार

आपको बता दें कि अक्टूबर 2021 में, देश की विदेशी मुद्रा भंडार 642 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ ऑल टाइम हाई पर था। 24 नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में भारत का फॉरेक्स रिजर्व 597.935 बिलियन अमेरिकी डॉलर था।

### अन्य मुद्राओं की तुलना में भारतीय करेंसी अधिक स्थिर



एमपीसी के बैठक में हुए फैसलों को सुनाते हुए आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड और मजबूत अमेरिकी डॉलर के बावजूद, कैलेंडर वर्ष 2023 में ईमर्जिंग मार्केट इकोनॉमी की तुलना में भारतीय रुपये ने कम अस्थिरता रही है। शक्तिकांत दास के मुताबिक 2023-24 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) इनफ्लो 6 दिसंबर तक 24.9 बिलियन डॉलर रहा है। इसके अलावा फॉरेंन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट अप्रैल-अक्टूबर 2023 में घटकर 10.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 20.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। एफपीआई यानी फॉरेंन पोर्टफोलियों इन्वेस्टर उसे कहते हैं जो दूसरे देश के स्टॉक मार्केट के लिस्टेड शेयर, बॉन्ड, म्यूचुअल फंड, आदि में निवेश करते हैं। ये ऐसे निवेशक होते हैं जो कम समय में अधिक मुनाफा कमाने को देखते हैं।

### क्या होता है विदेशी मुद्रा भंडार

विदेशी मुद्रा भंडार का मतलब इसके नाम से ही पता चल रहा है। इसका मतलब अन्य देश की करेंसी का भंडारण। भारत का केंद्रीय बैंक यानी आरबीआई फॉरेक्स रिजर्व में पैसों के साथ-साथ अन्य परिसंपत्तियां भी रखता है ताकी जरूरत पड़ने पर लोन का भुगतान किया जा सके। विदेशी मुद्रा भंडार एक या अधिक मुद्राओं में रखा जाता है। अधिकांश विदेशी मुद्रा भंडार डॉलर में और कुछ यूरो में रखे जाते हैं।

### मार्च तक एक दिन में ही होगा सौदों का निपटान, सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने कही यह बात

**नई दिल्ली ।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अगले साल मार्च से शेयरों की खरीद-फरोख्त का निपटान एक दिन में ही करने की योजना बनाई है। यानी आप जिस दिन शेयर खरीदेंगे या बेचेंगे, उसी दिन यह पूरा हो जाएगा। अभी यह सौदों के अगले दिन होता है। सेबी प्रमुख माधबी पुरी बुच ने भारतीय उद्योग परिसंघ के एक कार्यक्रम में कहा, एक दिन वाला नियम सफल रहा तो एक साल बाद यह निपटान एक दिन के बजाय तुरंत हो जाया करेगा। चालू वित्त वर्ष में ही एक दिन की योजना को शुरू कर दिया जाएगा। चीन के बाद भारत दूसरा बाजार है, जहां एक दिन में निपटान होता है। बाकी देशों में दो दिन लगते हैं। सेबी जनवरी-फरवरी से सेकंडरी बाजार में भी अस्बा जैसी सुविधा लागू करेगा। इससे निवेशकों के पैसों का दुरुपयोग नहीं होगा। बुच ने कहा, एप्लीकेशन सपोर्टेड बाई ब्लॉक्ड अमाउंट (अस्बा) जैसी सुविधा अभी प्राइमरी बाजार यानी आईपीओ में है। इसका मतलब है कि जब आपको शेयर मिलेगा, तभी खाते से पैसे कटेंगे। शेयर नहीं मिला तो बैंक खाते से पैसा नहीं कटेगा। हालांकि, पैसा फिर भी ब्लॉक रहेगा। इससे निवेशक सालाना 3,500 करोड़ रुपये बचा सकेंगे। सेबी प्रमुख बुच ने कहा, प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (सैट) के निर्देश के बावजूद किर्लोस्कर इंडस्ट्रीज में किर्लोस्कर परिवार के सदस्यों के शेयरों को जब्ती से हटाने में विफलता पर गहरा अफसोस है। इसके पीछे जो भी कारण हो, डिपॉजिटरी के साथ सेबी भी जिम्मेदार था।

# बॉबी देओल की मम्मी ने एनिमल देखते ही कर दिया विरोध

**मुंबई (ईएमएस)।** रणबीर कपूर और बॉबी देओल की टक्कर वाली फिल्म एनीमल को जब खुद बॉबी देओल की मम्मी ने देखी तो उन्होंने इसका तुरंत विरोध कर दिया। हालांकि जब से ये फिल्म रिलीज हुई है, तभी से ये चर्चा में बनी हुई है। जहां लोगों को ये फिल्म खूब पसंद आ रही है। वहीं दूसरी तरफ इस फिल्म को महिला विरोधी, मर्दवादी और कई स्तर पर प्रोब्लमेटिक बताया जा रहा है। लेकिन इसी फिल्म में मेन विलेन बने बॉबी देओल की मां भी अब उन लोगों में जुड़ गई हैं, जिन्हें ये फिल्म पसंद नहीं आई। इस बात का खुलासा खुद बॉबी देओल ने किया है। बॉबी देओल इस फिल्म में रणबीर कपूर के सामने विलेन बने हैं और फिल्म के आखिर में बॉबी देओल को रणबीर मारते हैं। इसी सीन पर बात करते हुए बॉबी देओल ने बताया कि उनकी मां प्रकाश कौर ये फिल्म देख ही नहीं पाईं। बॉबी देओल ने इंटरव्यू में कहा कि जैसे वो रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में धर्मेंद्र के किरदार की मौत का सीन नहीं देख पाए, वैसे ही उनकी मां भी एनीमल में उनकी मौत का सीन नहीं देख पाईं। बॉबी देओल ने कहा, ऐसी फिल्म मत किया कर तू, मुझसे नहीं देखा जाता। देओल ने बताया कि तब मैंने उन्हें कहा, मां देख न मैं तेरे सामने खड़ा हूं। मैं बस एक रोल कर रहा था। पर वो काफी खुश हैं। क्योंकि उनके पास इतने कॉल आ रहे हैं। उनकी कई सहेलियां



मुझसे मिलना चाहती हैं। ऐसा ही ठीक तब हुआ था जब आश्रम (वेब सीरीज) रिलीज हुई थी। वहीं एक दूसरे इंटरव्यू में बॉबी देओल ने अपने परिवार का रिएक्शन बताया। बोबी ने बताया, मेरे पापा और भाई (सनी देओल) ने अभी तक ये फिल्म नहीं देखी है, पर बाकी सब ने देख ली है। उनकी भावनाएं भी ऐसी हैं, जैसी दर्शकों की हैं। बिलकुल वो मेरे बारे में कुछ ज्यादा सोचते हैं, पर उन्हें हमेशा से ही भरोसा था कि मैं एक अच्छा एक्टर हूं और मुझे बस एक अच्छे मौके की जरूरत है। इसी पर बात करते हुए जब उनकी पत्नी और बेटे के रिएक्शन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैंने उनकी आंखों में अपने लिए बस खुशी देखी है। यह पहला मौका है, जब मैंने महसूस किया कि मैं एक पिता के तौर पर उन्हें कितना प्रभावित करता हूं। मुझे लगता है उन्हें ये मिलना चाहिए था। उन्होंने मेरा फेलियर देखा है और अब मेरी सफलता देख रहे हैं। गौरतलब है कि एनिमल ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 6 दिन में ही 500 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है। वहीं, भारतीय बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने कुल 312.96 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।

# 24 घंटों में 103 मिलियन व्यूज हासिल कर डंकी ड्रॉप 4 ने रचा इतिहास

**मुंबई (ईएमएस)।** इस साल किंग खान की डंकी भी धूम मचाने वाली है हालांकि अभी तो ट्रेलर ही आया है, लेकिन फैंस उसके भी दीवाने हो रहे हैं। डंकी ड्रॉप 4 (ट्रेलर) ने रिलीज होते ही एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। ट्रेलर ने 24 घंटों में 103 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं। ये दिल छू लेने वाली भावनाएं जगाने के साथ टिपिकल राजकुमार हिरानी सिनेमा की खूबसूरती का वादा करता है। ये वीडियो यूनिट बोमन ईरानी, तापसी पन्नू, विक्की कौशल, विक्रम कोचर, अनिल ग्रोवर और शाहरुख खान के साथ अभिनय करने वाले असाधारण प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा निभाए गए रंगीन किरदारों के साथ दर्शकों को एक रोलर-कोस्टर सवारी पर ले जाता है। शाहरुख के चार्म के साथ राजकुमार हिरानी के दिल छू लेने वाले पलों ने अपना जादू फैलाना शुरू कर दिया है। क्योंकि




डंकी ट्रेलर ने महज 24 घंटों के भीतर सभी प्लेटफार्मों पर 103 मिलियन व्यूज हासिल किए हैं, यह किसी एक भाषा की फिल्म के लिए अब तक का सबसे बड़ा नंबर है। शाहरुख खान जो अपने ही रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने हालिया मेगा हिट जवान के साथ भी ऐसा ही किया था, जिसके नाम पहले यह रिकॉर्ड था। रिलीज होने के बाद से ही डंकी ड्रॉप 4 (ट्रेलर) सुर्खियों में है और इसके लिए दर्शकों का प्यार साफ झलक रहा है। राजकुमार हिरानी द्वारा बनाई गई डंकी एक दिलचस्प दुनिया का सफर है, जिसमें चार दोस्त एक अनजान जगह पर पहुंचते हैं। इस फिल्म को सच्ची कहानी से प्रेरित बताया जा रहा है। डंकी एक प्यार और दोस्ती की दिल छू लेने वाली कहानी है। फिल्म की अनोखी कहानी अलग-अलग किस्सों को एक साथ लाती है, जो बहुत सारे भावनाओं से पर्दा उठाते हुए, हंसाने और दिल को छू लेने वाले जवाब प्रदान करती है।

# विक्की कौशल ने नहीं उठाया शाहरुख का फोन, तो लिखा लंबा मैसेज

**-शो में सुनाया दिलचस्प किस्सा, सीन को दोबारा करने के लिए हुए तैयार**

**मुंबई (ईएमएस)।** अभिनेता विक्की कौशल ने एक शो में शाहरुख खान के काम के प्रति दीवानगी का जिक्र करते हुए बताया कि एक बार उन्होंने शो में व्यस्त होने के कारण शहरुख खान का फोन नहीं उठाया तो उन्होंने मुझे लंबा-चौड़ा मैसेज लिखा। शाहरुख ने उस सीन को दोवारा करने की बात लिखी थी, जबकि वह सीन बॉडी डबल से करवा लिया गया। यह उनकी काम के प्रति सच्ची लगन और दीवानगी थी। गौरतलब है कि जवान और पठान के बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के बाद अब शाहरुख खान की फिल्म डंकी भी रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं। साल 2023 की मचअवेटेड फिल्म डंकी का ट्रेलर भी सामने आ चुका है। इस फिल्म में विक्की कौशल भी नजर आने वाले हैं। जो इन दिनों फिल्म सैम बहादुर में लीड रोल में नजर आ रहे हैं। अब विक्की ने इस फिल्म से जुड़ा दिलचस्प किस्सा शेयर किया है। डंकी का हाल ही में सामने आया ट्रेलर भी शाहरुख के फैंस को काफी पसंद आया है। इस फिल्म में भी उनका अलग स्वैग फैंस को देखने को मिलेगा। इस फिल्म में विक्की कौशल की धमाकेदार परफॉर्मेंस भी नजर आएगी। जो विक्की के फैंस को



सीटियां बजाने पर मजबूर कर देगी। विक्की ने एपिसोड में बताया कि जब इस फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। तब शूटिंग की तारीखों में से एक पर शाहरुख को किसी जरूरी काम के लिए दिल्ली जाना था और वह काम किसी दूसरे दिन नहीं हो सकता था। फिल्म में मेरे किरदार के लिए वह मोमेंट था, जो उनके साथ था और वह उस शॉट के लिए वहां मौजूद नहीं हो सके और मुझे वह शॉट बॉडी डबल के साथ देना पड़ा और उन्हें जल्दी करनी पड़ी। अपना दिल्ली में काम निपटाने के बाद, शाहरुख ने वापिस आते ही मुझे देर रात फोन किया, लेकिन मैं एक इवेंट में होने से फोन नहीं उठा सका था, हालांकि बाद में शाहरुख ने मुझे एक लंबा मैसेज लिखा था, विक्की, वो शॉट हम दोबारा करेंगे। मुझे सच में बहुत बुरा लग रहा है। कि मैं वहां नहीं आ सका। हम वह शॉट दोबारा करेंगे। विक्की कौशल ने आगे बताया कि शाहरुख का मैसेज पढ़ते ही उन्होंने तुरन्त शाहरुख को फोन किया और उन्हें समझाया कि नहीं, राजू सर उस सीन से खुश हैं और यह ठीक है। इसकी कोई जरूरत नहीं है और पता नहीं, मुझसे वापस होगा कि नहीं, मैं घबरा गया था, लेकिन उन्होंने कहा, नहीं, हम इसे दोबारा करेंगे। मुझे बहुत बुरा लग रहा है कि मैं वहां नहीं आ सका। लेकिन अगले दिन सेट पर किंग खान आए और शॉट्स देखकर बहुत खुश हुए। लेकिन मैंने यह सीखा कि इस उम्र में वह कितना काम कर रहे हैं और मैं कितना कम कर रहा हूं।

# रीटा ओरा ने उड़ाए लोगों के होश



हाल ही में हॉलीवुड सिंगर रीटा ओरा को पति  टैका वैटीटी के साथ स्पाट किया गया। उनका बोल्ड लुक हमेशा ही लोगों के होश उड़ा देता है। इस दौरान हसीना का हाट अंदाज देखने को मिला। लुक की बात करें को रीटा ओरा ग्रे कलर की कट आउट वाले टाप और ग्री ट्राउजर में दिखी। इसके साथ ही उन्होंने अपने कंधे पर फर्र वाली जैकेट रखी है। मैसी हेयर्स, नेकलेस हसीना के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। वहीं उनके पति टैका वैट-ीटी ग्रे कोट, शर्ट और पैंट में हैंडसम दिखे। दोनों की इन तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं।  बता दें रीटा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है। एक्ट्रेस फैंस के साथ तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती है।

## पति संग प्रियंका की आउटिंग की तस्वीरें आई सामने


न्यूयॉर्क से अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा और सिंगर निक जोनस की आउटिंग की कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें दोनों का स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है। प्रियंका रेड पटाखा बन निक संग डेट पर निकली। लुक की बात करें तो प्रियंका रेड ड्रेस में स्टनिंग दिखीं। पीसी ने ब्लैक लान्ग कोट से लुक को पूरा किया था। मिनिमल मेकअप, रेड लिपस्टिक, ओपन हेयर्स पीसी के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। इस दौरान प्रियंका ने ड्रेस के साथ मैचिंग बैग भी कैरी किया था। प्रियंका ने ब्लैक हील्स पेयर किए थे। वहीं निक व्हाइट शर्ट, ब्लू ब्लेजर और जींस में हैंडसम दिखे। इन तस्वीरों में दोनों सड़कों पर चलते दिख रहे हैं और हाथों में हाथ डाले नजर आ रहे हैं। फैंस निकयंका की



इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। प्रियंका-निक ने 1 दिसंबर 2018 में राजस्थान के उम्मेद भवन पैलेस में हिंदू और क्रिश्चियन रीति-रिवाज से शादी की थी। शादी के 4 साल बाद 2022 प्रियंका और निक सेरोगेसी के जरिए पेरेंट्स बने।

# अनुराग कश्यप की साफ कहा, सलमान-शाहरुख संग काम नहीं करेंगे

**मुंबई (ईएमएस)।** जाने माने डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने साफ कहा है कि वह सलमान-शाहरुख के साथ काम नहीं करेंगे। अनुराग लीक से हटकर अपनी राह बनाना चाहते हैं, यही वजह है कि वह उन लोगों के साथ फिल्में नहीं बनाना चाहते हैं जो केवल बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दे, या फिर कमाई के मामले में कई रिकॉर्ड तोड़ दें। वह हिट फिल्मों और ब्लॉकबस्टर की रेस से बाहर अपना अलग सिनेमा बनाना चाहते हैं। अनुराग कश्यप ऐसे डायरेक्टर हैं जो कई फिल्मों में एक्टिंग करते भी नजर आ चुके हैं। ये बॉलीवुड के इकलौते ऐसे डायरेक्टर हैं जिनकी फिल्मों के हीरो भी उनसे कम चर्चा में रहते हैं। फिल्म मेकिंग के तो वह एक अनोखे ब्रांड बन चुके हैं। साल 2012 में आई फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से अपनी धाक जमाने वाले निर्देशक की अपनी एक अलग ऑडियंस हैं। अपनी इस फिल्म से उन्होंने एक साथ अपनी फिल्म के एक या दो नहीं बल्कि 5 एक्टर्स की



किस्मत चमका दी थी। अब डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने अपनी दर्द बयां किया है और बताया कि उनकी फिल्में को एक हफ्ते बाद ही सिनेमा घरों से हटा दिया जाता है। अनुराग ने अपने एक इंटरव्यू में बताया, मैं भीड़ चाल का हिस्सा नहीं बनना चाहता। मैं एक्सपेरिमेंट भी अपनी फिल्मों में अपने अलग तरीके से करता हूं। अब यह जरूरी नहीं है कि मैं सुपरस्टार को लेकर ही फिल्में बनाऊं। अब बड़े स्टार्स के साथ काम करना मुश्किल है, क्योंकि स्टार खुद भी मजबूर है, आपको यह बात भी समझने की जरूरत है कि स्टार्स को खुद भी अपने काम के लिए कई बार प्रयोग करने पड़ते हैं वह भी फैल होते हैं और बाद में उन्हें भी हिट फिल्मों के लिए भेड़चाल का हिस्सा बनना पड़ता है। फिल्ममेकर ने कहा कि अब बड़े सितारों के पीछे नहीं भागना है। मैं खुद इस रेस से बाहर हो गया हूं। न ही मैं शाहरुख-सलमान खान जैसे टॉप स्टार्स को लेकर फिल्में बनाना चाहता हूं, न ही उनके साथ काम करना चाहता हूं। स्टार्स खुद मेरे साथ काम नहीं करना चाहते हैं और मुझे इस का कोई अफसोस भी नहीं है।

## हैली ने लेटेस्ट तस्वीरें की शेयर, खूब हो रही वायरल

हाल ही में हॉलीवुड मॉडल एंड एक्ट्रेस हैली बीबर ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। शेयर की तस्वीरों में हैली ब्लैक कलर की होल्टर नेक वाली शार्ट ड्रेस में बोल्ड दिख रही हैं। हसीना की इस ड्रेस में उनके क्लीवेज साफ दिख रहे हैं। बाडी हगिंग ड्रेस में हसीना अपना टोन्ड फिगर फ्लान्ट कर रही हैं। मिनिमल मेकअप,पिंक शेडो, गोल्डन हूप्स हेली के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं।

अपने लुक से फैंस को इम्प्रेस करते हुए हैले कैमरे के सामने दिलकश पोज दे रही हैं। काम की बात करें तो हैली बीबर को आखिरी बार टीवी सीरीज  दवे  में देखा गया था, जिसमें उनके किरदार को खूब पसंद किया गया था। बता दें कि हॉलीवुड मॉडल एंड एक्ट्रेस हैली बीबर अक्सर अपनी हॉट फोटोज को लेकर सोशल मीडिया पर सुर्खियों में रहती हैं। वह अक्सर फैंस के साथ अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर करती रहती हैं और लोगों का दिल धड़काती रहती हैं।

# सुपरस्टार रजनीकांत के घर में घुसा बाढ़ का पानी, वीडियो वायरल

चक्रवात से तमिलनाडु काफी प्रभावित है। भारी बारिश के कारण चेन्नई में बाढ़ आ गई। चेन्नई के कई निचले इलाकों में पानी जमा हो गया है। सुपरस्टार रजनीकांत के घर में भी बाढ़ का पानी आ गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अभिनेता रजनीकांत का घर चेन्नई के पोएस गार्डन इलाके में है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि रजनीकांत के घर के पास पानी जमा हो गया है। घर के सामने की सड़क डूब गयी है। जब तूफान आया तो रजनीकांत और उनका परिवार चेन्नई में नहीं था। उनके घर का वीडियो उनके एक फैन ने अपलोड किया है। रजनीकांत फिलहाल थलाइवर 170 की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग के लिए वह बाहर थे। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट यानी अभिनेता आमिर खान भी चेन्नई की बाढ़ में फंस गए थे। अभिनेता विष्णु विशाल ने चेन्नई फायर ब्रिगेड द्वारा अपने बचाव की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। उस फोटो में आमिर खान को देख कर हर कोई हैरान रह गया। चेन्नई और आसपास के तूफान प्रभावित इलाकों का हवाई निरीक्षण और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के साथ उच्चस्तरीय बैठक के बाद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, 'तमिलनाडु में तूफान और बाढ़ से हुई जनहानि पर प्रधानमंत्री मोदी को गहरा दुख है और 450 करोड़ रुपये की



पहली किस्त पहले ही दी जा चुकी है।' प्रधानमंत्री मोदी ने 450 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त के भुगतान का निर्देश दिया है। चक्रवात मिचौंग से काफी नुकसान झेलने वाले तमिलनाडु ने केंद्र से 5,600 करोड़ रुपये की मदद मांगी थी। चेन्नई समेत कुछ अन्य जिलों के कुछ हिस्से अभी भी पानी भरा है। चेन्नई, तिरुवल्लूर, कांचीपुरम और चेंगलपेट जिलों में राहत कार्य तेजी से चल रहा है।

# राम के अवतार में नजर आए चिंटू, बहुचर्चित फिल्म 'हिंदुस्तानी' का ट्रेलर रिलीज

भोजपुरी सुपरस्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की बहुचर्चित फिल्म "हिंदुस्तानी" का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज किया गया। प्रदीप पांडेय फिल्म के ट्रेलर में अलग ही अंदाज में नजर आए हैं। चिंटू इस फिल्म में राम का किरदार निभा रहे हैं, जो अधर्म और अन्याय के खिलाफ धर्म और न्याय को स्थापित करता है। इस फिल्म के निमार्ता विजय कुमार यादव हैं, जिन्होंने चिंटू को जन्मदिन पर बधाई देते हुए कहा कि इस शानदार फिल्म का ट्रेलर चिंटू और उनके फैंस के लिए बर्थडे गिफ्ट है। फिल्म की पूरी टीम की ओर से प्रदीप पांडेय को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। फिल्म की कहानी अलग-अलग हिस्सों में रोमांच पैदा करती है। फिल्म मानव तस्करी से लेकर दहेज हत्या जैसे संवदेनशील मुद्दों को एक अलग अंदाज में छूती नजर आई है। इन सबके बीच चिंटू का किरदार बेहद अहम और देखने लायक है। यह फिल्म का ट्रेलर है, पूरी फिल्म किस लेवल की होगी। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ट्रेलर रिलीज के साथ वायरल हो गया है और यह दर्शकों में फिल्म के प्रति गजब का आकर्षण पैदा कर रही है। इस फिल्म में चिंटू की स्टाइल भी धांसू है। फिल्म में उनके अपोजिट यामिनी सिंह हैं, तो निगेटिव शेड में देव सिंह



की भी मजबूत उपस्थिति नजर आई है। अपनी स्पेशल फिल्म "हिंदुस्तानी" को लेकर प्रदीप पांडेय ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए खास है और आज ही के दिन मेरी मच अवेटेड फिल्म का ट्रेलर आया है। साथ ही फैंस और चाहने वालों के खूब सारी शुभकामनाएं भी आ रही हैं। तो मैं सबसे पहले सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहूंगा कि आप मेरी इस फिल्म का ट्रेलर जरूर देखें और अपना आशीर्वाद दें। यह फिल्म मेरे लिए जितना महत्वपूर्ण है, मुझे लगता है कि उतना ही मनोरंजन दर्शकों को भी फिल्म देख कर मिलने वाला है। मैंने अपनी इस फिल्म को पूरी शिद्दत से बनाया है। उम्मीद अब अपने दर्शकों से है कि वे मेरी फिल्म को पहले से भी ज्यादा प्यार और आशीर्वाद दें और इसे सफल बनाएं।

# खूब धमाल देखने को मिल रहा बिग बॉस 17 में

छोटे परदे का शो बिग बॉस 17 में खूब धमाल देखने को मिल रहा है। जहां एक तरफ इस वीकेंड के वार को सलमान खान की जगह करण जौहर होस्ट कर रहे हैं। वहीं वीकेंड के वार एक मजेदार ट्विस्ट देखने को मिलेगा। दरअसल, फेमस यूट्यूबर सनी आर्या उर्फ तहलका से बेघर हो जाएंगे। जी हां, आपने ठीक सुना।

शो का एक प्रोमो सामने आया जिसमें अभिषेक और सनी आर्या में काफी बड़ा झगड़ा देखने को मिला था। इस झगड़े में तहलका ने अपना आपा खोते हुए अभिषेक के साथ हाथापाई करने की कोशिश की।

पहले उन्होंने अभिषेक की टी-शर्ट खींची और फिर उसे धक्का भी दिया था। सनी आर्या के इस बेहिवियर पर अब बिग बॉस ने बड़ा फैसला ले लिया है। बिग बॉस फेन पेज बिग बॉस तक के मुताबिक तहलका को उनके फिजिक्ल होने की वजह से शो से बाहर कर दिया गया है।

## अष्टयोग-6337

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 2 | | 6 | | 5 |
| | 33 | | 35 | | 28 | |
| 1 | | 5 | 4 | | | 2 |
| | 35 | | 35 | 7 | 32 | |
| 7 | | 6 | | 4 | | 1 |
| | 33 | | 31 | | 30 | 4 |
| 3 | | 4 | | 2 | 5 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6336 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 5 | 33 | 3 | 35 | 1 | 27 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 |
| 3 | 29 | 2 | 45 | 7 | 33 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 2 | 29 | 1 | 33 | 4 | 30 | 5 |
| 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7384

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| र | क | ल | ड्री | च | र | स | धी | सी | ल | अ |
| च | शो | ल | दे | क्रां | ति | ड | इं | ता | ट | नु |
| ला | स | ले | ल | र्म | छ | रा | रा | औ | अ | रो |
| मु | ज | ज | सु | चु | र | रा | प | र | ना | ध |
| रा | फ | दो | ग | ल्ता | प | ज | तू | गी | मि | र्नि |
| री | क | की | प | ह | न | के | ना | ता | का | ग |
| ही | अ | स | रा | या | प | अ | चु | ज | ला | ट्रे |
| रो | ता | दा | ई | ह | ब | भि | फ | प | श | न |
| ब | बा | छ | लि | या | मा | मा | ल | व | के | न |
| न | ला | म | लि | प | न | न | शा | स्त्री | ता | ने |
| ने | जी | व | अ | चा | न | क | शा | त | र | इ |

*शब्दजाल में 'असरानी' की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे व तिरछे हैं.*

अभिमान, अचानक, छलिया, चुपके-चुपके, चरस, फकीरा, शोले, अनुरोध, चला मुरारी हीरो बनने, अनामिका

**शब्दजाल - 7383 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ल | र | ही | दा | उ | प | का | र | झ | आ |
| ज | द | ल | र | आ | क | ह | ब्ब | तें | शा | रा |
| अं | इ | मी | रां | ल | दा | ल | न | र | ला | म |
| जं | कु | अ | झा | बे | ला | क | सी | रि | श | औ |
| जी | ति | श | ने | व | द | स | ब | ग | वी | र |
| र | रं | गं | गा | की | सौ | गं | ध | ती | प | श्या |
| जो | गा | ध | र्मा | गा | प | म | र | कौ | या | म |
| श | बा | जीं | स | त | क | छ | श | ग | श | थ |
| म | स | मि | न | व | न | ज | म | रा | जू | द |
| द | र | ल | म | ह | र | औ | के | स | बी | ना |
| थो | कु | र्बा | नी | र | हो | ग | या | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 6637

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6636 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# बच्चों को खिलाएं ये फूड्स, तेज चलेगा दिमाग



हर पेरेंट्स चाहते हैं कि बच्चा पढ़ाई में अच्छा हो, खेल-कूद में अव्वल हो। यह तभी हो पाएगा जब बच्चा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेगा। आगे बढ़ने के लिए बच्चे का दिमाग तेज होना जरूरी है। अगर दिमाग काम करेंगे तभी तो बच्चा अच्छे से अपनी पढ़ाई पर ध्यान दे पाएगा। दिमाग तेज करने के लिए ऐसे आहार खाने की जरूरत है, जो ब्रैन पॉवर को बढ़ाते है। यहां कुछ ऐसे ही फूड्स के बारे में बताएंगे, जिन्हें बच्चों को खाने के लिए देना जरूरी है।

**अंडाः** अंडे में विटामिन बहुत अधिक मात्रा में होता है और इसके सेवन से दिमाग के सेल्स का विकास होता है। ज्यादा सेल्स होने पर बच्चे का दिमाग भी तेज चलता है। इसके सेवन से उनकी मेमोरी भी बढ़ती है और शारीरिक रूप से फिट रहने में भी मदद मिलती है।

**दही :** बच्चों को नियमित रूप से दही का सेवन कराना चाहिए। दही से दिमाग के सेल्स लचीले होते हैं। इससे दिमाग को सिग्नल लेने और उस पर तुरंत प्रतिक्रिया करने की क्षमता को बढ़ाता है।

**मछलीः** मछली में बहुत अधिका मात्रा में विटामिन डी और ओमेगा 3 होता है। यह बच्चे की याद्दाश्त बढ़ाती है। इसमें बच्चे के दिमाग को विकसित करने के मिनरल्स पाएं जाते हैं।

**स्ट्रॉबरी और ब्लूबेरीः** दोनों ही बेरीज में एंटी ऑक्सीडेंट होता है जो कि दिमाग की कार्य करने की क्षमता को बढ़ाता है।

**ड्राई फ्रुट्सः** बच्चों को ड्राई फ्रूट्स खिलाने से दिमाग का विकास किया जा सकता है। बच्चों को दूध में भी इसे मिलाकर खिला सकते हैं। बच्चों के लिए रात को बादाम भिगोकर रखें और सुबह उन्हें छिलकर खिला दें।

**ओट्सः** दिमाग के लिए ईंधन का काम करता है ओट्स का सेवन। इसमें फाइबर भरपूर होते हैं। यह विटामिन ई, बी-विटामिंस, पोटेशियम और जिंक का अच्छा स्त्रोत है।

**दूधः** दूध में कैल्शियम की मात्रा बहुत अधिक होती है। यह बच्चों के शारीरिक विकास के लिए जरूरी है। दूध व दूध से बनी चीजों का सेवन करने से दिमागी रूप से बच्चों के विकास में मदद मिलती है।

# पेरेंटिंग टिप्स : बिल्कुल भी अनदेखा न करें इसे



बच्चे को अनुशासित करने के लिए परिवार के सभी सदस्यों का एकमत होना ज़रूरी है। अगर कोई व्यक्ति उसे किसी गलती के लिए डांट रहा हो तो उस समय दूसरे को उसका बचाव नहीं करना चाहिए। उसके अच्छे कार्यों की प्रशंसा ज़रूर करें पर हर काम के बदले उसे रिश्वत के रूप में चीज़ें देने का वादा कभी न करें। अगर घर में दो बच्चे हों तो उनके लिए अलग-अलग चीज़ें लाने के बजाय उन्हें एक ही खिलौना दें। इससे उनमें सहज ढंग से शेयरिंग की भावना विकसित होगी और उनका व्यवहार भी अनुशासित रहेगा। उनके साथ रोज़ाना प्यार भरी बातचीत का समय ज़रूर निकालें।

## बच्चों के लिए नुकसानदेह

आजकल ज्यादातर बच्चों के साथ ऐसी समस्या होती है क्योंकि महानगरों के एकल परिवार में रहने वाले कामकाजी माता-पिता के पास उनके लिए पर्याप्त समय नहीं होता। ऐसे में उन्हें खुश करने के लिए वे उनकी हर मांग तुरंत पूरी कर देते हैं। इससे बच्चे में ना सुनने की आदत विकसित नहीं हो पाती। वह पहले से ही यह मानकर चलता है कि पेरेंट्स उसकी हर बात मान लेंगे। ऐसे में जब कभी वे अपने बच्चे की कोई मांग पूरी नहीं करते तो रोते-चिल्लाते हुए वह अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करता है। इसके अलावा पेरेंट्स का ओवर कंपन्सेट्री बिहेवियर भी बच्चों के लिए बहुत नुकसानदेह होता है। आजकल ज्यादातर पेरेंट्स यही सोचते हैं कि बचपन में मैं जिन चीज़ों के लिए तरसता था, अपने बच्चों को उनकी कमी महसूस नहीं होने दूंगा। इसीलिए जैसे ही बच्चा किसी चीज़ की फरमाइश करता है तो माता-पिता पल भर में ही उसे पूरी कर देते हैं।

## दूसरों के सामने मनमानी

शुरुआत से ही पेरेंट्स का यह व्यवहार बच्चों को ज़िद्दी और अनुशासनहीन बना देता है। इसलिए जहां तक संभव हो बच्चों की हर मांग पूरी नहीं करनी चाहिए। मनोवैज्ञानिकों द्वारा किए कई अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि बदलते समय के साथ बच्चों के आईक्यू में तेज़ी से वृद्धि हो रही है। आज के बच्चे पहले की तुलना में ज्यादा बुद्धिमान हैं। इसीलिए वे बड़ों से अपनी बात मनवाने के तरीके भी बहुत जल्दी सीख जाते हैं। उन्हें यह मालूम होता है कि अगर मैं दूसरों के सामने रोना-चिल्लाना शुरू कर दूंगा तो इससे मेरे पेरेंट्स को शर्मिंदगी महसूस होगी और इससे बचने के लिए वे तुरंत मेरी बात मान लेंगे। इसलिए आपने भी नोटिस किया होगा कि कुछ बच्चे अकसर दूसरों के सामने मनमानी करते हैं। अगर छोटी उम्र से ही उन्हें अनुशासित किया जाए तो ऐसी परेशानी नहीं होती। जहां तक आपके बच्चे का सवाल है तो ज्यादा देर नहीं हुई है।

## व्यवहार में सकारात्मक बदलाव

इससे वे रिश्तों के प्रति उदासीन हो जाते हैं। परिवार में बच्चे की पढ़ाई, खेलने और टीवी देखने के समय और खानपान की आदतों को लेकर कुछ स्पष्ट नियम बनाएं। अपने बेटे को समझाएं कि उसे हर हाल में उनका पालन करना ही होगा। अगर वह ऐसा नहीं करता तो उसके लिए खेलने, टीवी देखने के समय या पॉकेटमनी में कटौती जैसी सज़ा भी निर्धारित करें। इन प्रयासों से कुछ ही महीनों के बाद आपको उसके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव ज़रूर नज़र आएगा।

## गैजेट्स के इस्तेमाल से दूर

आप अब भी सचेत हो जाएं। सबसे पहले उसके लिए परिवार में अनुशासन की निश्चित सीमा तय करें। उसे स्पष्ट रूप से समझा दें कि उसकी हर बात नहीं मानी जाएगी। अगर आप उसे किसी बात के लिए मना करती हैं तो उसकी वजह ज़रूर बताएं। किसी बात के लिए मना करने के बाद अगर वह रोने-चिल्लाने या ज़िद करने लगे तो परेशान होकर अपनी ना को हां में कभी न बदलें। इससे उसके मन में यह बात बैठ जाएगी कि मम्मी मुझे रोता हुआ नहीं देख पातीं। इससे हर बार अपनी ज़िद पूरी करवाने के लिए वह यही तरीका अपनाएगा। जहां तक संभव हो, उसे गैजेट्स के इस्तेमाल से दूर रखें। आईफोन और लैपटॉप का ज्यादा इस्तेमाल करने वाले बच्चों के मन में यह भावना घर कर जाती है कि गैजेट्स की तरह लोग भी पल भर में मेरी हर बात मान लेंगे।

# सर्दियों में पुरुष अपनी त्वचा से ऐसे हटाएं रूखापन



सर्दियों के मौसम में त्वचा में काफी रूखापन आ जाता है. ठंडी हवाएं चलने के कारण त्वचा की नमी चली जाती है. ऐसे में महिलाओं को ही नहीं बल्कि पुरुषों को भी अपनी त्वचा की देखभाल करनी चाहिए. पुरुषों को सर्दियों में त्वचा की नमी बरकरार रखने के लिए खास ध्यान देना चाहिए. त्वचा को सर्दियों में भी खुशनुमा रखने के लिए पुरुषों को ये उपाय अपनाने चाहिए.

1. अगर त्वचा ड्राइ है तो सर्दियों में इसे हाइड्रेट रखने की जरूरत होती है. त्वचा को हाइड्रेट रखने के लिए फेस मॉइश्चराइजर्सर का इस्तेमाल काफी फायदेमंद रहता है. इससे त्वचा में नमी बनी रहती है.

2. सर्दियों में पुरुषों को शेविंग करते समय सावधानी बरतनी चाहिए. सर्दियों में शेविंग के वक्त रेजर के इस्तेमाल से त्वचा और रूखी बन सकती है. इसके लिए सर्दियों में रेजर का इस्तेमाल ना करके ट्रिमर का इस्तेमाल करना चाहिए. इससे त्वचा के कटने का डर भी नहीं रहता है.

3. सर्दियों में हाथों के फटने की समस्या भी रहती है. सर्दियों में हाथों का भी खास ख्याल रखना चाहिए. इसके लिए अल्ट्रा मॉइश्चराइजिंग हैंड लोशन का इस्तेमाल करना फटे हाथों से राहत दिला सकता है.

4. सर्दियों में होंठ फटने की समस्या भी आम रहती है. इससे छुटकारा पाने के लिए होंठ पर लिप बाम का इस्तेमाल करना चाहिए. दिन में जब भी आपको लगे कि होंठ रूखे हो गए हैं तब आप लिप बाम का इस्तेमाल कर सकते हैं.

5. सर्दियों में सनस्क्रीन का इस्तेमाल त्वचा के लिए काफी फायदेमंद रहता है. इससे त्वचा में नमी बनी रहती है.

# सर्दियों में होने वाली छोटी-छोटी प्रॉब्लम को इन टिप्स से करें दूर

सर्दियों में रूसी, फटे होंठ, चेहरे-हाथों पर रूखापन और दाग-धब्बों की समस्या आम देखने को मिलती है। मौसम के बदलाव के साथ आप अपनी त्वचा की देखभाल में भी बदलाव कर देते है। इससे आपकी त्वचा और बालों को ज्यादा नुकसान होता है। आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स बताएंगे जिससे आप इस मौसम में भी खुद को खूबसूरत बनाए रख सकेत है। आइए जानते है सर्दियों में खास केयर के कुछ टिप्स।.



**फटे होंठ :** सर्दियों में बार-बार होंठ फटने वाली परेशानी से छुटकारा पाने के लिए इस पर रोजाना पैट्रोलियम जैली, लिप बाम और ऑलिव ऑयल से मसाज करें।

**चेहरे की देखभाल :** सर्दियों की हवा के कारण चेहरे पर रूखापन और दाग-धब्बे पड़ जाते है। ऐसे में इस मौसम में भी घर से बाहर निकलते समय मॉश्चराइजर लगाना ना भूले।

**हाथों पैरों में रूखापन :** मॉइश्चर और हाइड्रेशन की कमी के कारण सर्दियों में हाथ रूखे और एड़ियां फटने लग जाती है। ऐसे में रात को सोने से पहले नारियल तेल से हाथों-पैरों की मसाज करें।

**बालों में रूसी :** इस मौसम में गर्म पानी से सिर धोने पर रुसी जैसी परेशानी हो जाती है। गर्म की बजाए एंटी-डैंड्रफ शैंपू के साथ गुनगुने पानी से सिर धोएं। रूसी की समस्या दूर हो जाएगी।

**नाक लाल :** जुकाम के कारण नाक लाल होने पर त्वचा फटने लग जाती है। इससे छुटकारा पाने के लिए नाक पर गर्म तेल या मॉश्चराइजर से हल्की मसाज करें।

# इन खेलों से बढ़ेगी बच्चों की मेमोरी पावर



बच्चों की पढ़ाई को लेकर मां-बाप को अक्सर टेंशन रहती है कि वह क्या करें, जिससे बच्चों का दिमागी कसरत होती रहे। बच्चों को एक जगह पर लगातार बैठ कर पढ़ाई करना बिल्कुल भी पसंद नहीं होता, ऐसे में कुछ स्मार्ट तरीके अपना कर उन्हें खेल-खेल में पढ़ाया जा सकता है। जिससे उनकी दिमागी कसरत भी हो जाएगी और यादाश्त भी बढ़ने लगेगी।

**बच्चों को शब्दों से खेलें :** क्या-क्या देखाङ्कबच्चों को घूमने का बहुत शौंक होता है और वह उन जगहों को भी अच्छे से याद रखते हैं, जहां पर मस्ती करते हैं। घर आने पर बच्चों को पूछें की आपने वहां पर क्या-क्या देखा और कौन से रंग आपको पसंद आए। यादाश्त बढ़ाने का यह आसान और बेहतरीन तरीका है।

**खिलौनों से बढाएं मेमोरी** -बच्चों के सामने खिलौने रख दें और उन्हें दाई या बाई और रखने के लिए कहें। बच्चे को गेंद फिर दाई ओर रखी टोकरी में रखने के लिए कहें। अगले दिन फिर से गेंद को दाई और रखने के लिए कहें।

**बच्चों खिलौनों से बढाएं मेमोरीः** इसी तरह 2-3 बार करें और अगले दिन गेंद को बाई ओर रखने के लिए कह दीजिए। बच्चा दाई ओर ही जाएगा। इस तरह आप उसकी यादाश्त बढ़ा सकते हैं।

**घर के कामों से दें एजुकेशनः** बच्चो को घर के छोटे-छोटे काम करने को कहें। किचन में काम करते समय उन्हें चीजें पकड़ाने के लिए कहें। इससे सब्जियों और फलों के नाम बच्चों को याद रहेंगे।

**घर के कामों से दें एजुकेशन :** शब्दों से खेल एक पेपर पर अंग्रेजी के कुछ शब्द लिखें और बच्चों को इनमें से वॉवेल और छोटे-छोटे स्पैलिंग काटने के लिए कहें। इस तरह शब्दों के खेल से बच्चों का याद्दाशत बढ़ेगी।

# सर्दियों में सेहत का सस्ता खजाना, रहें महफूज



सर्दियों में भूख भी तेज लगती है और खाया हुआ पचता भी है। बढ़ती ठंडक के साथ सेहत भी महफूज रहे, इसके लिए अभी से खान-पान में बदलाव शुरू कर दें। सर्दियों के सस्ते व आसानी से उपलब्ध सुपरफूड्स की जानकारी दे रही हैं स्वाति गौड़..

## अदरक है गुणो का खान-

अदरक सिर्फ एक मसाला नहीं है। सेहत के लिए वरदान है। चाय में डाल कर पिएं, काढ़ा बनाएं या सब्जी में मसाले की तरह इस्तेमाल करें। इसमें भरपूर आयोडीन, कैल्शियम व विटामिन होते हैं। सूजन व दर्दकम करने के गुण होते हैं। यह शक्तिशाली एंटी वायरल भी है। कई आयुर्वेदिक दवाओं में इस्तेमाल किया जाता है। ' पेट की समस्याओं में लाभकारी होता है। गरिष्ठ भोजन खाने से होने वाला अपच दूर होता है और पाचन में सुधार होता है। अदरक के नियमित सेवन से कोलेस्ट्रॉल काबू में रहता है व रक्तसंचार ठीक रहता है। अदरक संक्रमण से बचाता है। अदरक में एंटी फंगल और कैंसर प्रतिरोधी गुण पाए जाते हैं। गठिया, सियाटिका, आर्थ्राइटिस गर्दन व रीढ़ की हड्डी के रोगों में इसका काढ़ा फायदा पहुंचाता है।

## गजब है गाजर-

गाजर में बीटा-कैरोटीन भरपूर होता है, जिसे शरीर विटामिन-ए में बदल लेता है। गाजर को सलाद के रूप में खाएं या इसकी सब्जी बना कर, यह फायदेमंद होता है। दाम में कम और पोषक तत्वों का भंडार होने की वजह से इसे सुपरफूड कहा जाता है। टमाटर और चुकन्दर मिला कर इसका जूस पीना त्वचा के साथ आंखों के लिए फायदेमंद रहता है। गाजर में मौजूद विटामिन-ए शरीर को संक्रमण से दूर रखता है। सांस से जुड़े रोगों में फायदा होता है। इसमें मौजूद एंटी एजिंग तत्व असमय बुढ़ापा आने से रोकते हैं। इसमें मौजूद विटामिन-सी और के, पोटैशियम व आयरन खांसी-जुकाम से लड़ने में मदद करते हैं। इनमें फाइबर अधिक होता है, जो पाचन सही रखता है

## हरी पत्तेदार सब्जियां

सर्दियां सरसों के साग के अलावा पालक, मेथी, बथुआ, सोया और पत्तागोभी के स्वाद लेने का मौसम है। इनमें कैलरी न के बराबर होती है और पोषक तत्व प्रचुरता में होते हैं। सेहत और स्वाद दोनों की दृष्टि से लाजवाब होती हैं पत्तेदार सब्जियां। पालक सीमित मात्र में ही खाना चाहिए। इसमें भरपूर आयरन होता है, पर ज्यादा आयरन सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकता है। जिन्हें खून की कमी है, उन्हें सप्ताह में दो बार पालक जरूर खाना चाहिए। पकाते समय पालक के डंठल भी इस्तेमाल करने चाहिए। ब्रोकली में बहुत से एंटीऑक्सीडेंट, फाइबर, कैल्शियम व मैग्नीशियम प्रचुरता में होते हैं। इसके सेवन से लो ब्लड प्रेशर में राहत मिलती है। सरसों और मेथी में भरपूर कैल्शियम होता है। सरसों में फोलेट और विटामिन ईभी पर्याप्त मात्र में होता है। यह हड्डियों को मजबूत बना कर गठिया और ऑस्टियोपोरोसिस से बचाता है। यह अस्थमा, दिल के रोगों व मीनोपॉज में भी फायदा पहुंचाता है।

## गुणकारी गुड़-

तासीर में गर्म गुड़ को सर्दियों की मिठाई भी कह सकते हैं। सेहत और त्वचा दोनों के लिए यह फायदेमंद है। यह खून भी साफ करता है। मेटाबॉलिज्म धीमा नहीं पड़ने देता। गुड़ में कैल्शियम, फॉस्फोरस, आयरन, मैग्नीशियम, पोटैशियम और कुछ मात्र में कॉपर भी पाया जाता है। चीनी की तुलना में इसमें पचास गुना ज्यादा खनिज पाए जाते हैं। मीठा होने के बावजूद यह वजन को नियंत्रित रखने में लाभकारी है। गुड़ शरीर से विषैले तत्व बाहर निकालने में मदद करता है। यह भूख के साथ-साथ खून भी बढ़ाता है। गुड़ खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती और स्मरण शक्ति तेज होती है। गर्म दूध के साथ इसका सेवन वजन को नियंत्रित रखने में बहुत मदद करता है।

## सेहत से भरपूर खजूर-

सर्दियों में नियमित खजूर का सेवन न केवल शरीर को अंदर से गर्म रखता है, बल्कि इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर को मजबूत भी बनाते हैं। खजूर सुपाच्य होता है और इसमें फाइबर भी प्रचुर मात्र में होता है। इसमें वसा ना के बराबर होती है, इसलिए वजन बढ़ने की भी चिंता नहीं रहती। रोजाना दो से तीन खजूर हमारी फाइबर की रोजाना की छह प्रतिशत जरूरत को पूरा कर देते हैं। यह रक्त में हीमोग्लोबिन का सही स्तर बनाए रखता है। खजूर में विटामिन (ए, बी, के) के अलावा पोटैशियम और मैग्नीशियम प्रचुरता में होते हैं। खजूर दिल को दुरुस्त रखता है, बल्कि प्रोस्टेट, ब्रेस्ट और पेनक्रियाज के कैंसर से भी बचाव में सहायक है।

## बलशाली बाजरा-

बाजरा बढ़ते बच्चों और बुजुर्गो के लिए फायदेमंद होता है। इसमें कैल्शियम प्रचुर मात्र में पाया जाता है। कुछ लोग इसे गरीबों का अनाज या मोटा अनाज भी कहते हैं। गांव-देहात में खाया जाने वाला बाजरा अपने कमाल के गुणों के कारण आज सुपरफूड के रूप में पहचाना जाने लगा है। इसमें कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन और फाइबर भारी मात्र में पाए जाते हैं। बाजरे की रोटी पचने में बहुत आसान होती है और इसमें ग्लूटन नहीं होता, इसलिए जिन लोगों को गेहूं के आटे से एलर्जी होती है, उनके लिए बाजरे की रोटी बहुत लाभकारी होती है। शुगर के मरीजों को भी बाजरा खाने की सलाह दी जाती है। किडनी में पथरी होने पर इसका सेवन नहीं करना चाहिए। बाजरे में प्रचुर मात्र में फाइबर होता है। यह कब्ज, गैस और अपच से छुटकारा दिलाता और पाचन तंत्र दुरुस्त रखता है। गेहूं और चावल की अपेक्षा बाजरे में कई गुना ज्यादा एनर्जी होती है और घी, धनिए व पुदीने की चटनी के साथ खाने से इसकी पौष्टिकता और स्वाद दोनों बढ़ जाते हैं।

## टनाटन रखें तिल

तिल में मोनो-सैचुरेटेड फैटी एसिड होता है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल कम करता है, इसलिए दिल से जुड़ी बीमारियों में तिल फायदेमंद होते हैं। इसमें ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो तनाव और डिप्रेशन को कम करने में सहायक होते हैं। इनमें बी-कॉम्प्लेक्स, काबरेहाइड्रेट और प्रोटीन भी पाया जाता है, जो शरीर को आवश्यक ऊर्जा देते हैं। तिल लाल, काले और सफेद रंग में मिलते हैं। तिल के नियमित सेवन से रक्त का प्रवाह सही रहता है। तासीर गर्म होने के कारण सर्दियों में तिल के तेल की मालिश फायदा करती है। इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल तत्व घाव को जल्द भरने में मदद करते हैं। एग्जिमा और सोराइसिस जैसे त्वचा रोगों में भी यह फायदा पहुंचाता है।

## हेल्दी रखे हल्दी

हल्दी को मसालों की रानी कहा जाता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल तत्व पाए जाते हैं। साथ ही प्रोटीन, फाइबर, विटामिन-सी, विटामिन-के, पोटैशियम, कैल्शियम,आयरन, मैग्नीशियम और जिंक का भंडार होता है। हालांकि इसे सूखे मसाले के रूप में इस्तेमाल करते हैं, लेकिन कुछ लोग कच्ची हल्दी की सब्जी बनाकर भी खाते हैं। हल्दी का नियमित सेवन गठिया के रोग में बहुत आराम पहुंचाता है, क्योंकि इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट भारी मात्र में पाए जाते हैं।

## रेसिपी



### गोभी के पकोड़े

**सामग्री**

पानी : जरूरत अनुसार, फूलगोभी( कटी हुई) : 300 ग्राम,मैदा : 150 ग्राम हल्दी : 1/2 छोटा चम्मच,नमक: 2 छोटे चम्मच चीनी: 3 छोटे चम्मच,कलौंजी: 1/2 छोटा चम्मच,खसखस: 1 छोटा चम्मच,हरी मिर्च : 2 छोटे चम्मच,तेल: 2 बड़े चम्मच,तेल : फ्राई करने के लिए

सेंधा नमक: गार्निशिंग के लिए

**विधि**

आंच पर एक बर्तन में पर्याप्त पानी डालकर उबाल लें। इसमें 300 ग्राम कटी हुई फूलगोभी डालकर ढक्कन के साथ कवर कर दें। फिर इसे 5-7 मिनट के लिए उबालें और निकालकर ठंडा करने के लिए रख दें। एक बाउल में 150 ग्राम मैदा, 1/2 छोटा चम्मच हल्दी, 2 छोटे चम्मच नमक, 3 छोटा चम्मच चीनी, 1/2 छोटा चम्मच कलौंजी, 1 छोटा चम्मच खसखस, 2 छोटे चम्मच हरी मिर्च, 2 बड़े चम्मच तेल और 400 मिलीलीटर पानी डालकर एक गाढ़ा मिश्रण तैयार कर लें। अब गोभी को मैदे के तैयार मिश्रण में डालकर अच्छी तरह से डिप करें। मध्यम आंच पर एक कढ़ाई में पर्याप्त तेल डालकर गर्म करें। इसमें गोभी को डालकर सुनहरा भूरा और खस्ता होने तक फ्राई करें। बाद में इसे अब्सॉर्बेंट पेपर पर निकाल लें। इसके बाद इस पर सेंधा नमक छिड़कें। आपके गोभी के पकोड़े तैयार हैं, इसे कैचअप के साथ गर्मा-गर्म परोसें।



### हरे प्याज का पराठा

**सामग्री**

मैदा: 280 ग्राम, नमक- 3/4 छोटा चम्मच

चीनी: 1 छोटा चम्मच, गर्म पानी: 80 मिलीलीटर

शीत पानी: 70 मिलीलीटर,तेल :फ्राई करने के लिए

हरा प्याज: स्वादानुसार,तेल: ब्रश करने के लिए

**विधि**

एक बाउल में 280 ग्राम मैदा, 3/4 छोटा चम्मच नमक, 1 छोटा चम्मच चीनी, 80 मिलीलीटर गर्म पानी डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। इसमें 70 मिलीलीटर ठंडा पानी डालकर नरम आटे की तरह गूंथ लें। इसे 20 मिनट के लिए रख दें। अब आटे को बराबर भागों में विभाजित करके उन्हें गेंद की तरह रोल करें। इस पर थोड़ा सा सूखा आटा लगाकर बेलन की सहायता से रोटी की तरह बेल लें। इस पर हरा प्याज छिड़कें और गोल-गोल रोल कर लें। फिर इसे दबाकर दोबारा बेलन की सहायता से परांठे की तरह बेलें। मध्यम आंच पर एक पैन रखें और उसमें ब्रश की सहायता से थोड़ा सा तेल लगाकर गर्म करें। इसके बाद इस पर परांठा रखकर 3 मिनट तक पकाएं। फिर इसे पलटकर दूसरी तरफ से पकाएं। अब परांठे के दोनों तरफ तेल लगाकर अच्छे से सेंक लें या जब तक यह सुनहरा भूरा नहीं हो जाता। आपका हरे प्याज का पराठा तैयार है, इसे हरे प्याज के साथ गार्निश करके सर्व करें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**